हिन्दी दैनिक

# एक संदेश

हर खबर पर नजर

झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

वर्ष :12 अंक : 297 12 मार्च, 2026 गुरुवार, रांची eksandesh.jharkhand@gmail.com http://eksandeshlive.com पृष्ठ 12 मूल्य : 3 रुपये

**आज का सुविचार**

किसी के सामने
पैसो का अभिमान ना
दिखाए कई
आये और निकल गये
इस दुनिया से ।



अधिकतम तापमान 32°c
न्यूनतम तापमान 19°c

## झारखंड विधानसभा बजट सत्र का 11वां दिन

# झारखंड में खुलेंगे आठ नए मेडिकल कॉलेज और बनेगा रिम्स 2: इरफान अंसारी

वरीय संवाददाता

**रांची:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन विभागीय बजट के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जवाब में कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार एक से बढकर एक कार्य कर रही है।

राज्य की सभी गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड अब मुफ्त कराया जाएगा। साथ ही वर्ष 2029 तक झारखंड को थैलेसिमिया मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी जिलों में जांच की व्यवस्था की जाएगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद और सदर अस्पताल रांची में कैथलैब की स्थापना की जाएगी। ताकि हार्ट के मरीजों को सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एएनएम और जीएनएम के 7500 पदों पर बहाली की जाएगी, जबकि स्वास्थ्य



सुविधाओं के संचालन के लिए 10,500 लोगों की नियुक्ति होगी। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा। सदर अस्पताल रांची में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधाएं शुरू होगी, नर्सिंग निदेशालय का भी गठन किया जाएगा। अंसारी ने पूर्व में राज्य में मेडिकल कॉलेज नहीं होने पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार ने महज एक साल में ही आठ मेडिकल कॉलेज खोला है। ब्रांबे में इसी वर्ष मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना होगी और रिम्स-टू भी इसी साल शुरू किया जाएगा। रिम्स-टू के पहले चरण में 1400 और दूसरे चरण में 2600 बेड की व्यवस्था होगी। इसके अलावा सभी मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मंत्री ने कहा कि राज्य में 25 हाइटेक ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएंगे और 3871 करोड़ रुपये की लागत से मेडिको सिटी का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 750 अबुआ स्टोर भी खोले जाएंगे। अब राज्य के पांच जिलों खूंटी, गुमला, लातेहार, चतरा और रांची में 10 बेडेड आईसीयू की स्थापना की जा रही है। मंत्री ने कहा कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद और सदर अस्पताल रांची में कैथलैब की स्थापना की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एएनएम और जीएनएम के 7500 पदों पर बहाली की जाएगी, जबकि स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन के लिए 10,500 लोगों की नियुक्ति होगी।

इसके अलावा प्रत्येक पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही 42 हजार सहियाओं को टैब उपलब्ध कराया जाएगा। लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम के साथ 237 हाइटेक एंबुलेंस खरीदारी होगी।

इसके साथ ही स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन में विपक्ष की लाई गई कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत करते हुए विभागीय बजट की मांगों को स्वीकृत किया। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 मार्च की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## भारत तेजी से मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हब बन रहा है: प्रधानमंत्री मोदी



**कोच्चि(हि.स.):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोच्चि में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पेट्रोलियम सेक्टर का विस्तार बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोच्चि रिफाइनरी में पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट की स्थापना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस यूनिट से हर वर्ष करीब चार लाख टन पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन होगा, जो पैकेजिंग, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, मेडिकल डिवाइस सहित अनेक उद्योगों को समर्थन देगा।

उन्होंने कहा कि भारत तेजी से मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हब बन रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए अधिक से अधिक ग्रीन और क्लीन एनर्जी पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सोलर पावर के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इसी दिशा में केरल में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए वेस्ट कल्लाडा में 50 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में जलाशय होने के कारण फ्लोटिंग सोलर पावर के क्षेत्र में काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे पर हो रहे निवेश के लिए आज पूरी दुनिया भारत की सराहना कर रही है। इस वर्ष केंद्र सरकार के बजट में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिकॉर्ड राशि का प्रावधान किया गया है, जिसका लाभ केरल को भी मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शोरनूर जंक्शन, कुट्टिपुरम और चंगनासेरी रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है। इसके साथ ही शोरनूर-नीलांबुर रेल लाइन के एक बड़े हिस्से का विद्युतीकरण भी पूरा किया गया है। इसके अलावा पालक्कड़-पोल्लाची ट्रेन सेवा की भी शुरूआत की गई है, जिससे केरल और तमिलनाडु के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की भी शुरूआत हुई है। छह लेन सड़क बनने से अझिक्कल पोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जबकि कोझिकोड बाईपास के छह लेन होने से शहर में जाम की समस्या कम होगी और यात्रा समय भी घटेगा।

### पीएम की कोलकाता में 14 मार्च को रैली

**कोलकाता(हि.स.):** पश्चिम बंगाल भाजपा ने दावा किया है कि आगामी 14 मार्च को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में रिकॉर्ड संख्या में लोगों की भागीदारी होगी। पार्टी ने कहा कि इस रैली की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। यह रैली राज्य में चल रही भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन का भी प्रतीक होगी, जो इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू बनर्जी, जो रैली की तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं, ने बुधवार को बताया कि संगठनात्मक तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं और राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भीड़ ऐसी होगी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नींद उड़ जाएगी। हालांकि, उन्होंने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यह बताने से इनकार कर दिया कि रैली के लिए कितने मंच बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत इस प्रकार की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, लेकिन तैयारियां सुचारू रूप से चल रही हैं।

## केन्द्र सरकार ने दिया टेलीग्राम को नोटिस

### अवैध कंटेंट वाले चैनल 3 घंटे में हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली(हि.स.):** केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी कर उन चैनलों को हटाने का निर्देश दिया है, जिन पर बिना अनुमति के फिल्मों, वेब सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म का कंटेंट साझा किया जा रहा है। बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी नोटिस में कहा है कि ऐसे चैनलों पर कॉपीराइट वाले कंटेंट को अवैध रूप से अपलोड और वितरित किया जा रहा है, जो कॉपीराइट एक्ट 1957 का उल्लंघन है। मंत्रालय के अनुसार यह कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79(3)() और आईटी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एवं डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम 2021 के तहत की गई है। इन नियमों के मुताबिक यदि किसी सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म को सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा किसी अवैध सामग्री की जानकारी दी जाती है, तो उस प्लेटफॉर्म को तुरंत उस सामग्री को हटाना या उस तक पहुंच बंद करना अनिवार्य होता है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने का विपक्ष का प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली(हि.स.):** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का उन्हें पद से हटाए जाने का प्रस्ताव बुधवार को ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष के हंगामे के बीच प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ। प्रस्ताव कांग्रेस के सदस्य मोहम्मद जावेद ने पेश किया था। इस दौरान अध्यक्षीय चेयर पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल मौजूद थे। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव खारिज होने के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। गृहमंत्री अमित शाह के



वक्तव्य के दौरान ही विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। इसी बीच प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ और ध्वनि मत से प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रस्ताव अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया था लेकिन कई सदस्यों ने अपने वक्तव्य में उनसे हटकर सरकार की आलोचना की है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के प्रस्ताव की निंदा की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में रहने पर कभी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाई। उन्होंने कहा कि भले हम अध्यक्ष के मत से असहमत हों लेकिन हमारे लिए वे बाध्यकारी हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब चार दशक बाद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

## झारखंड में गिरा तापमान 17 तक बारिश की संभावना

**रांची:** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मंगलवार को हुई बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 02 से 04 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। राज्य भर में 17 मार्च तक विभिन्न जिलों में गर्जन, वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी है। विभाग के अनुसार 12 मार्च को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। 13 और 14 मार्च को मौसम साफ रहेगा, जबकि 15 मार्च को राज्य की उत्तर पश्चिमी भाग को छोड़कर शेष जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात हो सकती है। वही 16 मार्च को राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा 17 मार्च को राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष भागों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है।पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटेनगंज में 34.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। साथ ही मध्यम दर्जे की हवा भी चली। वहीं, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम 32 डिग्री और न्यूनतम 23.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.4 और न्यूनतम 22 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 डिग्री और न्यूनतम 21.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## 10 माओवादी कैडरों ने ओडिशा के कंधमाल में किया आत्मसमर्पण, 1.15 करोड़ का इनाम

**भुवनेश्वर(हि.स.):** प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन को बड़ा झटका देते हुए 10 भूमिगत कैडरों ने ओडिशा के कंधमाल जिला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। ये सभी छत्तीसगढ़ के निवासी हैं और इन्होंने 10 बंदूकें सहित अन्य गोला-बारूद भी जमा कराए हैं। इन माओवादी कैडरों पर कुल मिलाकर 1.15 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने फुलबनी स्थित रिजर्व पुलिस ग्राउंड में ओडिशा पुलिस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में आत्मसमर्पण किया।

मीडिया से बातचीत करते हुए एडीजी (एंटी-नक्सल ऑपरेशंस) संजीव पंडा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले अन्य सीपीआई (माओवादी) कैडरों की पहचान इस प्रकार हुई है- राज्य समिति सदस्य सानू पोट्टम उर्फ नीतू (केकेबीएन डिवीजन), उसी डिवीजन की डिविजनल कमेटी सदस्य सांतेई सलाम उर्फ अनुपा,



एरिया कमेटी सदस्य लक्ष्मी मडवी उर्फ संगीता, एरिया कमेटी सदस्य सुनील तेलम, पार्टी सदस्य मंजुला पुनेम उर्फ शिल्पा, पार्टी सदस्य रामबती ओयाम उर्फ जमुना, पार्टी सदस्य गणेश कुंजाम, पार्टी सदस्य सुशीला डुडी, पार्टी सदस्य सरिता कुहुदम और पार्टी सदस्य चोड़ी योगी उर्फ रजनी। संजीव पंडा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों ने औपचारिक रूप से हिंसा का त्याग किया, उग्रवादी गतिविधियों से सभी संबंध समाप्त करने की घोषणा की और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास जताते हुए समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि नबरंगपुर, बलांगीर, कोरापुट, मलकानगिरी, नुआपड़ा और बौध जिले अब नक्सल-मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कंधमाल, कालाहांडी और रायगढ़ा जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों को भी नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी 13 मार्च को जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 22वीं किस्त

**नई दिल्ली(हि.स.):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 मार्च को गुवाहाटी (असम) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में सीधे 18,640 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि पीएम किसान योजना के तहत 22वीं किस्त के साथ कुल हस्तांतरित राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार छोटे और सीमांत किसानों को सीधे आय समर्थन देकर कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक और स्थायी परिवर्तन की नींव रखी है। पीएम-किसान योजना के तहत हर पात्र किसान परिवार को साल में 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है और यह राशि पूरी तरह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे पहुंचती है। शिवराज सिंह ने स्पष्ट किया कि पीएम-किसान पूरी तरह प्रौद्योगिकी आधारित और पारदर्शी योजना है जो भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से संचालित होती है और इसमें किसी प्रकार के बिचौलियों की कोई गुंजाइश नहीं है।

## एलपीजी संकट से राहत: घबड़ाहट में बुकिंग ना करें, दो दिन में घर पहुंचेगा सिलेंडर

एजेंसी

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर बढ़ते जोखिम का असर गहरा होता जा रहा है। सरकार की तरफ से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि भारत में रसोई गैस समेत किसी भी पेट्रोलियम उत्पादों की कमी नहीं होने जा रही, लेकिन देश के कई हिस्सों में एलपीजी एजेंसियों के सामने ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है।

देश कई प्रमुख शहरों के होटलों-रेस्तरां और गैस की खपत करने वाले उद्योगों की तरफ से गैस की किल्लत की बातें कही गई हैं। केंद्र सरकार की तरफ से वैश्विक आपूर्ति को सुचारू रखने की कोशिश जारी है और साथ ही घरेलू स्तर पर एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि देश की कुछ रिफाइनरियां अपनी क्षमता से ज्यादा उत्पादन कर रही हैं और एलपीजी उत्पादन तो पिछले कुछ दिनों में 25 प्रतिशत तक बढ़ गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया के जरिए आम जनता से आग्रह किया



है कि वो घबड़ाहट में बुकिंग ना करें और ना ही जरूरत से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर घर में जमा करने की कोशिश करें। एक सिलेंडर लेने के बाद दूसरा सिलेंडर 25 दिनों के अंतराल पर बुकिंग कराया जा रहा है और बुकिंग के दो से तीन दिनों के बीच सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। होर्मुज जल मार्ग के प्रभावित होने से एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है लेकिन दूसरे विकल्पों से इसकी भरपाई की जा रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत में 14.9 करोड़ मैट्रिक टन गैस की खपत रोजाना होती है, जिसमें 4.8 करोड़ टन होर्मुज जल मार्ग से आता है और घरेलू स्तर पर 9.75 करोड़ टन उत्पादन होता है।

# भविष्य सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली(हि.स.):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने बुधवार को यहां आयोजित जल महोत्सव 2026 में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से भी जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक गांवों में लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पीने का पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केवल सुविधा का विषय नहीं था बल्कि समय, स्वास्थ्य और सम्मान से भी जुड़ा था। इन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरूआत की, जिसके माध्यम से अब ग्रामीणों को अपने घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी संसाधन की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ पूरा समाज मिलकर उठाता है, तब उसका संरक्षण अधिक प्रभावी और स्थायी होता है। जल प्रबंधन और संरक्षण में सामुदायिक स्वामित्व की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जल अर्पण दिवस के



तहत जल आपूर्ति ढांचे को ग्राम पंचायतों को सौंपने से सामुदायिक स्वामित्व की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह जल परीक्षण, संचालन और रखरखाव जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इन समूहों की प्रतिबद्धता और समर्पण से महिलाओं और समाज के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की क्षमता का उपयोग जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बहुआयामी और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के साथ समन्वय कर ग्रे-वॉटर प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही जल संरक्षण के लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड तथा अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कैच द रेन और जल संचय जन भागीदारी जैसे अभियान वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रकार के समन्वित प्रयास देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि युवा पीढ़ी में जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता भविष्य में देश की जल सुरक्षा को मजबूत करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ह्यजल महोत्सवह्ण भारत की जल सुरक्षा के लिए जनआंदोलन का माध्यम बनेगा।

उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 8 मार्च से 22 मार्च तक ह्यजल महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पेयजल सेवाओं में जनभागीदारी और सामुदायिक स्वामित्व को मजबूत करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### टिकरा पथ पर जला मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



**जलडेगा:** थाना क्षेत्र के मामाभगिना से लगभग आधा किलोमीटर दूर टिकरा पथ पर एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात लोगों द्वारा एक युवक की हत्या कर उसके शव को जलाने की आशंका जताई जा रही है। घटना बीती रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने रास्ते के किनारे जले हुए शव को देखा, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से युवक का हेडफोन, चश्मा, माचिस, चप्पल और बोतल का ढक्कन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। वहीं आसपास पड़े पत्थरों पर खून के धब्बे भी पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि पहले युवक की बेरहमी से हत्या की गई और बाद में सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया गया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से मिले सामान के आधार पर पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और सनसनी का माहौल है।

### अवैध खनिज परिवहन पर खनन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, बालू लदा डंपर जब्त



**सिमडेगा:** जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ खनन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है।इसी क्रम में बुधवार को ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बालू से लदे एक डंपर को जब्त किया। मिली जानकारी के अनुसार, खनन विभाग को ओड़िशा से सिमडेगा की ओर मुख्य मार्ग से डंपर के माध्यम से अवैध रूप से बालू परिवहन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।सूचना के आधार पर खनन निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के केरया के समीप वाहन की जांच की। जांच के दौरान डंपर में बालू लदा पाया गया और आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन को जब्त कर लिया गया।इसके बाद जब्त डंपर को आगे की कार्रवाई के लिए ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनिज परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### रमजान हमें संयम, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है: केशव महतो कमलेश



**रांची:** रमजान के पवित्र माह के मौके बुधवार को प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में दावत-ए इफ्तार का आयोजन कर झारखंड की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। यह आयोजन झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी के नेतृत्व में किया गया। दावत-ए इफ्तार में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, डॉ इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकात सहाय, जेएमएम से मंत्री हफीजुल हसन सहित गठबंधन के कई प्रमुख नेता उपस्थित हुए। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने क्षेत्र में अमन-चौन, खुशहाली और आपसी सौहार्द्र की दुआ की।वहीं इफ्तार पार्टी में रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने सभी अतिथियों, रोजेदार भाईयों का टॉपी एवं गमछा देकर स्वागत किया। इफ्तार से पहले मौलवी के द्वारा दुआ पढ़ी गई और झारखंड प्रदेश में अमन चौन शांति के लिए दुआ मांगी गई।झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने कहा कि आज कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब का नजारा दिखा। समाज के सभी वर्ग आपस में मिलकर पर्व त्यौहार मनाना पसंद करते हैं। रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना होता है। इस पवित्र महीने में रोजा रखकर इबादत करने के साथ-साथ गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना इस्लाम की अहम शिक्षा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना मजबूत होती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि रमजान हमें संयम, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है। रोजा रखने से इंसान के अंदर आत्मिक शुद्धि आती है और सेहत को भी लाभ मिलता है।

### आईडीबीआई बैंक ने ट्रिपल आइटी रांची को सौंपा सुसज्जित एम्बुलेंस




**रांची:** जब अचानक कोई मेडिकल इमरजेंसी हो, तो हर मिनट कीमती होता है। ऐसे में सबसे पहले जरूरत होती है एक एम्बुलेंस की, जो तुरंत मरीज को अस्पताल तक पहुंचा दे। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए आइडीबीआइ बैंक ने ट्रिपल आइटी रांची के स्वास्थ्य केंद्र को एक पूरी तरह से सुसज्जित एम्बुलेंस सौंपा। यह एम्बुलेंस अब संस्थान में मौजूद हर छात्र, शिक्षक और कर्मचारी की सुरक्षा की नई गारंटी बन गई है। बुधवार 11 मार्च को दोपहर खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में जैसे ही एम्बुलेंस का रिबन काटा गया, वहां मौजूद सभी लोगों की आंखों में उम्मीद की झिलमिलाहट देखी जा सकती थी। निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने इसे केवल वाहन नहीं बल्कि एक जीवन रक्षक साथी बताया। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी छात्र या कर्मचारी को आकस्मिक स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़े, यह एम्बुलेंस त्वरित मदद पहुंचाने के लिए हमेशा तैयार रहेगी। छात्र सीमा सिन्हा बताती हैं, कभी-कभी देर रात या प्रोजेक्ट में व्यस्त समय में मेडिकल इमरजेंसी आ सकती है।

# देश में गहराया ऊर्जा संकट, सरकार लोगों को कर रही गुमराह: सुप्रियो भट्टाचार्य

एक संदेश संवाददाता




**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि देश में ऊर्जा संकट की स्थिति बन रही है और सरकार वास्तविक हालात को छिपाकर लोगों को गुमराह कर रही है.

रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पेट्रोलियम मंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्री संसद के माध्यम से देश को गलत जानकारी दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार यह दावा करती है कि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, वहीं दूसरी ओर घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए जा रहे हैं.

उन्होंने कहा कि घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के बीच अब 25 दिनों का अंतर रखा गया है. उन्होंने चिंता जताई कि यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब रमजान का महीना चल रहा है और कई जगहों पर शादी और त्योहारों का सीजन भी है.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने इस संकट के लिए केंद्र सरकार की विदेश नीति को भी जिम्मेदार ठहराया. उन्होंने कहा कि भारत ने अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ संबंध कमजोर कर लिए हैं. उनके अनुसार पहले जिन देशों से भारत को सस्ता तेल मिलता था, आज उनसे संबंध पहले जैसे नहीं रह गए हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति और भी कठिन हो सकती है.

उन्होंने कहा कि इस संकट का असर आम लोगों के जीवन पर भी दिखाई दे रहा है. कई शहरों में होटल और रेस्टोरेंट गैस की कमी के कारण प्रभावित हो रहे हैं. रांची में भी बाहर से पढ़ाई करने आए छात्रों के लिए चलने वाली कई मेस और टिफिन सेवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### रिम्स टू की जमीन को लेकर फिर गहराने लगा विवाद, एकजुट हुआ आदिवासी समाज

**रांची:** कांके स्थित नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स टू की जमीन को लेकर फिर आदिवासी समाज एकजुट होने लगे हैं. इसको लेकर प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गई. इस दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री गीतांश्री उरांव ने मीडिया को संबोधित किए और कहा कि 12 मार्च को रिम्स टू की जमीन की जमीन बचाने के लिए राज्यभर के आदिवासी समाज एकजुट होकर विधानसभा मार्च करेगी. यह मार्च नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित होगी. इस दौरान प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के रिम्स समेत आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है. रिम्स टू कृषि योग्य भूमि है. यह जमीन अधिग्रहण की जाती है तो वहां के रैयत बेघर हो जाएंगे. पूर्व शिक्षा मंत्री गीतांश्री उरांव ने कहा कि जमीन अधिग्रहण में भूमि अधिकरण कानून 2013 में स्पष्ट कहा गया है कि 70% सामाजिक सहमति आवश्यक है. पेसा कानून और सीएनटी एक्ट की धाराओं में विभिन्न धाराओं में सहमति लेना आवश्यक है, जिसे सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण करना गैरकानूनी है।

### अदाणी पावर प्लांट के रेल कॉरिडोर व सड़क परियोजना के लिए एसआईए जनसुनवाई का आयोजन

एक संदेश संवाददाता




**पीरपैंती (भागलपुर):** पीरपैंती प्रखंड परिसर में पावर प्लांट की प्रस्तावित रेल कॉरिडोर व सड़क परियोजना के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) से संबंधित जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं एसआईए टीम ने रैयतों के साथ संवाद कर उन्हें भूमि अधिग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विक्रम भास्कर झा, बीडीओ अभिमन्यु कुमार, बीएसपीजीसीएल के अधिकारी शशिकांत कुमार, दीपक कुमार तथा एसआईए रिसर्च संस्थान के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मसखूर हुसैन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रैयतों को भूमि अधिग्रहण से संबंधित नियम, मुआवजा प्रक्रिया और परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जनसुनवाई के दौरान कई रैयतों ने भी अपने सवाल और सुझाव समिति के समक्ष रखे। समिति के सदस्यों ने यथासंभव उनके प्रश्नों का जवाब देते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। बताया गया कि पावर प्लांट के लिए प्रस्तावित सड़क और रेल कॉरिडोर निर्माण हेतु लगभग 146 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें कुल 169 रैयतों की भूमि प्रभावित होगी। यह भूमि हरिणकोल, बंधु जयराम, बसंतपुर तथा नगर पंचायत पीरपैंती क्षेत्र में स्थित है।

जनसुनवाई में हरिणकोल के रैयतों में वीरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, बसंतपुर के अजय सिंह, कुंजवन्ना के जयंत सिंह, बलवंत सिंह, पंकज सिंह, सोनी सिंह, बमबम सिंह, रत्नेश सिंह, हीरानंद के कांतेश कुंवर, बृजकिशोर कुंवर, शिवनारायण कुंवर तथा इंदु देवी, बंधुजयराम पंचायत के प्रभु यादव, शिवशंकर यादव, अंकुर कुमार, ब्रजकिशोर, फुलकुमारी देवी, नगर पंचायत के निर्मल शाह, विजय कुमार साह, मो. शरीफ अंसारी, मो. महताब आलम अन्य रैयत उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**रांची:** मारवाड़ी कॉलेज रांची के महिला प्रभाग में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर इनचार्ज डॉ. रंजू लाल ने की, जबकि इसका आयोजन एनजीओ परिवर्तन के सहयोग से किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. रंजू लाल द्वारा अतिथियों का पौधा देकर स्वागत करने के साथ हुई. उन्होंने सभी शिक्षिकाओं और छात्राओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं के विकास और उनके अधिकारों के लिए सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करना चाहिए. इस अवसर पर डॉ. आकांक्षा चौधरी ने छात्राओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण कर सकती है. उन्होंने छात्राओं को अपने आहार में साग, चना और दाल शामिल करने, नियमित व्यायाम करने तथा आवश्यकता पड़ने पर डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी।

### डोमेस्टिक हवाई यात्रा हुई महंगी

### रांची से दिल्ली, मुंबई व बेंगलुरु के किराए में 25-35% तक बढ़ोतरी

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** घरेलू हवाई यात्रा अब यात्रियों की जेब पर भारी पड़ने लगी है। रांची से देश के प्रमुख शहरों के लिए उड़ानों के किराए में हाल के दिनों में 25 से 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एयरलाइंस कंपनियों द्वारा ईंधन शुल्क बढ़ाए जाने और एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में वृद्धि के कारण टिकट दरों में यह उछाल देखा जा रहा है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी 12 मार्च से हर घरेलू उड़ान की टिकटों पर 399 रुपये का अतिरिक्त ईंधन शुल्क जोड़ने का फैसला किया है। इसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ रहा है और टिकट की कीमतें पहले की तुलना में अधिक हो गई हैं। ट्रैवल एजेंसियों के अनुसार रांची से प्रमुख शहरों के लिए टिकट दरों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, लेकिन इस बार सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्तमान में रांची से दिल्ली के लिए फ्लाइट किराया लगभग 12 हजार से 15 हजार रुपये तक पहुंच गया है। इसी तरह रांची से हैदराबाद के लिए टिकट लगभग 10 हजार से 13 हजार रुपये के बीच मिल रहा है। रांची से बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों को करीब 15 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि कोलकाता के लिए फ्लाइट किराया लगभग 8 हजार से 10 हजार रुपये के बीच है। वहीं मुंबई के लिए टिकट का दाम 14 हजार से 16 हजार रुपये तक पहुंच गया है। ट्रैवल एजेंसियों के मुताबिक सामान्य दिनों की तुलना में इन रूटों पर 25 से 35 प्रतिशत तक किराए में बढ़ोतरी देखी गई है।

### जलडेगा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया महिलाओं को सशक्त बनने का दिया संदेश



एक संदेश संवाददाता

**जलडेगा:** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल परिसर में संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान पर चर्चा की गई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रोजालिया कंडुलना उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। जरूरत है कि समाज उन्हें आगे बढ़ने का पूरा अवसर दे और महिलाएं भी शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

कार्यक्रम में प्रमुख जुसाफ लुगुन, प्रमिला देवी, अख्तरी खातून, तबियत खातून, जयंती देवी तथा मालावती देवी भी उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे तथा महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन सुमन बारला के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी में सामाजिक सहायता कार्यक्रम का किया आयोजन

एक संदेश संवाददाता



**रांची:** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, 'एंपावर हर' पहल के अंतर्गत बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत स्थानीय मिशनरीज ऑफ चैरिटी में निस्सहाय व दिव्यांग महिलाओं की सुविधा के लिए वाटर प्यूरीफायर व कुर्सियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार, उप-क्षेत्र प्रमुख नीरज कुमार कंधवे तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रमुख ने कहा कि यूनियन बैंक केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सदैव तत्पर है। 'एंपावर हर' पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और जरूरतमंदों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। चैरिटी के प्रबंधन ने यूनियन बैंक के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर प्यूरीफायर और बैठने के लिए कुर्सियों की उपलब्धता से दिव्यांग महिलाओं के दैनिक जीवन में काफी सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान बैंक के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने चैरिटी के लाभार्थियों के साथ समय बिताया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नगर निगम ने अवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण अभियान में लाया तेजी

**रांची:** रांची नगर निगम की ओर से एनजीओ डब्ल्यूवीएस होप एंड एनिमल संस्था के सहयोग से शहर में अवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण अभियान को तेजी से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवारा कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करना तथा रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी की रोकथाम सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में 1 जनवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक अभियान के अंतर्गत कुल 439 अवारा कुत्तों को पकड़ा गया, जिनमें से 306 कुत्तों की नसबंदी की गई तथा 685 कुत्तों का टीकाकरण किया गया। रांची नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा द्वारा उपलब्ध कराए गए रोस्टर के अनुसार शहर के सभी 53 वार्डों में अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सरकारी अस्पतालों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों व संस्थानों में विशेष अभियान भी नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। रांची नगर निगम द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि अवारा कुत्तों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और शहरवासियों को सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। रांची नगर निगम सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने क्षेत्र में अवारा कुत्तों से संबंधित सूचना या शिकायत के लिए निगम के टोल फ्री नंबर 1800-570-1235 पर संपर्क करें।

### रनिया प्रखंड के कोटांगेर गांव में पहली बार मना महिला दिवस

## मुखिया बोली जब महिलाएं पढ़ेगी तभी परिवार और समाज आगे बढ़ेगा

एक संदेश संवाददाता



**रांची:** रनिया प्रखंड के कोटांगेर गांव में विश्व महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के मुखिया, वार्ड सदस्य, एसएचजी के महिला सदस्य उपस्थित थी। मुखिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे गांव में पहली बार महिला दिवस का आयोजन किया गया है। इसके लिए मैं संस्था के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने आगे महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में काम नहीं है सरकार भी 50% महिलाओं को आरक्षण दिया है पंचायत में महिलाएं आगे आए और अपने अधिकार को समझे और सरकार की योजनाओं से जुड़े ताकि महिलाओं का सर्वांगीण विकास हो सके आज सरकार भी महिलाओं को बहुत से सरकारी योजनाएं दिया है। जैसे मईया सम्मान योजना सावित्रीबाई फुले योजना मातृत्व योजना यह सब महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जो सरकार हम महिलाओं को प्रदान किया है आज महिला दिवस है और महिलाओं को खुलकर अपनी बातें रखने का मौका है मैं एक महिला थी लेकिन आज मैं पंचायत की मुखिया हूं । हमारे देश के राष्ट्रपति भी एक महिला है जो हमारी ही समुदाय से आती है इसलिए महिलाओं को शिक्षित होना चाहिए और अपनी बच्चियों को भी शिक्षित करना चाहिए जब महिलाएं पड़ेगी तभी परिवार और समाज आगे बढ़ेगा। संस्था के सचिव राजेन कुमार ने संबोधित किया कि महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है लेकिन हम लोग 10 मार्च को आपके गांव में मना रहे हैं , इस वर्ष महिला दिवस का 115 वर्ष पूर्ण हुआ है। यह सभी महिलाओं के लिए गर्व की बात है उन्होंने महिला दिवस की कैसे शुरूआत हुई उसकी पूरी जानकारी दिए।

संस्था के जीवन सुरीन ने भी महिलाओं को संबोधित किया और अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले की जीवनी के बारे में उन्होंने चर्चा किया और उनकी कैसे उन्होंने शिक्षा का अलग जगाया था उसकी जानकारी उपस्थित महिलाओं को दिए। उपस्थित महिलाओं ने संस्कृत कार्यक्रम भी किया और अपने प्रतिभा को सबके सामने रखा। प्रेम प्रकाश सिंह ने महिलो को कानूनी जानकारी और जागरूक किया । अंत में शपथ ग्रहण करा कर कार्यक्रम को समाप्त किया।

### बीएयू: वैज्ञानिक बकरी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



एक संदेश संवाददाता

**रांची:** बकरी पालन की वैज्ञानिक तकनीक विषय पर रांची पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में आयोजित तीनदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ।

यह कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्था प्रदान, मंझौल, बेगूसराय द्वारा प्रायोजित था जिसमें बिहार की 24 पशु सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण पूरा होने पर डॉ आलोक कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षण पदाधिकारी एवं विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बिहार से आये प्रशिक्षणार्थियों को तीन दिनों तक बकरी की उन्नत नस्ल, देखभाल, स्वास्थ्य संवर्धन, पोषण प्रबंधन, रोगों से बचाव एवं उनका निदान, डिपिंग, टीकाकरण आदि विविध पहलुओं की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं ने अपने अनुभव भी शेयर किये।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल रैपिड एवं ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ




**रांची:** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए 450 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी से यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता शतरंज प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इनमें झारखंड के लगभग 150 प्रतिभागी भी शामिल हैं। कुल 6 लाख रुपये की इनामी राशि वाली इस चैंपियनशिप के पहले दिन बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची की निर्वाचित मेयर रोशनी खलखो ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल युवाओं में एकाग्रता, रणनीतिक सोच और धैर्य विकसित करते हैं। उन्होंने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन झारखंड में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन तथा सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की। टूनार्मेंट के पहले दिन के खेल की जानकारी देते हुए रांची शतरंज संघ के महासचिव नवजोत अलंग ने बताया कि चार राउंड के मुकाबलों के बाद तमिलनाडु के के. मुरली, पश्चिम बंगाल के मित्राभा गुहा, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के दीपतायन घोष, आंध्र प्रदेश के डी. बालाचंद्र प्रसाद, एलआईसी के श्रीराम झा, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के आरण्यक घोष, पश्चिम बंगाल के संकेत चक्रवर्ती तथा तमिलनाडु के अर्जुन कल्याण चार-चार अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे। इस अवसर पर झारखंड शतरंज संघ के सचिव मनीष कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष ऋचा संचिता, उपाध्यक्ष राजीव चटर्जी, कुणाल अजमानी, मिथिलेश पांडे, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, को-कन्वेनर आशीष साहू, मृदुल कुमार, ललित बथवाल, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, सुनील कालरा, डॉ. गगनदीप चड्ढा, डॉ विद्या झा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न




**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रांची स्थित मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने की। बैठक में महाप्रबंधक अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, महाप्रबंधकगण, राजभाषा नोडल अधिकारी तथा सीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में महाप्रबंधक (राजभाषा) अशोक कुमार ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा उप-प्रबंधक राजभाषा दिविक दिवेश ने संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। तिमाही प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की स्थिति की समीक्षा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रभावी क्रियान्वयन संगठन की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ हितधारकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पत्राचार, टिप्पणियों एवं ई-ऑफिस कार्यों में हिंदी के अधिकतम प्रयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑफिस में उपलब्ध अनुवाद सुविधा का प्रभावी उपयोग कर टिप्पणियाँ हिंदी में आसानी से की जा सकती हैं। बैठक के दौरान विगत तिमाही में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, नवाचार एवं अनुकरणीय प्रयासों के लिए आईईडी विभाग, मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंध, बरका-सयाल क्षेत्र, कल्याण विभाग, सामान्य प्रशासन, नगर प्रशासन एवं श्रमशक्ति विभाग को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। बैठक का समापन राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

### रमजान, रामनवमी व सरहुल को देखते हुये राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**रांची:** झारखंड में इस महीने आने वाले रमजान, रामनवमी व सरहुल को देखते हुये राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के डीसी, एसएसपी व एसपी को अलर्ट जारी कर कानून-व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। रामनवमी के दौरान निकलने वाले मंगलवारी जुलूस व शोभायात्रा को लेकर विशेष सतकर्ता बरतने को कहा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 मार्च को दूसरा मंगलवारी जुलूस, 24 मार्च को तीसरा व अंतिम मंगलवारी जुलूस व 26 मार्च को रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 19 मार्च को हिंदू नववर्ष भी मनाया जायेगा। स्पेशल ब्रांच ने कहा है कि जुलूस के दौरान उत्तेजक नारे या गीत-संगीत से माहौल बिगड़ने की आशंका रहती है, इसलिए प्रशासन को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इसी बीच 21 मार्च को ईद-उल-फितर व आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व सरहुल भी मनाया जायेगा। ऐसे में प्रशासन को सभी पर्वों के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए विशेष तैयारी करने को कहा गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 15 को

**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा 15 मार्च को कृत्रिम अंग प्रतयारोपण शिविर का आयोजन कर रही है। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा ह। यह रिम्स, पल्स डाइग्नॉस्टिक सेंटर के पास तेतर टोली बरियातु रोड रांची में होगा। शिविर दिन के 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। शिविर में कटे हाथ-पैर, कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, बैशाखी माप के अनुरूप जांच के उपरांत प्रदान किए जाएंगे। शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने बताया कि ये पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने बताया कि निःशुल्क जांच करवाने के लिए दिव्यांग को आधार कार्ड की जेरॉक्स कॉपी व पासपोर्ट साइज की दो फोटो लेकर आना है। स्वास्थ्य प्रभारी सोनल शर्मा, आशा संथौलिया व संयोजिका किरण खेतान, स्वेता भाला, राधा ड्रोलिया ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 9123289009, 9031003521 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण करते समय एक घर के मतदाताओं का एक ही स्थान पर हो मतदान केंद्र

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में चल रहे मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के समय पदाधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि एक घर में रहने वाले मतदाताओं का एक ही स्थान पर मतदान केंद्र हो। उन्होंने कहा कि आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ का नाम और मोबाइल नम्बर अंकित किया गया स्टीकर मतदाताओं के घरों पर लगाए जाने हैं।

इससे मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क स्थापित करने में सहायता हो सके। उन्होंने कहा कि मतदाता के घरों पर लगाए जाने वाले स्टीकर पर उक्त मकान का मकान संख्या अंकित करना अनिवार्य है। वैसे मकान जिनका हाउस नंबर नहीं हैं, उसे नोशनल नंबर देकर अवश्य चिन्हित करें जिससे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में सहायता प्राप्त हो सके। मुख्य निर्वाचन



पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। के रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को गंभीरता से लें गहन पुनरीक्षण के उपरांत बनने वाले सूची को परमानेंट डॉक्यूमेंट के रूप में रखा जाता है इसमें किसी प्रकार की त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को देखते हुए निर्वाचन से संबंधित एक भी पद रिक्त न रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु नियुक्त किए गए बीएलओ के प्रशिक्षण का कार्य ससमय पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि बीएलओ के ट्रेनिंग के क्रम में उन्हें अपने बीएलओ ऐप के माध्यम से ही मतदाताओं के फोटो को खींचने की भी ट्रेनिंग अवश्य दें।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से ट्रेनिंग नोडल श्री देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी,ईआरओ, एईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

प्रमंडलीय स्तरीय आंतरिक वित्तीय संसाधन से संबंधित हुई समीक्षात्मक बैठक

## राजस्व संग्रहण का ससमय लक्ष्य करें पूर्णः आयुक्त

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** प्रमंडलीय सभागार में आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें तत्काल सुधार लाने तथा हर हाल में लक्ष्य प्राप्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्यकर, परिवहन, नीलाम पत्र, खनन, उत्पाद, माप एवं तौल, बाजार समिति एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा की गई। जिसमें बारी-बारी से विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्ष की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि प्रमंडल एवं जिले स्तर पर पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक सभी जिला अपने- अपने विभागो का राजस्व वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार लाने का कार्य तेजी से करें। सभी एक्शन प्लान तैयार कर लें। आयुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण की मॉनिटरिंग प्रमंडल स्तर




से की जाएगी। लक्ष्य प्राप्ति के दौरान सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वाहन पूरी ईमानदारी से करें।

बैठक में राज्यकर एवं राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, आरटीए, माप एवं तौल विभाग का तय लक्ष्य से कम उपलब्धि होने पर नाराजगी और असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार के लिए स्मार्ट लक्ष्य को निर्धारित करने, कार्यों की कड़ी निगरानी करने और बाधाओं को दूर कर रणनीतिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

जिला परिवहन पदाधिकारियों को अपने-अपने जिला में वाहनों की जांच कर वसूली करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान चलाकर ओवरलोडिंग वाहनों एवं छोटे वाहनों के परमिट की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी अवैध माइनिंग हो तत्काल रोक लगाएं। समय समय पर छापेमारी करें और आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी खदानों का सेक्शन मेजरमेंट कराएं।

आयुक्त ने कहा कि कई घाटों से अवैध बालू उठाव किया जा रहा है। अवैध बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। चोरी छिपे अवैध बालू का उठाव करते हुए पकड़े जाने पर संबंधितलोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उत्पाद विभाग कि समीक्षा के दौरान आयुक्त ने शराब का अवैध व्यापार रोकने के लिए छापेमारी, एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री पर रोक के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नीलाम पत्र की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने कार्य में रुचि दिखाते हुए कार्य को तेजी से करें। नीलाम पत्र में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने का कार्य करना सुनिश्चित करें। नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने स्तर से नीलाम पत्र में दायर लंबित मामले का अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

---

## कोरोना टीका की तरह गैस सिलेंडर पर भ्रम फैला रहा झामुमोः प्रदीप वर्मा

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने कहा कि झामुमो राज्य की जनता को हतोत्साहित कर रहा है। जबकि सत्ता पक्ष का दायित्व जनता को सहारा देना है। कहा कि देश में आज कांग्रेस की सरकार नहीं है जो गैस सिलेंडर का हाहाकार हो जाय,कालाबाजारी हो जाए।आज देश में मोदी सरकार है जो जनता की सेवा केलिए रात दिन तत्पर है।कहा कि ये वही इंडी गठबंधन है जिसने कोरोना टीका पर भ्रम फैलाया, नोट बंदी के दौरान भ्रम फैलाया लेकिन जनता इनके चाल में नहीं फंसी,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा रखा।कहा कि दुनियां के लोगों का भरोसा भारत पर बढ़ा है। यूक्रेन से भारत का तिरंगा दिखाकर पाकिस्तानी नागरिक संकट से बाहर आए। ये मोदी सरकार की साख है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को रमजान और रमजान के बाद के महीनों में होने वाले शादी विवाह की चिंता बहुत सताने लगी है।



इसलिए बयानों के माध्यम से राजनीतिक सहानुभूति बटोरने की पहल झामुमो के नेताओं ने करनी शुरू कर दी।कहा कि गैस सिलेंडर 400 रुपए में देने की चिंता झामुमो में अभी तक नहीं दिखाई दी। किसानों के धान 3200 रुपए क्विंटल खरीदने की चिंता झामुमो को नहीं हुई। लेकिन बिना किल्लत के गैस की किल्लत बताना झामुमो प्रवक्ता ने शुरू कर दिया।कहा कि भारत सरकार को देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता है। पेट्रोलियम मंत्रालय पूरी तरह सजग है। देश में पेट्रोल गैस की कमी नहीं है। लेकिन दुष्प्रचार के कारण कालाबाजारी नहीं बढ़े इसलिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई गई है।

---

## सीबीएसई में जनजातीय भाषाओं को शामिल करने की पहल

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** झारखंड में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण व विकास को लेकर राज्य सरकार व शिक्षाविद लगातार प्रयास कर रहे हैं। नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल स्तर पर मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा देने की दिशा में कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में अब यह प्रयास भी तेज हुआ है कि झारखंड की जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाए। राज्य में पहले से ही झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से संचालित सरकारी स्कूलों में जनजातीय भाषाओं से जुड़ी पढ़ाई कराई जा रही है। इसके तहत पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना है, ताकि सीखने की प्रक्रिया सरल और प्रभावी बन सके। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के माध्यम से संचालित इस कार्यक्रम में यूनिसेफ और लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन का तकनीकी सहयोग भी लिया जा रहा है। मातृभाषा आधारित शिक्षा के जरिए बच्चों की समझ, आत्मविश्वास और कक्षा में भागीदारी को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पलाश योजना के तहत कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने की व्यवस्था की गई है। इसमें नागपुरी, संताली, कुड़ुख, मुंडारी और हो जैसी स्थानीय भाषाओं को शामिल किया गया है। शिक्षा विशेषज्ञ हरि उरांव का मानना है कि शुरूआती कक्षाओं में मातृभाषा में पढ़ाई होने से बच्चों को विषयों को समझने में आसानी होती है और वे पढ़ाई के प्रति अधिक रुचि दिखाते हैं। यह कार्यक्रम वर्ष 2022 में शुरू किया गया था और फिलहाल राज्य के कई जनजातीय बहुल जिलों में लागू किया गया है। इनमें सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, दुमका, साहिबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जैसे जिले शामिल हैं।

---

## सीआईपी निदेशक से विभिन्न मुद्दो पर वार्ता सफलः डॉ0 सहदेव राम

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** केन्द्रीय कर्मचारी अधिकारी परिसंघ के अध्यक्ष डॉ० सहदेव राम और सी०आई०पी० के निदेशक डॉ० विजय कुमार चौधरी से कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर वार्ता हुई। पहला मुद्दा था कि राँची में मात्र तीन सी.जी.एच.एस. डिसपेनसरी है, जिसमें 11,117 सी.जी.एच. एस. कार्डधारी और कुल लाभुकों की संख्या 35372 है, जबकि सी.जी.एच.एस. में लगभग 1300 सी.जी. एच.एस. लाभुक हैं, लेकिन यहां पर सी.जी.एच.एस. डिसपेनसरी की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है जबकि कर्मचारियों का यह कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लंबे अरसे से मांग की जा रही है। वार्ता में निदेशक डॉ० बी.के. चौधरी ने बताया कि सी.जी.एच.एस. डिसपेनसरी खोलने के संबंध में बड़ी



सक्रियता से स्वास्थ्य महानिदेशक से पत्राचार करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक जबाव नहीं आया है। निदेशक ने यह भी आश्वस्त किया कि सी.जी.एच.एस. खोलने के लिए उनके पास डॉ० उपलब्ध है, जगह उपलब्ध है तथा जॉच केन्द्र भी उपलब्ध है। इतना होने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय को गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए सी.जी.एच.एस. डिसपेनसरी खोलने की अनमति देनी चाहिए। हलांकि इस संबंध में केन्द्रीय कर्मचारी एवं अधिकारी परिसंघ के द्वारा स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि रांची में लगभग 70 केन्द्रीय कार्यालय संचालित हो रहे हैं और जितनी संख्या में केन्द्रीय कर्मचारी, उनके आश्रितों और पेंशनसरों की संख्या के आधार पर नियमानुसार 05 डिसपेनसरी सेंटर खोलने का प्रावधान बन रहा है। केन्द्रीय कर्मचारी एवं अधिकारी परिसंघ के अध्यक्ष डॉ० सहदेव राम ने वर्तमान सी०जी०एच०एस० के अपर निदेशक के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सी०जी०एच०एस० की कार्यप्रणाली से कर्मचारियों, उनके आश्रितों और पेंशनरों में असंतोष व्याप्त है, इसलिए कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है।

दूसरी मांगों नर्सिंग विभाग के कर्मचारियों ने अध्यक्ष डॉ० सहदेव राम को बताया कि नर्सिंग स्टाफ को दूसरे - दूसरे कामों में लगाया जा रहा है जिनमें ओ०पी०डी० में 09, कैंटीन में 01, लाउण्ड्री में 01, लाईब्रेरी में 01 और किचन में 01 नर्सिंग स्टाफ की पदस्थापना की गई है। उनकी मांग है कि उनके ग्रेड और पद के अनुसार कार्यों की जिम्मेवारी निदेशक द्वारा दी जानी चाहिए।

---

देश के 40% खनिज भंडार वाले राज्य में डिसेंट वर्क सुनिश्चित करने को लेकर रांची में अंतरराष्ट्रीय गोलमेज बैठक

# झारखंड के खनन क्षेत्र में श्रमिक सुरक्षा और बाल श्रम पर गंभीर मंथन

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** खनिज संपदा से समृद्ध झारखंड में खनन क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों की सुरक्षा, श्रम अधिकार और बाल श्रम की समस्या पर बुधवार को रांची में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय गोलमेज चर्चा आयोजित की गई। होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित इस बैठक का आयोजन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, जापान-मुक्ति द्विपक्षीय कार्यक्रम और बाल कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

बैठक में जापान सरकार के प्रतिनिधि अकीरा योशिदा, युसुके सुजिकावा और मात्सुयामा, ILO इंडिया की निदेशक मिचिको मियामोटो, ILO के तकनीकी सलाहकार जियोवानी सोलेदाद तथा बाल कल्याण संघ के संस्थापक सचिव संजय कुमार मिश्रा सहित खनन क्षेत्र से जुड़े उद्योग प्रतिनिधि, विशेषज्ञ और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

स्वागत भाषण में बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और यहां का खनन क्षेत्र हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण, श्रम अधिकार की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा का




लाभ सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि माइका खनन क्षेत्रों में बाल श्रम की समस्या भी एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आती रही है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में बाल श्रम उन्मूलन के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति भी हुई है। विश्व स्तर पर बाल श्रम में लगभग 66 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है, वहीं झारखंड में विभिन्न हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप लगभग 78 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

श्री मिश्रा ने कहा कि International Labour Organization की 2024-2025 की रिपोर्ट के अनुसार विश्व स्तर पर लगभग 13.8 करोड़ बच्चे बाल श्रम में शामिल हैं, जिनमें से करीब 5.4 करोड़ बच्चे खतरनाक कार्यों में लगे हुए हैं। खनन क्षेत्र को विश्व के सबसे जोखिमपूर्ण कार्य क्षेत्रों में से एक माना जाता है, इसलिए इस क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। चर्चा के दौरान ये बात सामने आई कि झारखंड देश के कुल लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार का मालिक है और यहां का खनन क्षेत्र हजारों परिवारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। यदि इस क्षेत्र को व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से विकसित किया जाए तो यह राज्य में रोजगार और आर्थिक विकास का बड़ा स्रोत बन सकता है। हालांकि विशेषज्ञों ने चिंता जताई कि खनन क्षेत्र अभी भी सबसे जोखिमपूर्ण और असंगठित कार्य क्षेत्रों में से एक है, जहां कई स्थानों पर श्रमिकों को असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना पड़ता है और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी सीमित रूप से मिल पाता है।



## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात

**चतरा:** चतरा जिले के ईटखोरी निवासी सह राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने रांची स्थित कार्यालय में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की, उनका कुशल छेम पूछा और पुष्प कुछ भेंट की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड के सभी कोटि के पत्रकारों को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल मीडिया एवं अन्य कोटि के सभी पत्रकार भाई अपनी जान जोखिम में डालकर राज्य की हित के लिए तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए समाचार संकलन एवं प्रेषण करते हैं। उन्होंने कहा है कि इनका कार्य जोखिम भरा रहता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन इनके कार्यों की प्रशंसा करती है और मुख्यमंत्री से भी पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विभिन्न मांग की गई है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ?राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों के लिए राज्य पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर लागू किया जाय। ?राज्य के आंचलिक सहित सभी कोटि के पत्रकारों के लिए निःशुल्क पत्रकार बीमा योजना लागू किया जाय। जिसमें उनके परिवार के सभी सदस्यों का कवरेज हो सके। बीमा कवरेज की राशि कम से कम 5 लाख वार्षिक हो। ?राज्य के सभी आंचलिक पत्रकारों के लिए पत्रकार आवास योजना, आयुष्मान योजना, मेडिकल फैसिलिटी मुहैया कराया जाय। ?सभी कोटि के पत्रकारों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में पढ़ाई की व्यवस्था निःशुल्क किया जाय। इनके लिए अलग से कोटा आरक्षित हो। ?राज्य के सभी कोटि के पत्रकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक माह कम से कम 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि मुहैया कराया जाय। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुमार ने राज्यपाल से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की सुरक्षा के मद्दे नजर पत्रकारों के हित के लिए उपरोक्त सभी मांग अति शीघ्र लागू करने की मांग की है। इस बाबत राज्यपाल संतोष गंगवार ने एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्रकारों से संबंधित मांगों को जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया।

# उपायुक्त ने डाड़ी प्रखंड का किया भ्रमण योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

एक संदेश संवाददाता

**हजारीबाग:** जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिले के डाडी प्रखंड का दौरा किया। उन्होंने पंचायत भवन,बलसगरा सहित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत भवन, बलसगरा का निरीक्षण किया तथा रोजगार सेवक द्वारा संचालित मनरेगा के एमआईएस डाटा की जांच की। उन्होंने पंचायत भवन के प्रथम तल पर संचालित प्रज्ञा केंद्र को तत्काल भूतल पर संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही प्रज्ञा केंद्र द्वारा जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के आवेदन तथा निर्गत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली तथा संबंधित पंजी की जांच की। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर संचालित सभी योजनाओं का पूर्ण ब्यौरा पंचायत भवन में उपलब्ध रखा जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल सके। निरीक्षण के दौरान पंचायत सेवक द्वारा महत्वपूर्ण पंजी संधारण में लापरवाही पाए जाने पर उपायुक्त ने स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। वहीं रोजगार सेवक को कार्यों में शिथिलता बरतने पर कड़ी फटकार लगाई।

**विद्यालय का निरीक्षण:** अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने राजकीय कृत मध्य विद्यालय, बलसगरा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर प्रधानाध्यापक से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली तथा अवकाश पर गए शिक्षकों के आवेदन की जांच की। उन्होंने ई विद्या वाहिनी पोर्टल की समीक्षा, कक्षाओं का निरीक्षण, मध्याह्न भोजन के रसोईघर तथा भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**पैक्स की जांच:** इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड, राबोध (पैक्स) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न के स्टॉक, भंडारित खाद्यान्नों में नमी की जांच की तथा क्षेत्र के सभी किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## संत माइकल स्कूल फॉर द हियरिंग इंपेयर्ड के 160 बच्चों को उपायुक्त ने वितरित किया श्रवण यंत्र



**जिले** के संत माइकल स्कूल फॉर द हियरिंग इंपेयर्ड विद्यालय, दीपुगढ़ा में आज उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा अध्ययनरत 160 बच्चों के बीच हियरिंग एड (श्रवण यंत्र) का वितरण किया गया। श्रवण यंत्र प्राप्त कर बच्चों ने खुशी व्यक्त की और उपायुक्त के प्रति आभार जताया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, हॉस्टल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संस्थान में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में शुद्ध पेयजल, बिजली व्यवस्था एवं खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने कहा कि यह संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित हो रहे इस संस्थान को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला प्रशासन हमेशा उपलब्ध रहेगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को नवाचार और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए आवश्यकताओं का आकलन कर एक सूची उपलब्ध कराएं, ताकि उस दिशा में आवश्यक पहल की जा सके। इस दौरान शिक्षकों द्वारा स्मार्ट क्लास की आवश्यकता की जानकारी दी गई, जिस पर उपायुक्त ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। बच्चों से संवाद करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एक अभिभावक की भूमिका में उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने रामनवमी पर डीजे प्रतिबंध का विस में किया विरोध कहा

# रामनवमी हमारी आस्था का प्रतीक डीजे बजाने से कोई नहीं रोक सकता

एक संदेश संवाददाता




**हजारीबाग:** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा में डीजे बजाने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस निर्णय को धार्मिक परंपराओं और जनता की आस्था के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने झारखंड विधानसभा परिसर में सदन के बाहर धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया। विधायक ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की गहरी आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। विशेष रूप से हजारीबाग की रामनवमी पूरे देश में अपनी भव्यता, अनुशासन और ऐतिहासिक परंपरा के लिए जानी जाती है। हर वर्ष यहां निकलने वाले भव्य शोभा यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं और पूरा शहर भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर पर डीजे बजाने पर रोक लगाना न केवल अनुचित है, बल्कि यह सीधे-सीधे लोगों की धार्मिक भावनाओं और परंपराओं के साथ खिलवाड़ है। विधायक ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार हिंदू पर्वों और परंपराओं के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। श्री प्रसाद ने यह भी मांग की कि हजारीबाग में आयोजित होने वाले ख्याति प्राप्त इंटरनेशनल श्री चैत्र रामनवमी महोत्सव को राज्य सरकार द्वारा राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया जाए। साथ ही उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि रामनवमी के जुलूसों में परंपरा के अनुरूप डीजे बजाने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार उत्सव मना सकें। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन को जनता की धार्मिक भावनाओं और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए और इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं करता है, तब भी हजारीबाग में रामनवमी के अवसर पर परंपरा के अनुसार डीजे बजाया जाएगा।

## रांची में सघन जांच अभियान: दो बड़े संस्थानों में भारी अनियमितताएं उजागर

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के शहरी क्षेत्र में रांची नगर निगम की ओर से राजस्व व भवन संबंधी अनियमितताओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम की राजस्व शाखा व नगर निवेशक शाखा की संयुक्त टीम ने बुधवार को विभिन्न व्यावसायिक व आवासीय भवनों का स्थल निरीक्षण किया। जिसमें होल्डिंग, ट्रेड लाइसेंस, घोषित क्षेत्रफल, उपभोग की प्रकृति, सड़क की चौड़ाई तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि बिंदुओं की विस्तृत जांच की गई। साथ ही नगर निवेशक शाखा द्वारा स्वीकृत भवन प्लान, सेटबैक एरिया, भूमि उपयोग तथा अन्य निर्माण संबंधी प्रावधानों का भी सत्यापन किया गया। बुधवार को रांची नगर निगम की टीम द्वारा शहर के दो प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। सृष्टि हॉस्पिटल, हिनू के भवन जांच के दौरान पाया गया कि संस्थान द्वारा नगर निगम को कुल 14,100 वर्गफीट क्षेत्रफल की जानकारी उपलब्ध कराई गई थी, जबकि स्थल निरीक्षण में वास्तविक क्षेत्रफल 24,870 वर्गफीट पाया गया। इस प्रकार लगभग 10,770 वर्गफीट क्षेत्रफल का अंतर सामने आया, जो नगर निगम के अभिलेखों से मेल नहीं खाता है। वहीं शांतति आईवीएफ एवं लिटिल हार्ट हॉस्पिटल, अरगोड़ा चौक ने अपने भवन की जानकारी में नगर निगम को 19,700 वर्गफीट क्षेत्रफल घोषित किया था, जबकि जांच के दौरान वास्तविक क्षेत्रफल 32,127 वर्गफीट पाया गया। इस प्रकार कुल 12,427 वर्गफीट क्षेत्रफल का अंतर पाया गया। इसके अतिरिक्त नगर निवेशक शाखा द्वारा की गई जांच में इस भवन से संबंधित कई अन्य गंभीर विसंगतियाँ भी पाई गईं।

## एक नजर

### विभावि में तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज से




**हजारीबाग:** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग में 12 से 14 मार्च तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए आइक्यूएसी के निदेशक डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि यह जांच शिविर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की प्रेरणा तथा निर्देशन में किया गया है। बताया कि कुलपति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं विशेष कर छात्राओं के स्वास्थ्य के बारे में चिंतित रहते हैं और चाहते हैं कि विश्वविद्यालय परिसर में ही शिविर के आयोजन द्वारा इनकी स्वास्थ्य जांच करवाई जाए। शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ अविनाश कुमार तथा फिजियोथैरेपी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ मेराज सिद्दीकी ने बताया कि यह जांच शिविर का आयोजन हजारीबाग संत कोलंबा मिशन अस्पताल परिसर में संचालित हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के सौजन्य से तथा विभावि के आइक्यूएसी एवं फिजियोथैरेपी विभाग के सहयोग से किया गया है। डॉ अविनाश एवं डॉ मेराज ने आगे बताया कि इस शिविर में पांच तरह की सेवाएं उपलब्ध होंगी। शिविर में खून तथा शुगर की जांच, रक्तचाप की जांच तथा दंत जांच की जाएगी। जहां आवश्यक होगी वहां डॉक्टरी परामर्श भी उपस्थित चिकित्सक के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कुछ मामलों में दवा से संबंधित परामर्श भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षक द्वय ने बताया कि सभी विभागाअध्यक्ष एवं निर्देशक अपने विभाग के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच के लिए पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी डॉ अविनाश तथा डॉ मिराज से दूरभाष से प्राप्त कर सकते हैं। शिविर का आयोजन प्रत्येक दिन पूर्वाहन 10.30 से अपराह्न 3.30 तक किया जाएगा।

## डीडीसी ने बीडीओ पर लगाए गए सभी आरोपों को किया खारिज

एक संदेश संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा):** प्रतापपुर बीडीओ पर भ्रष्टाचार का तमाम आरोपों के बीच बुधवार को जिला स्तरीय टीम प्रतापपुर पहुंची तथा हुमाजांग पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों में मनरेगा योजना के तहत हो रहे डोभा एवं तलाब आदि निर्माण की जांच की। जांच टीम का नेतृत्व उपविकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। वहीं जांच टीम में एसडीएम जहूर आलम, कार्यपालक अभियंता महतो सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। इस दौरान हुमाजांग पंचायत के हुमाजांग, भौराज, नवरत्नपुर आदि गांव में मनरेगा योजना से बन रहे डोभा व तलाब की गहन जांच की गई साथ हीं योजना में कार्यरत लेबर आदि की जानकारी मांगी गई। जांच के बाबत पूछे जाने पर डीडीसी ने बताया की उपायुक्त महोदय के निर्देश पर हुमाजांग पंचायत में मनरेगा योजना के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं खासकर डोभा व तालाब आदि का जांच किया गया जिस में घोर अनियमितता देखने को मिला है। लगभग सभी योजना में मजदूर के बजाय जेसीबी मशीन से कार्य कराया गया है जो मनरेगा अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि कार्य में अनिमियिता की जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपा जाएगा। वहीं उन्होंने कांग्रेस युवा अध्यक्ष द्वारा बीडीओ पर पैसा लेने का आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि पैसे या कमीशन लेने के सारे आरोप बेबुनियाद तथा तथ्य हीन हैं तथा लेन-देन का कोई साक्ष्य मौजूद नही है आरोप तो कोई भी लगा सकता है।

# जल-जंगल-जमीन की रक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ रांची में विशाल धरना, विधानसभा मार्च

### पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता के नेतृत्व में हजारीबाग से सैंकड़ों आंदोलनकारी हुए शरीक

एक संदेश संवाददाता



**हजारीबाग:** जल, जंगल और जमीन की रक्षा, विस्थापन नीति की घोषणा तथा सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में बुधवार को किसान और जनसंगठनों के संयुक्त तत्वावधान में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं विधानसभा मार्च का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीर सागर, राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड के.डी. सिंह, झारखंड राज्य किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित किसान सभा के विभिन्न पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में किसान सभा के महासचिव एवं झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक कॉमरेड पुष्कर महतो, संगठन सचिव अजय सिंह, झारखण्ड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता तथा खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मो. हकीम सहित कई सामाजिक और किसान नेताओं ने भाग लिया। झारखंड राज्य किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता के नेतृत्व में हजारीबाग से सैंकड़ों आंदोलनकारी इस आंदोलन में शरीक हुए। यह संयुक्त आंदोलन झारखण्ड राज्य किसान सभा, झारखण्ड राज्य आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा, झारखण्ड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा, झारखण्ड राज्य स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच और खतियानी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। आंदोलन का उद्देश्य राज्य में किसानों, आन्दोलनकारियों और आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से.उठाना था। आंदोलनकारियों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रमुख मांगों में जल, जंगल और जमीन की लूट पर रोक लगाने तथा विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मांग शामिल है।

### विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में महिला दिवस पर तैयार दीवार पत्रिका का अनावरण

# विभाग में सर्वाधिक उपस्थिति प्राप्त विद्यार्थी द्वय को मिला अनावरण करने का गौरव

एक संदेश संवाददाता



**हजारीबाग:** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग में महिला दिवस पखवाड़ा के अवसर पर एक विस्तृत दीवार पत्रिका (वॉल मैगजीन) का अनावरण बुधवार को किया गया। खास बात यह रही कि इसका अनावरण प्रथम समसत्र में अब तक सर्वाधिक उपस्थिति धारक दो विद्यार्थी राहुल कुमार तथा अंजू कुमारी के द्वारा फीता खोलकर किया गया। ज्ञात हो कि नैक द्वारा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत तथा स्वीकृत करने की परिपाटी विकसित करने संबंधी दिशा निर्देश उसके सर्वे प्रपत्र के बिंदु 48 में दशार्या गया है। यह दीवार पत्रिका विभाग के प्रथम समसत्र में नव नामांकित विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया। इस कार्य में विद्यार्थी राहुल कुमार, पूजा मेहता, संदीप कुमार, बबली कुमारी, प्रज्ञा आर्या तथा विक्रम मेहता मुख्य भूमिका में रहे। विभाग के तीन महिला शोधार्थी श्वेता कुमारी, चंचल कुमारी तथा संजना मासूम ने इन विद्यार्थियों को दीवार पत्रिका तैयार करने के विभिन्न पहलुओं से प्रशिक्षित किया। अनावरण कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग अखबार से संकलित किए गए समाचार एवं आलेख की प्रतियों की प्रशंसा की गई। इसमें भारत के माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 8 मार्च को किए गए संबोधन, भारत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा के माननीय सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी तथा आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर के आलेख को प्रमुखता से दर्शाया गया। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का विषय 'गिव टू गेन' और उसके अर्थ पर छपी खबर एवं महिला दिवस के इतिहास पर आलेख को भी लगाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उड़ीसा राज्य के पूरी समुद्र तट पर प्रख्यात शिल्पकार सुदर्शन पटनायक द्वारा बालू से तैयार किया गया महिला शक्ति विषय की कलाकृति को भी दशार्या गया। विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह, विभाग के शोधार्थी एवं प्रथम तथा चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## जन्म-मृत्यु निबंधन सेवाओं में आई तेजी, नागरिकों की सुविधा के लिए बनेगा सहायता काउंटर

एक संदेश संवाददाता

**रांची:** रांची नगर निगम की ओर से नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जन्म व मृत्यु निबंधन से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ महीनों में लंबित आवेदनों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जन्म व मृत्यु निबंधन भारत के जन्म व मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत संचालित एक महत्वपूर्ण नागरिक सेवा है। इस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से दिनांक 11 मार्च 2026 को रांची नगर निगम के प्रशासक श्री सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु शाखा के पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2025 में निगम स्तर पर जन्म निबंधन के 2486 तथा मृत्यु निबंधन के 1408 मामले लंबित थे। निरंतर निगरानी व टीम के प्रयासों से दिसंबर 2025 तक यह संख्या घटकर जन्म के 559 तथा मृत्यु के 481 मामलों तक आ गई। वहीं, शाखा द्वारा आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन के बाद 28 फरवरी 2026 तक लंबित मामलों में और भी कमी आई है।

## एक नजर

### पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल सभागार में जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन



**लोहरदगा:** बुधवार को लोहरदगा उपायुक्त के निदेर्शानुसार जल जीवन मिशन के अंतर्गत₹ विश्व प्लंबर दिवस ₹के अवसर पर को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सभागार , लोहरदगा में जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम की गई। कार्यक्रम के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा के सहायक अभियंता ने उपस्थित प्लंबर साथी का स्वागत करते हुए जल महोत्सव पखवाड़ा के उद्देश्यों जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के रख रखाव तथा उसकी मरमती में प्लंबर साथी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिला समन्वयक एवं कनीय अभियंता द्वारा जल जीवन मिशन के उद्देश्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित योजनाओं के रख रखाव हेतु 10 ₹ प्लंबर साथी₹ को प्रशस्ति पत्र , दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्लंबर को ₹प्लंबर किट₹ दिया गया जो उनको योजना के रख रखाव एवं बनाने में सहायक होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों से प्लंबर साथी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी प्रखंड वॉश समन्वयक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### सरहुल पूर्व संध्या समारोह को लेकर तैयारी तेज, अतिथियों को दिया गया आमंत्रण



**लोहरदगा:** बुधवार को लोहरदगा में आदिवासी कर्मचारी समिति द्वारा आगामी 15 मार्च 2026 रविवार को न्यू नगर भवन, कार्यक्रम 10:00 बजे से शाम 5:00बजे तक होगा लोहरदगा में आयोजित होने वाले सरहुल खाद्दी पूर्व संध्या समारोह 2026 की तैयारियाँ जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारियों को आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया है। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० ताराचंद, उपायुक्त लोहरदगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सादिक अनवर रिजवी, आरक्षी अधीक्षक लोहरदगा, दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त लोहरदगा एवं जितेन्द्र मुण्डा, अपर समाहर्ता लोहरदगा को आमंत्रण दिया गया है। समिति के मीडिया प्रभारी सुधीर उराँव ने कहा कि सरहुल (खाद्दी) पर्व प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध का प्रतीक है। प्रकृति हमारी जीवन शैली को संवारती है। जब पेड़ों में नए फूल और नए पत्ते आते हैं, तब चारों ओर हरियाली छा जाती है और प्रकृति की सुंदरता बढ़ जाती है। सरहुल हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश देता है। बैठक में उपस्थित किशोर उरांव बीफई उरांव सत्यदेव उरांव सुरेंद्र उरांव सुखदेव उरांव अभिषेक एक्का प्रीति पल्लवी तिग्गा रेखा उरांव सुनील मिंज पंकज उरांव इत्यादि है।

### राजमहल में चोरों का आतंक, बंद घर को बनाया निशाना

**साहिबगंज/राजमहल:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत सबडहरा फाटक के पास चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बीती 10 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने बेंजामिन कुजूर के घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने सूने घर का फायदा उठाकर प्रवेश किया। घर के अंदर रखे दो बड़े बक्सों के ताले तोड़कर उनमें रखे कीमती जेवरात, नकदी और अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिए गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को अगले दिन हुई, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद राजमहल थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बारीकी से मामले का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से जानकारी साझा की। राजमहल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है।

### मंगला जुलूस के दौरान प्रयोग में लाए जा रहे एक डीजे सेट जब्त

**हजारीबाग:** पर्व-त्योहारों के दौरान उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार किसी भी प्रकार के डीजे के प्रयोग पर सख्त मनाही है। इस संबंध में जिला प्रशासन, हजारीबाग द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल मंगला जुलूस के दौरान डीजे के प्रयोग की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक डीजे को जब्त कर लिया। गौरतलब है कि पर्व-त्योहारों के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा माननीय उच्च न्यायालय के निदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

# जांच टीम ने 950 ग्राम सूखा अफीम, 580 ग्राम गिला अफीम किया जब्त, भरठुवा बंदुक व नगद 35 हजार रूपए बरामद

एक संदेश संवाददाता



**लोहरदगा:** कुडू थाना काण्ड सं0 27/26, दि० 10.03.2026, धारा 18/18( )/22/25 NDPS Act and 25 (1-B) a/35 arms act. मंगलवार 10.03.2026 को पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की मंगल गंझू, पिता मिठुवा गंझू, ग्राम नामुदाग, थाना कुडू, जिला लोहरदगा द्वारा अवैध अफीम (पोस्ता का पौधा) की खेती की गई है एवं अपने घर में अफीम को संग्रह कर रखा गया है। पु०अ०नि० अजीत कुमार, थाना प्रभारी कुडू को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तत्काल उक्त सूचना के सत्यापन एवं अवैध अफीम (पोस्ता) की खेती का विनष्टीकरण एवं संग्रहीत कर रखे गये अफीम की बरामदगी हेतु आदेशित किया गया। इस सूचना के संबंध में थाना प्रभारी कुडू के द्वारा राजपत्रित पदाधिकारी अंचलाधिकारी कुडू, सैट-78, सैट-75 के साथ उपरोक्त क्षेत्र में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में पुलिस को देख कर कुछ व्यक्ति जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। सूचना के सत्यापन के क्रम में मंगल गंझू, पिता मिठुवा गंझू, ग्राम नामुदाग, थाना कुडू, जिला लोहरदगा के घर के पास पहुँचने पर घर का दरवाजा खुला एवं घर में कोई भी सदस्य नही पाया गया। तत्पश्चात राजपत्रित पदाधिकारी अंचलाधिकारी कुडू के समक्ष विधिवत मंगल गंझू के घर का तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में 03 (तीन) स्टील का ग्लास सहित सूखा अफीम का वजन करीब 950 ग्राम तथा 04 (चार) स्टील का ग्लास सहित गिला अफीम का वजन 580 ग्राम, कुल अफीम ग्लास सहित 1.53 किलोग्राम, 02 (दो) भरठुवा बंदुक एवं नगद 35 हजार रूपए बरामद किया गया। उसके बाद घर के आस-पास के क्षेत्र को सर्च करने पर करीब 35 डीसमील जमीन पर अफीम (पोस्ता का पौधा) की खेती मंगल गंझू एवं उनके अज्ञात साथियों द्वारा किया जाना पाया गया। बरामद अफीम से यह स्पष्ट है कि अवैध रूप से अफीम (पोस्ता का पौधा) की इस खेती से मंगल गंझू एवं उनके अज्ञात साथियों द्वारा अफीम को संग्रह किया गया है। अवैध रूप से कि गई अफीम (पोस्ता का पौधा) की खेती को विनष्ट किया गया। इस संबंध में कुडू थाना काण्ड सं0 27/26, दि० 10.03.2026, धारा 18/18( )/22/25 NDPS Act and 25(1-B)a/35 arms act दर्ज कर अनुसंधान हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। विनष्टीकरण के करीब 35 डीसमील जमीन पर अफीम (पोस्ता का पौधा) की खेती। जप्त सामग्री में 03 (तीन) स्टील का ग्लास सहित सूखा अफीम का वजन करीब 950 ग्राम, 04 (चार) स्टील का ग्लास सहित गिला अफीम का वजन 580 ग्राम, 02 (दो) भरठुवा बंदुक, नगद 35 हजार रूपए । छापामारी टीम के सदस्य में संतोष उरॉव, अंचलाधिकारी कुडू, पु०अ०नि० अजीत कुमार, थाना प्रभारी, कुडू थाना, स०अ०नि० दिलीप मांझी, सैट-75, आ0/66 आनन्द तिर्की, सैट-78, आ0/79 मनोज प्रजापति, सैट-78, गृ0र043 नीरज कमार मिश्र, तकनीकी शाखा, चा0आ0-716 निर्मल मार्शल मिंज, पुलिस अधीक्षक आवास, आ0- 501 बुधराम सिंह मुंडा, पुलिस अधीक्षक आवास, सैट-75 बगडू थाना, सैट-78, कुडू थाना एवं अन्य सशस्त्र बल।

## उपायुक्त ने ईवीएम-वेयरहाउस का किया निरीक्षण

एक संदेश संवाददाता



**लोहरदगा:** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ ताराचंद ने आज ईवीएम-वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम में अपना सहयोग देने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि एसआइआर में सहयोग के लिए अपने अपने बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें प्रशिक्षण दिया जा सके। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है उनकी मैपिंग कराएं। घर-घर स्टिकर लगाए जाने का भी कार्य जल्द प्रारंभ होगा जिसमें आपका सहयोग अपेक्षित है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिला में निर्वाचन से संबंधित कार्यों में आवश्यक रूप से सहयोग की अपील की गई। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बैठक का उद्देश्य सभी योजनाओं को लागू कराना है: सुखदेव उरांव



एक संदेश संवाददाता

**लोहरदगा:** बुधवार को जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उराँव की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की इस बैठक का उद्देश्य सभी योजनाओं को सुचारू रूप से लागू कराना है। आपसी समन्वय जरूरी है। इस बोर्ड की बैठक का उद्देश्य कार्य को सही से लागू कराना है। सभी जिला परिषद सदस्य, प्रमुख गण, जिला के पदाधिकारी आपस मे समन्वय रखें। जनता को सिर्फ समस्याओं का समाधान चाहिए। कोई भी समस्या आपके क्षेत्र में है तो उसे बोर्ड की बैठक में रखें ताकि किसी भी समस्या का समाधान निकाला जा सके।? बैठक में गत बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही अनुपालन का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में जिला परिषद सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। इसमें किस्को-रिचुघुटा पथ में नाली निर्माण, रोजगार सेवकों के स्थानांतरण, पाखर-बगडू में पथ निर्माण, पुराने चापाकलों की मरम्मति, कूडूम तालाब का जीर्णोद्धार, अलौदी पंचायत में प्राथमिक विद्यालय में पानी की समस्या, सीरम पंचायत में एम्बुलेंस की मांग, सड़क दुर्घटना की बढ़ रही समस्या, जिला परिषद परिसर में बिरसा मुंडा व महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाए जाने, खरकी पंचायत में पुल निर्माण आदि समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ ने शोक व्यक्त किया

**लोहरदगा:** जिला फुटबॉल संघ और स्पोर्ट्स सेंटर भुंजानिया संत इगुनासूस गुमला के जाने माने पूर्व होनहार फुटबॉल खिलाडी ब्रह्मदेव भगत कि पूज्य माता जी चंपा देवी का आज सुबह ही निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार दोपहर में उनके पैतृक निवास ग्राम भुंजानिया में संपन्न हुआ जिसमें लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने भाग लिया और शौकीत परिवार से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया। लोहरदगा जिला फुटबॉल के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू उपाध्यक्ष प्रभात कु भगत सचिव सह पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी सोमा उराव कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र भगत, किशोर उराव, उदय दत्ता, बबलू उराव, राजू उराव, जय झंडा,अ लकड़ा गोडवीन तिग्गा प्रेम भगत बसंत तिर्की कार्तिक रमेश, अजय, पाने राम सुजीत बिन्देश्वर दिनेश विनोद सही सभी पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने शोक व्यक्त किए और परिवार के सदस्यों को ढ़ास बंधे और उनके अंतिम दहसंस्कार में भारी संख्या में ग्रामीण भाग लिये।

# भड़गांव में धूमधाम से मना सरहुल, शोभायात्रा में उमड़ी भीड़

## नगाड़ा और मांदर की थाप पर झूमे लोग, विभिन्न समुदायों की रही सहभागिता

एक संदेश संवाददाता



**लोहरदगा:** सेन्हा प्रखंड अंतर्गत भड़गांव में प्रकृति पर्व सरहुल बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरहुल पूजा समिति के बैनर तले भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान नगाड़ा, ढोल और मांदर की गूंज से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियां और महिलाएं मांदर की थाप पर नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। विभिन्न अखड़ा दलों ने भी पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर सरहुल पर्व की सांस्कृतिक झलक पेश की। कार्यक्रम की शुरूआत सरना स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। पाहन और पुजारियों ने प्रकृति की आराधना करते हुए अच्छी वर्षा, समृद्ध फसल, क्षेत्र में सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सरना स्थल पहुंची, जहां सामूहिक रूप से पूजा संपन्न हुई। इस दौरान सभी समुदायों के लोग भी उत्सव में शामिल होकर एकता और भाईचारे का संदेश देते नजर आए। पर्व के दौरान बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में सरहुल गीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन से माहौल उत्सवमय बना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूजा समिति और ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुखिया अनिल उरांव, पंचायत समिति सदस्य अमन उरांव, पाहन बंधनू उरांव, पुजार बासुदेव उरांव, आयोजन समिति के अध्यक्ष रंथू उरांव, अदरा उरांव, रविन्द्र उरांव, संदीप उरांव शाहिद काफी संख्या में गांव के लोग शामिल थे।

**Classified**

I, Ajaj Akhtar Alias Raju S/O Jayauddin Ahamad R/O Habibpur, Mahmudpur, Barharia, Dist-Siwan, Bihar-841232 have changed my name to Ajaj Akhtar. I have changed only my name not my religion.

I, Ranu Karn W/O Ajay Kumar Karn R/O Ward No-13, Shivajinagar, Dasaut, Samastipur, Bihar-848209 have changed my name to Renu Karn.

I, Ramji Bari S/O Laxmi Bari R/O Bhawpokhar, Pach Pakhri, Pachpokhari, Rohtas, Bihar-802217 have changed my name to Ramjee Prasad.

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, HAZARIBAG**
**JULU PARK, HAZARIBAG PIN – 825301**
e-mail id: general.manager12@gmail.com Phone/FAX : 06546-226949/ 272570

**e-Tender 1st Extension Notice**

Due to some unavoidable reason, lest date for submission of e-tender documents in e-Tender Notice No. 384/PR/JBVNL/2025-26 is hereby extended as mentioned below.

| | |
|---|---|
| Last date for availability of tender document on website | 14.03.2026 up to 18.00 Hrs. |
| Last date and time for submitting e-tender | 14.03.2026 up to 18.00 Hrs. |
| Last date and time of submission of original affidavit & original DD towards Cost of BOQ& EMD. | 16.03.2026 up to 15.00 Hrs. |
| Date and time of opening of tender ( Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | 17.03.206 at 13.00 Hrs. |

"Other terms & conditions of NIT will remain same."

PR No. 373414

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager –cum-Engineer
ESA, Hazaribag

PR.NO.374722 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**सिंचाई प्रमण्डल, बुण्डू**

पत्रांक..................बुण्डू, दिनांक........................

**प्रेष विज्ञप्ति**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित करना है कि खाता सं0–147, प्लोट न0–1,2 एव 3 भूमि तदेन सहायक अभियंता, जलपथ अवर प्रमण्डल, राँची ( Sri P.N. Singh) के नाम पर बिहार गजट 25.11.59 में प्रकाशित भाग–2 के पृष्ठ सं० 3441 के आलोक में दिनांक 28.01.1960 को अधिग्रहित कराया गया था। जिसमें स्पश्ट है कि यह भू–भाग सिंचाई प्रमण्डल, बुण्डू के नाम से है। उक्त भूमि सिंचाई प्रमण्डल बुण्डू के दखल में है जिस पर चाहदीवारी है जिसके परांगण में कार्यालय भवन, स्टाफ क्वाटर एवं मंदीर अवस्थित है।

अतः सभी आमजनों को सूचित किया जाता है कि उक्त भू–भाग जल संसाधन विभाग का है। अगर इसकी खरीद– बिकी में कोई भी व्यक्ति हिस्सा लेते है तो स्वयं जिम्मेदार होंगें।

कार्यपालक अभियंता,
सिंचाई प्रमण्डल, बुण्डू

PR 374732 Water Resource(25-26)#D

**कार्यालय:–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ दिनांक ................................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.02.2026 को गुप्त सूचना के आधार पर पौंडी पी0एफ0, थाना–घाघरा के पास से 05 पीस साल बोटा को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर आदर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.03.2026 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है, तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 374758 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

# संपादकीय

### वैश्विक संघर्ष के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था

## ये संकट नहीं, सावधानी और अवसर का समय

पश्चिम एशिया के खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव इस समय विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा विषय बन गया है। इजरायल, ईरान और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकानों के इर्द-गिर्द बनती युद्ध जैसी स्थिति ने विश्व के वित्तीय बाजारों, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों को अस्थिर कर दिया है। हर बार देखने में यही आया है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, उसका सीधा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार, महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। स्वाभाविक रूप से भारत जैसे बड़े आयातक देश को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, किन्तु इन आशंकाओं के बीच एक सशक्त और आश्वस्त करने वाली सच्चाई भी सामने आ रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, संतुलित और तैयार स्थिति में है। यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष लंबा भी चलता है तब भी भारत पर उसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत की आर्थिक नीतियां, संस्थागत ढांचा और बाजार की मजबूती अब वैश्विक संकटों का सामना करने में सक्षम हो चुकी है। सावधानी, तैयारी और नीति-निमार्ताओं की सक्रियताखाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय नीति-निमार्ता पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय बाजारों में स्थिरता बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। आरबीआई ने सरकारी बॉन्ड यानी जी-सेक की यील्ड को संतुलित रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया है, जिससे वित्तीय प्रणाली में घबराहट पैदा न हो। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करके रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित किया गया है और उसे 92 के स्तर से नीचे बनाए रखने में सफलता हासिल की गई है। वस्तुतः यह कदम बता रहा है कि भारत की केंद्रीय बैंकिंग व्यवस्था वैश्विक संकटों को समझते हुए समय पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। आज भारत के पास लगभग 600 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके को सहने की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा सोने का भंडार भी लगातार बढ़ाया जा रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार में इसका हिस्सा लगभग 17.6 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यह भी एक तरह की आर्थिक सुरक्षा ढाल है। तेल संकट की चुनौती और भारत की रणनीतिखाड़ी क्षेत्र का सबसे बड़ा महत्व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। यदि यहां कोई बाधा उत्पन्न होती है तो तेल की कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। वर्तमान स्थिति में ब्रेंट क्रूड लगभग 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई लगभग 89 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार यदि तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की वृद्धि होती है तब जरूर भारत के चालू खाते के घाटे पर कुछ दबाव पड़ सकता है, लेकिन यहां यह समझना भी जरूरी है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी ऊर्जा रणनीति को काफी विविधतापूर्ण बना लिया है। रूस से कच्चे तेल की खरीद, दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंध और रणनीतिक तेल भंडार जैसी व्यवस्थाएं भारत को अचानक आने वाले संकटों से काफी हद तक बचाती हैं। वैश्विक विकास का नया केंद्र बन रहा भारतअंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का भविष्य एशिया, विशेष रूप से भारत और चीन के हाथों में है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2026 में वैश्विक वास्तविक जीडीपी वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 17 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह आंकड़ा उस आर्थिक परिवर्तन का संकेत है जो पिछले एक दशक में भारत में हुआ है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आईएमएफ ने 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए भी 6.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। इसके मुकाबले अमेरिका का योगदान लगभग 9.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जबकि कई यूरोपीय अर्थव्यवस्थाएं धीमी वृद्धि से जूझ रही हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है। जनसंख्या दबाव नहीं, विकास का अवसरभारत की अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते समय अक्सर जनसंख्या को एक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह सही है कि भारत की जनसंख्या बहुत बड़ी है, किंतु यह भी उतना ही सच है कि यही जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति भी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा कार्यबल रखने वाला देश है। यह युवा आबादी उत्पादन, उपभोग और नवाचार तीनों क्षेत्रों में नई ऊर्जा प्रदान करती है। भारत में हर वर्ष लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। स्टार्ट-अप संस्कृति, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण क्षेत्र में निवेश और सेवा क्षेत्र की तेजी से बढ़ती गतिविधियां रोजगार सृजन के नए रास्ते खोल रही हैं। वैश्विक कंपनियां भी चीन के बाद अब भारत को अपने नए उत्पादन केंद्र के रूप में देख रही हैं। चीन प्लस वन रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में निवेश बढ़ा रही हैं। वैश्विक बाजार में भारत की स्थिर छविवैश्विक संकट के दौर में निवेशक हमेशा ऐसे देशों की तलाश करते हैं जहां आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता हो। भारत इस समय उसी श्रेणी में खड़ा दिखाई देता है। विश्व की कई रेटिंग एजेंसियां और आर्थिक संस्थान लगातार इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि भारत की आर्थिक नींव मजबूत है। बुनियादी ढांचे में तेजी से निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, बैंकिंग क्षेत्र का सुधार और कर प्रणाली की पारदर्शिता ने भारत को एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है।

# पर्यटनः आर्थिक योगदान के साथ पर्यावरणीय क्षति का भी हो मूल्यांकन



क्रांति कुमार पाठक

बीते साल उत्तराखंड सरकार के अनुसार राज्य में पर्यटकों का आगमन 6 करोड़ पार कर गया, जो कुल आबादी से छह गुना अधिक है। “इंडिया टूरिज्म कम्पोडियम 2025” के आंकड़ों पर गौर करें तो यह आंकड़ा कोई मायावी नहीं हैं, बल्कि हकीकत है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन की परिभाषा के आधार पर ही ये आंकड़े तैयार किये गये हैं। उन्हीं आंकड़ों के अनुसार गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 64.6 करोड़ और तमिलनाडु में 30 करोड़ से अधिक पर्यटक पधारे थे। ये भारी-भरकम आंकड़े सरकारी फाइलों में सफलता के प्रमाणपत्र की तरह पेश किए जाते हैं, लेकिन इनकी गहराई में उतरते ही एक गंभीर विरोधाभास भी सामने आता है। अगर किसी प्रदेश में सचमुच आनंद की अनुभूति के लिए इतने पर्यटक आ जायें तो उस प्रदेश का बेड़ापार ही हो जाये! क्या विशाल भीड़ वास्तव में वह पर्यटक है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, या यह केवल एक सांख्यिकीय भ्रम है?

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के मानक पर्यटक की परिभाषा को इतना व्यापक बना देते हैं कि इसमें श्रद्धा और सैर-सपाटे के बीच का अंतर समाप्त हो जाता है। यदि कोई व्यक्ति अपने सामान्य निवास स्थान से बाहर 24 घंटे से अधिक रुकता है, तो उसे पर्यटक माना जाएगा, चाहे उद्देश्य धार्मिक हो या मनोरंजन। इन्हीं मानकों की ओट में भारतीय राज्य कांवड़ियों और साधुओं को भी “पर्यटक” की श्रेणी में दर्ज कर लेते हैं। यहीं से उस धारणा को चुनौती देने की आवश्यकता है जो संख्यात्मक बहुलता को आर्थिक समृद्धि का पर्याय मान लेती है। वास्तव में पर्यटक और तीर्थयात्री के उद्देश्य और खर्च करने की क्षमता में मौलिक अंतर होता है। पर्यटक होटलों में रुकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में लिक्विड कैश का संचार करता है। इसके विपरीत, पारंपरिक तीर्थयात्री अक्सर अपना भोजन साथ लेकर चलते हैं और उनकी यात्रा का उद्देश्य मानसिक शांति होती है, न कि आर्थिक उपभोग। प्लेजर टूर या आनंदमयी यात्रा ही वास्तव में पर्यटन की वह मूल अवधारणा है जो इसे तीर्थाटन से अलग करती है। पर्यटन का मुख्य आधार अवकाश (लीजर) है, जिसे गिल्बर्ट सिगॉक्स ने एक ऐसी मानवीय गतिविधि माना है, जिसमें व्यक्ति स्वेच्छा से अपने मनोरंजन, ज्ञानवर्धन या स्वास्थ्य लाभ के लिए सामान्य परिवेश का त्याग करता है। तीर्थाटन जहां धार्मिक आस्था, कर्तव्य और मोक्ष की भावना से प्रेरित होता है, वहीं प्लेजर टूर का प्राथमिक उद्देश्य मानसिक शांति, भौतिक सुख और



व्यक्तिगत खुशी प्राप्त करना होता है। दरअसल, तीर्थाटन में जहां श्रद्धा सर्वोपरि है, वहीं पर्यटन या प्लेजर टूर जब हम इन दोनों श्रेणियों को एक ही तराजू में तौलते हैं, तो नीतिगत स्तर पर भारी चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जहां तीर्थाटन का बोलबाला है, वहां की अवसंरचना पर पड़ने वाला दबाव इन करोड़ों नवागन्तुकों की भीड़ से तय होता है, लेकिन उस दबाव को झेलने के लिए मिलने वाला राजस्व उस अनुपात में नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों की भीड़ के लिए प्रशासन को सफाई, सुरक्षा और स्वास्थ्य की जो व्यवस्था करनी पड़ती है, उसका वित्तीय बोझ करदाताओं की जेब पर पड़ता है, जबकि उस भीड़ से होने वाला प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ न्यूनतम होता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम केवल संख्या गिनने के लिए अपनी पारिस्थितिकी और संसाधनों को दांव पर लगा रहे हैं?

तर्कपूर्ण ढंग से देखें तो पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक अवसंरचना भी पूरी तरह भिन्न होती है। एक हाई-वैल्यू पर्यटक को बेहतर कनेक्टिविटी, स्वच्छता, निजी स्थान और उच्चस्तरीय आतिथ्य की आवश्यकता होती है। यदि किसी गंतव्य पर तीर्थयात्रियों की अनियंत्रित भीड़ होगी, तो वह स्थान वास्तविक पर्यटकों के लिए अपनी अपील खो देगा। इसे क्राउडिंग आउट इफेक्ट कहा जा सकता है, जहां कम खर्च करने वाली भीड़ अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को विस्थापित कर देती है। संवेदनशील हिमालयी राज्यों के लिए यह स्थिति और भी भयावह है। यहां की वहन क्षमता सीमित है। करोड़ों की संख्या कागजों पर अच्छी लग सकती है, लेकिन क्या हमारे पहाड़, हमारी नदियां और हमारे शहर इतने लोगों का कचरा और उनकी जरूरतों का बोझ उठाने में सक्षम हैं?

हमें राजस्व के आंकड़ों का गहन विश्लेषण करना होगा। क्या हम ऐसे आंकड़े सार्वजनिक कर सकते हैं जो यह बताएं कि प्रति व्यक्ति पर्यटक से राज्य को कितनी आय हुई? अक्सर देखा गया है कि जिस राज्य में पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक होती है, जरूरी नहीं कि पर्यटन से होने वाली आय में भी वह राज्य अव्वल हो। केरल जैसे राज्य ने इस मामले में एक अलग लकीर खींची है, जहां संख्या के बजाय वैल्यू पर ध्यान दिया जाता है। वहां तीर्थयात्री भी आते हैं, लेकिन राज्य की ब्रांडिंग गॉड्स ओन कंट्री के रूप में एक विशिष्ट पर्यटक वर्ग को आकर्षित करने के लिए की गई है। इसके उलट, उत्तर भारत के राज्यों में पर्यटन नीति अक्सर संख्या आधारित होकर रह गई है। सांख्यिकीय जादूगीरी का यह आलम है कि यदि एक व्यक्ति अपनी यात्रा के दौरान तीन अलग-अलग जिलों में रुकता है, तो उसे तीन पर्यटक मान लिया जाता है।

सामयिक परिप्रेक्ष्य में हमें अपनी पर्यटन नीति को परिमाण से हटाकर गुणवत्ता पर केंद्रित करना होगा। बजट 2026-27 में घोषित पर्यटन केंद्रों की रैंकिंग की योजना तभी सफल होगी जब रैंकिंग के मानदंडों में केवल फुटफॉल (आगंतुकों की संख्या) को ही पैमाना न बनाया जाए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्रति व्यक्ति राजस्व और आगंतुक के अनुभव को भी शामिल किया जाए। तीर्थयात्रियों के लिए अलग प्रबंधन और पर्यटकों के लिए अलग विपणन रणनीति समय की मांग है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक नंगे पांव चलने वाला श्रद्धालु और एक बैकपैक लेकर चलने वाला पर्यटक, दोनों ही हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता के हिस्से हैं, लेकिन आर्थिक नियोजन में दोनों की भूमिकाएं भिन्न हैं।

आगन्तुकों की बाढ़ किसी राज्य की सफलता का पैमाना नहीं, बल्कि एक चेतावनी होना चाहिए। यह चेतावनी है संसाधनों के दोहन, अनियोजित शहरीकरण की और उस नीतिगत अंधेपन की है जो श्रद्धा को निवेश समझ बैठा है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा खामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा और कविता



संजीव ठाकुर

मध्य-पूर्व की राजनीति एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है। वर्षों से सुलग रही अमेरिका-इजरायल और ईरान की प्रतिद्वंद्विता अब खुलकर युद्ध में बदल चुकी है। यह केवल तीन देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा राजनीति और धार्मिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण का ऐसा जटिल समीकरण है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। इस युद्ध का सबसे नाटकीय और निर्णायक मोड़ यह रहा जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खेमनई की हत्या कर दी गई और उसके बाद ईरान ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में मुज्तबा खेमनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। यह घटना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति को हिला देने वाली घटना थी। एक तरफ अमेरिका और इजरायल इस युद्ध को ईरान की सैन्य और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता और इस्लामी व्यवस्था पर हमला मान रहा है। ईरान और इजरायल के बीच तनाव पिछले कई दशकों से बना हुआ है। ईरान खुले तौर पर इजरायल की नीतियों का विरोध करता रहा है और फिलिस्तीन के मुद्दे पर उसका रुख बेहद आक्रामक रहा है। दूसरी ओर इजरायल को यह भय लंबे समय से लगता रहा है कि यदि ईरान परमाणु शक्ति बन गया तो वह उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा खामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा।नीतिक दबाव डालता रहा है। विशेष रूप से जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में प्रभावी हुए, ईरान के प्रति अमेरिकी नीति और कठोर हो गई। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी ईरान के परमाणु समझौते को समाप्त किया और अब युद्ध की स्थिति में भी उन्होंने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है। इजरायल की सुरक्षा चिंताओं और अमेरिका की रणनीतिक नीति के मेल ने इस संघर्ष को और तीखा बना दिया।

कई सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इजरायल लंबे समय से ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के लिए किसी बड़े अभियान की तलाश में था और अब उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल गया है। वैसे वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा है की ईरान की राजनीति में सर्वोच्च नेता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह केवल धार्मिक प्रमुख ही नहीं बल्कि देश की सैन्य और रणनीतिक नीतियों का अंतिम निर्णयकर्ता भी होता है। ऐसे में जब अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या हुई तो यह ईरान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका था। लेकिन सत्ता संरचना ने तेजी से निर्णय लेते हुए उनके पुत्र मुज्तबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। मुज्तबा पहले से ही सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली माने जाते थे। वे ईरान की धार्मिक व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से गहरे जुड़े रहे हैं। उनके सत्ता संभालते ही ईरान के तेवर और भी सख्त हो गए। ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा। मिसाइल हमले, ड्रोन अभियान और क्षेत्रीय सहयोगियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई तेज कर दी गई। इस संघर्ष की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैलता दिखाई दे रहा है। खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे लगातार खतरे में हैं। ईरान ने अपने समर्थक संगठनों और मित्र देशों के माध्यम से कई अमेरिकी और पश्चिमी ठिकानों पर हमले किए हैं।मध्य-पूर्व के कई देश इस युद्ध से सीधे या परोक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

तेल के समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ गया है और वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी जा रही है। यदि यह युद्ध लंबा चला तो विश्व अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संघर्ष को लेकर बेहद कठोर बयान दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि यदि ईरान ने अपनी सैन्य नीति नहीं बदली तो उसके नए नेता को भी निशाना बनाया जा सकता है। ऐसे बयान युद्ध को और अधिक खतरनाक बना देते हैं, क्योंकि जब किसी देश के सर्वोच्च नेता को खुले तौर पर लक्ष्य घोषित किया जाता है तो कूटनीति के रास्ते लगभग बंद हो जाते हैं। इससे संघर्ष और भी उग्र हो सकता है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुज्तबा खामेनेई का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। उनका भविष्य कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करेगा। पहला, ईरान की आंतरिक राजनीति। यदि देश के भीतर धार्मिक नेतृत्व, सैन्य प्रतिष्ठान और जनता का समर्थन उन्हें मिलता रहता है तो वे लंबे समय तक सत्ता में बने रह सकते हैं। दूसरा, युद्ध का परिणाम ,यदि ईरान इस युद्ध में मजबूत प्रतिरोध दिखाता है तो मुज्तबा खामेनेई एक शक्तिशाली युद्धकालीन नेता के रूप में उभर सकते हैं। इससे उनकी वैधता और प्रभाव बढ़ेगा।उन पर अंतरराष्ट्रीय दबाव उत्तरोत्तर वृद्धि कर सकता है। यदि अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान पर सैन्य और आर्थिक दबाव को लगातार बढ़ाते हैं तो यह ईरानी शासन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।इस युद्ध का असर केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। रूस, चीन और यूरोपीय देशों की प्रतिक्रियाएँ भी इस संघर्ष की दिशा तय कर सकती हैं। यदि बड़ी शक्तियाँ अलग-अलग पक्षों में खुलकर उतर आती हैं तो यह संघर्ष एक बड़े वैश्विक टकराव का रूप ले सकता है।

इसके अलावा तेल की कीमतों में उछाल, व्यापार मार्गों पर खतरा और वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ भी बढ़ सकती हैं। दुनिया पहले ही कई आर्थिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रही है, ऐसे में यह युद्ध वैश्विक अस्थिरता को और बढ़ा सकता है।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहा यह संघर्ष केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि शक्ति, विचारधारा और भू-राजनीतिक हितों की टकराहट है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या ने इस संघर्ष को और अधिक उग्र बना दिया है, जबकि मुज्तबा खामेनेई का उदय ईरान की नई राजनीतिक दिशा का संकेत देता है।

अब पूरी दुनिया की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह युद्ध किस दिशा में जाएगा। क्या यह कूटनीति के जरिए थमेगा या फिर एक व्यापक क्षेत्रीय अथवा वैश्विक युद्ध का रूप ले लेगा? इतना निश्चित है कि मुज्तबा खामेनेई का नेतृत्व इस समय एक कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रहा है। आने वाले समय में वही तय करेगा कि वे ईरान के इतिहास में एक मजबूत और निर्णायक नेता के रूप में याद किए जाएंगे या फिर विश्व राजनीति की उथल-पुथल में उनका अध्याय भी एक अस्थिर दौर की कहानी बनकर रह जाएगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## बच्चों की खिलखिलाहट एक मीठा जल स्रोत

खामोशियाँ जब मुंह खोलतीं
तो शब्द हवा में डोलते चुपचाप कहीं छिप जाते जाते,
और मैं भीड़ के बीच अपने अकेलेपन को
हथेलियों में उठाए धीरे-धीरे रेत पर चलता ।

भीड़ में अकेला होना किसी बंद खिड़की में
खुला आसमान देखने जैसा सब पास होतें
पर भीतर कोई अंतस से बहुत दूर चला गया होता
क्या कभी किसी ने देखा
संवेदनाओं को धीमीं आंच में पकते हुए
जैसे रसोई में चावल की खुशबू
आँच की भाषा समझती हो,
जैसे मन समय की धीमी आँच पर
थोड़ा-थोड़ा उबल कर इनसान बनता हो।
संवेदनाओं की आह अगर ध्यान से देखें
वे मुस्कुरा भी सकती, उस मुस्कान में
दर्द की झुर्रियाँ होतीं और उम्मीद की
महीन सी रेखा।

बच्चों की खिलखिलाहट कोई साधारण हँसी नहीं होती,
वह जमीन में दबा मीठा सा जल स्त्रोत ,
जिसे वे बिना नक्शे के हर रोज खोज लेते ।
काश, हम भी थोड़ा-सा बच्चा
अपने मे शेष रख पाते, तो खामोशियों का कोलाहल
डराता नहीं, संवेदनाएँ पककर
रोटी की तरह सबके लिए खुशबू लेकर आती।



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़

# दिल्ली की राजनीति में आए तूफान का मतलब

मनोज कुमार मिश्र

शराब घोटाले की आंच से झुलसी आम आदमी पार्टी (आआपा) को निचली अदालत से मिली राहत स्थाई नहीं दिख रही है। सीबीआई की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। दस साल से ज्यादा दिल्ली की सत्ता में रही आआपा पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई। एक तो चुनाव में आआपा पराजित हुई, दूसरा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना-शराब घोटाला। अपने को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में पराजित हुए। इसके चलते दिल्ली में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद आआपा हाशिए पर जाती दिखती थी। पंजाब में सरकार होने के बावजूद आआपा नेताओं में पहले वाले तेवर नहीं दिख रहे थे। लेकिन 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह की अदालत ने साफ कहा किया शराब घोटाले के आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को न केवल आरोप मुक्त किया बल्कि सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिया।इसे आधार बनाकर केजरीवाल और आआपा ने दिल्ली में हंगामा खड़ा कर हारी हुई बाजी पलटने की कोशिश की। वे सालों बाद वापस जंतर-मंतर गए जहां से उनकी राजनीति शुरू हुई थी। जिन दावों के बल पर आआपा दिल्ली जीती और देशभर में राजनीति कर अखिल भारतीय पार्टी बनी, उसी बुनियाद पर नया महल बनाने की प्रयास करने लगी।

आआपा की राजनीति की यूएसपी (मूल तत्व) ही अपने को कट्टर ईमानदार साबित करने और सरकारी धन से मुफ्त की रेवड़ियां बांटना था। वैसे तो 49 दिन की पहली अल्पमत सरकार के जाने के बाद 2015 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनते ही आआपा नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा सामने आने लगा लेकिन प्रचंड बहुमत की दूसरी सरकार में खुलकर भ्रष्टाचार दिखने लगा। शराब घोटाले ने उसे उजागर कर दिया। किसी भी राज्य सरकार का अधिकार है कि वह आबकारी (शराब) नीति बनाए लेकिन खुद बना कर और हड़बड़ी में वापस लेकर इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सबूत दे दिए। 17 नवंबर, 2021 को नई शराब नीति लागू की गई। इसके तहत 32 जोन बनाए गए। हर जोन में अधिकतम 27 दुकानें खुलनी थी। पहले 60 फीसदी दुकान सरकारी और 40 फीसदी निजी होती थी। इस बार 3500 करोड़ लाभ होने के नाम पर सभी दुकानें निजी कारोबारी को दी गई। जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने के आरोप लगने पर आनन-फानन में 30 जुलाई, 2022 को नई आबकारी नीति को वापस लेकर पुरानी को बहाल कर दी गई। आरोप है कि इससे निजी कारोबारियों को करोड़ों का फायदा हुआ और सरकार के राजस्व का सीएजी के मुताबिक करीब दो हजार (2002.68) करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सौ करोड़ रुपए की रिश्वत का आरोप है।

शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की। 19 अगस्त को सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन लोगों के घरों पर छापे मारे। 22 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज किया। सितंबर, 2022 में सीबीआई ने आआपा के संचार प्रमुख विजय नायर को गिरफ्तार किया। मार्च, 2023 में मनीष सिसोदिया और अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया। तभी केजरीवाल को ईडी ने पहला सम्मन भेजा। 16 मार्च, 2023 को भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता गिरफ्तार हुईं। नौवीं बार सम्मन पर न आने के बाद 21 मार्च को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया। 10 मई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी। 02 जून, 2024 को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। 13 सितंबर, 2024 को उन्हें जमानत मिली। वे 156 दिन और सिसोदिया 530 दिन जेल में रहे। 27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल समेत सभी को आरोप मुक्त कर दिया। हाई कोर्ट ने इसके खिलाफ सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आआपा को साल 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनैतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। साल 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिलीं। इस बार आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई। सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास बना दिया। नेता अरविंद केजरीवाल अपने पुराने वायदे ही नहीं भूले, आम नेताओं से आगे निकल कर सरकारी कोठी को भव्य कोठी (विपक्षी दल शीशमहल कहते हैं) बनाकर रहने लगे। दिल्ली सचिवालय के अपने आधुनिक कार्यालय में भी उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च करके काफी बदलाव कर उसे भी आलीशान बनवाया। उन्होंने जंतर-मंतर, रामलीला मैदान कौन कहे लोगों के बीच जाना छोड़ ही दिया। सुरक्षा के भारी तामझाम के कारण लोगों से उनकी दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध कर वे राजनीति में आए, उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। कट्टर ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी के शराब घोटाले आदि भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें उस जंतर-मंतर की याद आई, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था।

साल 2024 का लोकसभा चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आआपा को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर महज दो फीसदी का था। पहली बार आआपा 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से 134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा। बहुमत के बावजूद महीनों कवायत के बाद आआपा का मेयर बना। इन सालों में आआपा के पार्षद भाजपा में आते रहे। इतना ही नहीं, आआपा में जाकर पार्षद बने 16 निगम पार्षद अलग दल बनाकर आआपा से अलग हो गए।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### महिला ने कोयल पुल से लगायी छलांग, हालत गंभीर

**पलामू** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र स्थित कोयल पुल पर बुधवार सुबह एक महिला ने अपने दो छोटे बच्चों को पुल पर ही छोड़कर नीचे छलांग लगा दी। महिला को अचेत अवस्था में इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला बेहोश बतायी गयी है। उसके होश में आने के बाद खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट हो पाएगा। घटना के बाद मौके पर कुछ देर तक अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए और पुल पर जाम की स्थिति भी बन गयी। महिला की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गेठा निवासी शशि चंद्रवंशी की 28 वर्षीय पत्नी आरती देवी के रूप में की गई है। उसका मायका चैनपुर थाना क्षेत्र के गर्दा नेउरा में है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला बच्चों के साथ पुल पर पहुंची थी। अचानक बच्चों को वहीं छोड़कर उसने नीचे छलांग लगा दी। उसका पति कुक का काम करता है। महिला 07 मार्च को फुफेरे देवर की शादी में दोनों बच्चों के साथ पाटन थाना क्षेत्र के पखरवार गांव गई थी। वहां से बुधवार सुबह अपने मायके जाने के लिए कह कर निकली थी। पति के अनुसार सुबह पत्नी ने फोन कर बताया कि वह कोयल नदी पुल पर है और कूद कर सुसाइड करने जा रही है। पति ने कारण जानने और लोकेशन के बारे में पूछने की कोशिश की तबतक मोबाइल ऑफ हो गया। परिजनों को सूचना देकर परिवार के साथ एमएमसीएच में पहुंचे, जहां पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि दोनों नाबालिक बच्चे सुरक्षित हैं। पति ने बताया कि उसकी वर्ष 2022 में शादी हुई थी। पत्नी छोटी-छोटी बात पर सुसाइड करने की धमकी देती थी। इसे लेकर कई बार ससुराल वालों को भी जानकारी दी गई है। फिलहाल खुदकुशी के प्रयास के कारणों का पता नहीं चल सका है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर मानसिक तनाव की बात सामने आ रही है। एमएमसीएच पुलिस चौकी प्रभारी महेंद्र कुमार के अनुसार महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसके होश में आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।

### चलती बाइक से कूदकर बच्ची ने की अपहरण की कोशिश नाकाम

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मनोहरपुर प्रखंड में एक स्कूली बच्ची की सूझबूझ और साहस से संभावित अपहरण की घटना टल गई। अज्ञात युवक ने बाइक पर बैठाकर ले जाए जाने के दौरान बच्ची ने चलती बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार मनोहरपुर थाना क्षेत्र के पानी टंकी निवासी लक्ष्मी धनवार (09) मंगलवार की शाम मनोहरपुर बाजार से घर के लिए सामान खरीदने गई थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने उसे घर तक छोड़ने का झांसा दिया और बाइक बैठा लिया। बच्ची को लगा कि युवक उसे घर तक पहुंचा देगा, लेकिन कुछ दूर जाने के बाद वह उसके घर के पास से आगे निकल गया। जब बच्ची ने युवक से बाइक रोकने को कहा तो उसने बाइक नहीं रोकी। स्थिति को भांपते हुए लक्ष्मी ने साहस दिखाया और चलती बाइक से छलांग लगा दी। सड़क पर गिरने से वह घायल हो गई, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। इसके बाद सामने से आ रहे कुछ राहगीरों से मदद मांगी और किसी तरह अपने घर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्ची की मां उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। इस घटना के बाद परिवार की ओर से मनोहरपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। बुधवार को मनोहरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### बिजली तार चोरी करते सात गिरफ्तार



**खूंटी।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा थाना क्षेत्र में बिजली के हाईटेंशन तार चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने मंगलवार को बिजली तार चोरी करने के सात आरोपितों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। साथ ही भारी मात्रा में बिजली तार, पिकअप वाहन और अन्य उपकरण भी बरामद किए गए हैं। इस आशय की जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) को सूचना मिली थी कि तोरपा-खूंटी रोड पर कृषि विज्ञान केंद्र के पीछे बिजली के खंभों से हाईटेंशन तार काटकर पिकअप वाहन में लोड किया जा रहा है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए हाईटेंशन बिजली तार काट रहे सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 08 बंडल हाईटेंशन बिजली तार (लगभग 250 किलोग्राम), एक तार काटने की मशीन, पिकअप वाहन (रजिस्ट्रेशन संख्या जे एच 01 एआर -7335) और 05 मोबाइल फोन बरामद किया है।गिरफ्तार आरोपितों में शेख अप्पू (24) निवासी किन्दीरकेला थाना बसिया जिला गुमला, रमजानी (33), चांद मोहम्मद (25), इब्राहिम खान उर्फ इरफान (40), दिलकस खान उर्फ टेटे (20), मनीष लोहरा उर्फ शिशु (25) तथा बजरंग लोहरा उर्फ माटु (19) शामिल हैं। छापेमारी में एसडीपीओ तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, पुअनि अमरेन्द्र मंडल, पुअनि रोशन खाखा (अनुसंधानकर्ता), सअनि बैजु लकड़ा, सअनि सोनाराम स्वांसी, सअनि आलोक रंजन सहित तोरपा थाना के पुलिसकर्मी और रिजर्व गार्ड शामिल थे। पुलिस ने सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है: उपायुक्त



**खूँटी।** अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थापित क्योस्कों के आवंटन को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम सहित अल्पसंख्यक समुदाय के मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों में निर्मित कुल 7 क्योस्क के लिए प्राप्त 12 आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी आवेदनों के दस्तावेजों की जांच एवं पात्रता का परीक्षण करने के पश्चात पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 7 पात्र लाभुकों का चयन कर उन्हें क्योस्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इनमें खूँटी प्रखंड से 1, तोरपा से 1, अड़की से 2, रानियां से 1, कर्रा से 1 तथा मुरहू से 1 लाभुक को क्योस्क आवंटित किया गया। इन क्योस्कों का आवंटन विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक उन्नयन को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि लाभुक छोटे-छोटे व्यवसाय कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ बना सकें। चयनित लाभुकों को यह क्योस्क निशुल्क रूप से उपलब्ध कराए गए हैं। प्राथमिकता उन लाभुकों को दी गई जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे बीपीएल कार्डधारी हैं। चयनित लाभुकों को क्योस्क के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे वे स्वावलंबी बन सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकें। उपायुक्त ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है।

# उपायुक्त ने कामडारा प्रखंड के उरुगुट्टू गांव का किया दौरा

संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा बुधवार को प्रोजेक्ट द्वार के तहत कामडारा प्रखंड के रामतोलिया पंचायत अंतर्गत उरुगुट्टू गांव का दौरा किया गया। यह गांव अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित है तथा खूंटी जिला की सीमा के समीप अवस्थित है। उपायुक्त ने गांव में विभिन्न विभागों एवं सहयोगी संस्था प्रदान (PRADAN) के समन्वय से संचालित योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों का अवलोकन करते हुए समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि उरुगुट्टू गांव को क्लस्टर बेस्ड अप्रोच के तहत विकसित करते हुए इसे 'जल पर्याप्त गांव' बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि यह गांव एक मॉडल के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि इस मॉडल के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसी तर्ज पर अन्य गांवों में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि गांव में कृषि विभाग के माध्यम से 30 परिवारों द्वारा सरसों एवं 5 परिवारों द्वारा गेहूं की खेती की जा रही है। वहीं 3 परिवारों द्वारा 6 एकड़ भूमि में ड्रिप सिंचाई की व्यवस्था की गई है। मनरेगा के अंतर्गत 6 कुओं का निर्माण कराया गया है तथा भग्य योजना के अंतर्गत 8 परिवारों को 6 एकड़ भूमि पर लाभान्वित किया गया है। गांव में जल नल योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है तथा 7 नए किसानों के लिए ड्रिप सिंचाई स्वीकृत की गई है।उद्यान विभाग द्वारा गांव में 4 वर्मी बेड स्थापित किए गए हैं। वहीं मत्स्य विभाग के माध्यम से 3 परिवारों को मत्स्य पालन से जोड़ा गया है। भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 2 तालाबों का निर्माण, 1 ट्रैक्टर, 10 पंप एवं 1 टैंक उपलब्ध कराया गया है।सहयोगी संस्था प्रदान द्वारा गांव में 16 तालाबों का निर्माण, 25 एकड़ में ट्रीटमेंट कार्य, 15 एकड़ में खेती-बाड़ी का विकास, 2 परिवारों को ड्रिप सिंचाई, 1 नेटशेड एवं 1 एकड़ में फेंसिंग की व्यवस्था की गई है। गांव के लगभग 50 किसान एफपीओ से जुड़े हुए हैं। गांव की कुल जनसंख्या लगभग 200 है तथा 55 परिवारों को विभिन्न कृषि एवं आजीविका योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। गांव में 4 महिला मंडल समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। समूह से जुड़ी महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला है, जिससे वे अपने परिवार का बेहतर तरीके से पालन-पोषण कर पा रही हैं। उपायुक्त ने महिलाओं के साथ संवाद करते हुए उन्हें मशरूम उत्पादन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़ने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने महिला समूहों के साथ स्मृति स्वरूप सेल्फी भी ली।दौरे के दौरान ग्रामीणों ने चेक डैम निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि चेक डैम बनने से क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी और वे गेहूं सहित अन्य फसलों की खेती कर सकेंगे। साथ ही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में लाह की खेती भी की जाती है।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा किसानों को आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसानों को तालाब से लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही किसानों के बीच सिंचाई मशीन, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरणों का वितरण भी किया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को गांव के अधिक से अधिक किसानों को लिफ्ट इरीगेशन से जोड़ने के निर्देश दिए।गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क, शौचालय, सामुदायिक भवन, धूमकुड़िया भवन, नाली निर्माण, राशन व्यवस्था, आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय तथा पेयजल व्यवस्था से संबंधित मांगें भी रखी गईं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।दौरे के क्रम में उपायुक्त ने गांव के विभिन्न खेतों का भी निरीक्षण किया, जहां वर्तमान में धान, तरबूज सहित अन्य फसलों की खेती की जा रही है। उन्होंने तालाब निर्माण को बढ़ावा देने तथा महिला समूहों को उसमें मछली बीज डालकर मत्स्य पालन से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया।ग्रामीण महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र काफी हद तक बंजर था और यहां कृषि गतिविधियां सीमित थीं, परंतु जिला प्रशासन, JSLPS तथा प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयासों से गांव में खेती-बाड़ी और आजीविका गतिविधियों का विस्तार हुआ है तथा महिलाएं भी सक्रिय रूप से कृषि कार्यों में भागीदारी कर रही हैं।उपायुक्त ने गांव में संचालित कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों को क्लस्टर आधारित मॉडल के तहत गांव के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए तथा ग्रामीणों को हर संभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, बीडीओ एवं अंचल अधिकारी कामडारा सहित प्रदान संस्था के प्रतिनिधि मेराज तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में प्लंबर एवं जल सहिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण- उपायुक्त

### उपायुक्त आर0 रॉनिटा ने विश्व प्लंबर दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया शुभारंभ


संवाददाता



**खूँटी।** सरकार के निर्देशानुसार जिला जल एवं स्वच्छता समिति, खूंटी द्वारा जिले में 8 मार्च से 22 मार्च तक "जल महोत्सव पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज समाहरणालय स्थित सभागार में "विश्व प्लंबर दिवस" के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती आर० रॉनिटा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री मनीष कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी तथा जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में प्लंबरों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती आर० रॉनिटा ने सभी को "विश्व प्लंबर दिवस" की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में प्लंबरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष से पहली बार "विश्व प्लंबर दिवस" मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में प्लंबर एवं जल सहिया की भूमिका अहम है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्लंबरों को सम्मानित करते हुए उन्हें किट का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहियाओं को भी सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। उपायुक्त ने विलेज वॉटर सैनिटेशन कमिटी में जल सहिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसके बेहतर संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी प्लंबर, पंप होल्डर एवं इलेक्ट्रीशियन को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जल जीवन मिशन, ग्राम स्तरीय जल आपूर्ति प्रणाली का संचालन एवं रख-रखाव, गांव के प्लंबर की भूमिका, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, नल कनेक्शन ठीक करने तथा ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणाली के विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर एवं सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान जल सहियाओं ने अपने कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों के साथ-साथ व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु अपने अनुभव एवं सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित काफी संख्या में प्लंबर, जल सहिया एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान की हुई बैठक


संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद समाहरणालय में बुधवार को केंद्र सरकार की 'अर्बन रिवर मैनेजमेंट' प्लान पर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सभी स्टेक होल्डर के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी विकास मंत्रालय के नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ अर्बन अफेयर की टीम भी मौजूद रही। उल्लेखनीय अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान नमामि गंगे के तहत एक दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य शहरों में बहने वाली नदियों को स्वच्छ, सुंदर और पुनर्जीवित करना है। यह योजना नदी आधारित विकास, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, कचरा प्रबंधन और नदी तटों को पार्क के रूप में विकसित करने पर केंद्रित है। यह योजना सिर्फ प्रदूषण रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि नदी की अर्थव्यवस्था और शहर की पहचान को नदी से जोड़ने की एक व्यापक पहल है। उपायुक्त ने इस संबंध में बताया कि इस योजना के तहत पुरे जिले के लिए ही वाटर मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें आने वाले दिनों में बीसीसीएल, हर्ल, डीवीसी, एमपीएल आदि कम्पनियों को भी स्टेक होल्डर बनाने की योजना है। चुकी यह सभी कम्पनियां भी रिवर को प्रदूषित करती हैं, नदियों को प्रोटेक्ट भी करती हैं, साथ ही उनका अपना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी है, उन सभी को भी जोड़ना है, ताकि नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने, जल प्रवाह में सुधार करने और शहर के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का जो उद्देश्य है उसे पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि एनआईएयू की टीम भी धनबाद की नदियों का निरीक्षण करेगी। इस दौरान टीम दामोदर और सहायक नदियों की स्थिति का आकलन करेगी। निरीक्षण के बाद टीम केंद्र सरकार को रिपोर्ट देगी।

## बाघमारा में ज्वेलरी शॉप में बड़ी चोरी

संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिले में बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर पुलिसिया गश्त को चुनौती दी है। ताजा मामला बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा बाजार का है, जहां चोरों ने बीती रात एक ज्वेलरी दुकान की दीवार काटकर यानी सेंधमारी कर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। घटना हरिणा बाजार स्थित भगवती अलंकार ज्वेलरी शॉप की है। बताया जा रहा है कि शातिर चोरों ने देर रात दुकान की पिछली दीवार में सेंधमारी की और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने बड़े ही इत्मीनान से पूरी दुकान को खंगाला और तिजोरी और शोकेस में रखे कीमती जेवरात समेट लिए। सुबह जब दुकानदार शिवलाल स्वर्णकार अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और जेवरात के डिब्बे खाली थे। इस बड़ी चोरी के बाद हरिणा बाजार के व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। कारोबारियों का साफ तौर पर कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की गश्ती सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह गई है। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं ने दुकानदारों की नींद उड़ा दी है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर माल बरामद नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और बाजार बंद करने को मजबूर होंगे। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार शिवलाल स्वर्णकार ने कहा जब हम सुबह दुकान आए तो देखा कि पीछे की दीवार कटी हुई है। चोरों ने लगभग 6 किलो चांदी और 75 ग्राम सोना निकाल लिया है। गल्ले में रखे 60 हजार रुपये भी गायब हैं। कुल मिलाकर करीब 25 लाख रुपये की चोरी हुई है। हमने पुलिस को सूचना दे दी है, अब देखते हैं क्या कार्रवाई होती है।

## तड़ीपार महिला अपराधी चटनी डॉन गिरफ्तार

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से आपराधिक मामलों में कुख्यात और जिला निष्कासित (तड़ीपार) घोषित महिला अपराधी प्रिया सिंह उर्फ चटनी डॉन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आधी रात को छापेमारी कर उसे उसके पैतृक घर से दबोच लिया। गिरफ्तार महिला के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी कुमार शिवाशिष ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को 10 मार्च की रात में गुप्त सूचना मिली थी कि सोनारी थाना क्षेत्र के ग्वाला बस्ती स्थित सुनील सिंह के घर में कुछ अपराधी एकत्रित हुए हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सोनारी थाना में सनहा दर्ज किया गया और इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई। इसके बाद पुलिस ने सुनील सिंह के घर की तलाशी ली, जहां कुख्यात अपराधी प्रिया सिंह उर्फ चटनी डॉन अचानक मौजूद मिली। वह सुनील सिंह की पुत्री है और सोनारी थाना क्षेत्र के ग्वाला बस्ती की निवासी है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ कई आपराधिक मामलों में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं और वह कई बार जेल भी जा चुकी है। जिला प्रशासन की ओर से उसके खिलाफ जिला निष्कासन (तड़ीपार) का आदेश भी जारी किया गया था। इसके बावजूद वह बिना किसी वैध अनुमति के चोरी-छिपे अपने पैतृक घर में रह रही थी। झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 के तहत जिला निष्कासन आदेश के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में रहना संज्ञेय और दंडनीय अपराध है। इस आधार पर महिला पुलिस की सहायता से उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार प्रिया सिंह उर्फ चटनी डॉन के खिलाफ वर्ष 2017 से 2022 के बीच सोनारी थाना में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें रंगदारी मांगना, लूटपाट करना, आग्नेयास्त्र से हमला करना, जान से मारने की नीयत से मारपीट करना और अपने गिरोह के साथ इलाके में दहशत फैलाना जैसे आरोप शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि वह चटनी गिरोह की सरगना है और अपने गुर्गों के साथ मिलकर इलाके में अपराध के जरिए वर्चस्व कायम करने की कोशिश करती रही है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के लिए 07 क्योस्क का आवंटन


संवाददाता



**खूंटी।** अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थापित क्योस्क का आवंटन बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर पात्र लाभुकों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम सहित अल्पसंख्यक समुदाय के मनोनीत सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों में निर्मित कुल 07 क्योस्क के लिए प्राप्त 12 आवेदनों की विस्तृत जांच और पात्रता का परीक्षण किया गया। इसके बाद 07 योग्य लाभुकों को क्योस्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया। चयनित लाभुकों में खूंटी प्रखंड से 01, तोरपा से 01, अड़की से 02, रानियां से 01, कर्रा से 01 और मुरहू प्रखंड से 01 लाभुक शामिल हैं। इन क्योस्कों को अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक उन्नयन को ध्यान में रखते हुए आवंटित किया गया है, ताकि लाभुक छोटे व्यवसाय कर अपनी आजीविका को मजबूत बना सकें। जिला प्रशासन की ओर से चयनित लाभुकों को क्योस्क निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। चयन प्रक्रिया में बीपीएल कार्डधारी और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लाभुकों को प्राथमिकता दी गई है। उपायुक्त आर रॉनिटा ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण के लिए सरकार और जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्योस्क मिलने से लाभुकों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## रेलवे के ऑपरेटिंग कर्मचारियों को मिला आपदा राहत का प्रशिक्षण

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से बुधवार को सीनी स्थित जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में ऑपरेटिंग विभाग के कर्मचारियों के लिए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को फायर सर्विस, इमरजेंसी रेस्क्यू और बेसिक लाइफ सपोर्ट से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण पावर प्वाइंट प्रस्तुति और मॉक ड्रिल के माध्यम से कराया गया, ताकि आपदा की स्थिति में कर्मचारी प्रभावी ढंग से राहत कार्य कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर और राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सदस्य संतोष कुमार ने बताया कि भारत आपदा प्रभावित देशों में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदा हो या मानव निर्मित, दोनों ही स्थितियों में जान-माल की भारी क्षति होती है। ऐसे में सही प्रशिक्षण और कार्यकुशलता से नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना स्थल पर अक्सर संसाधनों की कमी होती है और कई लोग बेहोशी, हड्डी टूटने या अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में पड़े रहते हैं। ऐसी परिस्थिति में ट्रायेज प्रणाली के तहत गंभीर घायलों की पहचान कर उन्हें प्राथमिक उपचार देना और गोल्डन आवर के भीतर एंबुलेंस से अस्पताल भेजना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने घायलों को सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित करने की विभिन्न तकनीकों की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे चरण में डेमोंस्ट्रेटर शंकर कुमार प्रसाद ने सीपीआर देने की विधि, अग्निशमन उपकरणों के निरीक्षण की अवधि और उनके उपयोग की प्रक्रिया का मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शन किया। साथ ही कंबल, रस्सी और बोरे की मदद से अस्थायी स्ट्रेचर तैयार करने की विधि भी सिखाई गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईस्ट कोस्ट रेलवे, साउथ ईस्टर्न रेलवे और साउथ सेंट्रल रेलवे के रिफ्रेशर स्टेशन मैनेजर, ट्रेन मैनेजर, टावर वैगन ड्राइवर और सहायक लोको पायलट सहित करीब 200 रेलकर्मियों ने भाग लिया और आपदा राहत कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में इस बार भाजपा की सरकार बनेगी : दुलाल



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता दुलाल भुईयां ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ सरकार पर जमकर निशाना साधा है।भुईयां ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनना तय है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का घमंड टूट जाएगा।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मौजूदा सरकार आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। राज्य में कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है, जिसके कारण लोगों में भारी असंतोष है।उन्होंने हाल ही में राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के आगमन के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या राज्य सरकार का कोई भी मंत्री प्रोटोकॉल के तहत उनका स्वागत करने नहीं पहुंचा। भुईयां ने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक पदों के प्रति असम्मान बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना से पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश के आदिवासी समाज में नाराजगी है, क्योंकि द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ इन वर्गों तक पहुंच रहा है, जबकि पश्चिम बंगाल की सरकार इन वर्गों के विकास के प्रति गंभीर नहीं है।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब परिवर्तन चाहती है और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी समर्थन मिलेगा।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**सिल्ली।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिल्ली में बालिकाओं का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली के चिकित्सा प्रभारी के निर्देश पर डॉ विवेक कुमार के देखरेख में बालिकाओं में एनीमिया, विटामिन, मिनरल्स, शारीरिक वृद्धि , कमजोरी आदि से संबंधित कई प्रकार के स्वास्थ्य जांच किए गए। मौके पर विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ से संबंधित अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### जेएलकेएम ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) जिला समिति और सदर अस्पताल के सौजन्य से बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सेवा की भावना के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने रक्तदान किया। पार्टी के खूंटी जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने इस आयोजन के लिए खूंटी क्लब और सदर अस्पताल का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर केंद्रीय संयुक्त संगठन महासचिव मनीष कुमार साहू, खूंटी जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर, जिला महासचिव विक्रम महतो, वरीय उपाध्यक्ष पवन कुमार, विवेक महतो, तुलसी उरांव, सुरेश टोपनो, सोनू महतो, बजरंग साहू, प्रीतम कांशी, सुनील स्वंशी, कमल, मदन सिंह, विमल, मांगरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चोरी करते धराया युवक, लोगों ने आरोपित को किया पुलिस के हवाले

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो थाना क्षेत्र के कीर्तन विहार कॉलोनी में बुधवार को स्थानीय लोगों की सतर्कता से चोरी की एक कोशिश नाकाम हो गई। कॉलोनी के निवासियों ने एक संदिग्ध युवक को घर में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, कीर्तन विहार कॉलोनी में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में काफी नाराजगी थी। दो दिन पहले भी इसी इलाके में एक घर में चोरी हुई थी। उस घटना के दौरान पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध युवक की तस्वीर कैद हो गई थी। इसके बाद से ही कॉलोनी के लोग सतर्क हो गए थे और आसपास आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रख रहे थे। बुधवार को वही युवक एक बार फिर कॉलोनी में संदिग्ध हालत में घूमता दिखाई दिया। स्थानीय लोगों को उस पर शक हुआ और वे उस पर नजर रखने लगे। इसी दौरान युवक ने एक घर में घुसने का प्रयास किया, जिसे देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। आक्रोशित लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी और घटना की सूचना मानगो थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में युवक नशे का आदी प्रतीत हो रहा है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हाल के दिनों में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में उसकी कोई भूमिका तो नहीं है।

### कर्ज के बोझ से परेशान युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**पूर्वी सिंहभूम।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बिरसानगर जोन नंबर-10 में एक युवक ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। युवक की मौत से इलाके में शोक की लहर है। मृतक की पहचान रिंकेश अग्रवाल (28) के रूप में हुई है। वह बारीडीह बाजार में पूजा सामग्री की दुकान चलाता था। बताया जा रहा है कि आर्थिक परेशानियों और कर्ज के दबाव के कारण वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। मृतक के पिता गणेश अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार रात घर के सभी लोग खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। देर रात जब उन्होंने बेटे के कमरे की ओर देखा तो वह फंदे से लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का कहना है कि कर्ज का दबाव और उसे चुकाने की चिंता के कारण रिंकेश काफी परेशान चल रहा था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आंगनवाड़ी कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले की आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया।झारखंड आंगनवाड़ी कर्मचारी एसोसिएशन (एकेए) और संयुक्त मोर्चा (जाका) के बैनर तले बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कर्मियों ने साकची आमबगान से जुलूस निकालते हुए उपायुक्त कार्यालय तक मार्च किया। इस दौरान उनके हाथों में बैनर और पोस्टर थे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की।धरना-प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य भर की आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाएं वर्षों से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से ठोस पहल नहीं की गई है। संगठन का कहना है कि आंगनवाड़ी कर्मी सरकार की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसके बावजूद उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा और अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।आंगनवाड़ी कर्मियों ने सरकार से मांग की है कि सेविका और सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उन्हें सभी वैधानिक लाभ उपलब्ध कराए जाए। इसके अलावा सेवानिवृत्ति के बाद कम से कम पांच लाख रुपये का रिटायरमेंट लाभ देने, मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने, आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में दो लाख रुपये की सहायता राशि देने और सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 65 वर्ष करने की मांग भी उठाई गई।संगठन की ओर से यह भी बताया गया कि कई बार नेटवर्क की समस्या के कारण एफआरएस (फेस रिकॉग्निशन सिस्टम) के माध्यम से लाभार्थियों का सत्यापन नहीं हो पाता है, जिससे पोषाहार वितरण में परेशानी होती है। ऐसे में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बेहतर नेटवर्क व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।धरना कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्वी सिंहभूम जिला की सचिव लक्ष्मी बेनी पाली ने किया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो आंगनवाड़ी कर्मी चरणबद्ध आंदोलन के लिए विवश होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले की आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाएं मौजूद रहीं और एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।

## धान अधिप्राप्ति करने की कार्रवाई में तेजी लाते हुए लक्ष्य को करें पूरा : उपायुक्त



संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित की गई।बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-2026 में राज्य सरकार द्वारा धान की अधिप्राप्ति के लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति की समीक्षा,नए किसानों के निबंधन,सीएमआर की समीक्षा,धान अधिप्राप्ति के भुगतान,गोदामों की स्थिति, धान का भंडारण सुरक्षित रखने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति करने की कार्रवाई में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी किसान मित्रों को 10-10 योग्य किसानों का निबंधन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वहीं टुंडी स्थित गोदाम को सुचारू रूप से संचालन हेतु पहुंच पथ निर्माण के निर्देश संबंधित कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारी को दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि जल्द से जल्द लक्ष्य के अनुरूप धान अधिप्राप्ति करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि धान अधिप्राप्ति केंद्र/ भंडार गृह के क्षमता का 90% से अधिक उपयोग हो जाने पर उक्त अधिप्राप्ति केंद्र/भंडार गृह का जिला आपूर्ति पदाधिकारी भौतिक निरीक्षण करते हुए इस बात से आश्वस्त हुआ जाए कि धान का भंडारण सुरक्षित तरीके से किया गया है।बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश,जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहें।

## एनएलसी कंपनी के नॉर्थ धाधू कोल ब्लॉक में हो रहे मिट्टी सर्वे का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता



**लातेहार/ बालुमाथ।** जिले के बालूमाथ प्रखंड में आवंटित नॉर्थ धाधू कोल ब्लॉक के लिये सेमरसोत गांव में किये जा रहे मिट्टी सर्वे कार्य का ग्रामीणों ने विरोध किया। मिट्टी जांच का कार्य एनएलसी कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है बुधवार को ग्रामीणों ने मिट्टी सर्वे कार्य का जम कर विरोध किया है और कहा कि जब तक नहीं होता है और ग्रामसभा के अनुमति के बिना यहां पर कोई भी काम नहीं करने दिया जायेगा। कंपन को एक इंच जमीन कोयला खनन के लिये नहीं देगें इसके लिये जो भी संघर्ष करना होगा ग्रामींणों के द्वारा किया जायेगा। सरना समिति के प्रखंड सचिव शंकर उरांव ने कहा कि ग्रामीणों का निर्णय है जब तक ग्राम सभा नहीं हो जाता है तब तक कंपनी को गांव में सर्वे भी नहीं करने नहीं दिया जायेगा। उन्होनें कहा कि कंपनी जबरदस्ती दवाब बना कर के गांव में मिट्टी सर्वे का काम करा रही है। उन्होनें यह भी कहा कि लातेहार जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में आता है और यहां पर पेसा अधिनियम लागू है बिना ग्राम सभा के कोई भी खनन कार्य नहीं किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि यदि कंपनी संवैधानिक तरीके से और नियम संगत काम नहीं करेगी तो आने वाले समय में बहुत जल्द एक ही जन आंदोलन किया जायेगा। घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया पुलिस ने ग्रामीणों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुये समस्या का हल निकालने का आग्रह किया है।

# अमेरिका-ईरान में जंग का असर, रसोई गैस को लेकर बढ़ी परेशानी

संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम।** अमेरिका- ईरान में जंग का असर अब पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच शहर में रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर लोगों की परेशानी बढ़ती नजर आ रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग करने में दिक्कत हो रही है, वहीं बाजार में इसकी कालाबाजारी की भी शिकायतें सामने आने लगी हैं। इससे आम लोगों की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है और लोग काफी परेशान हैं। शहर के जुगसलाई क्षेत्र स्थित काबरा गैस एजेंसी में बुधवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस बुकिंग और सिलेंडर की जानकारी लेने के लिए पहुंचे। एजेंसी के बाहर लोगों की भीड़ देखी गई। गैस बुक कराने पहुंची आशा पांडेय, संत बेहरा समेत कई ग्राहकों ने बताया कि वे पिछले तीन-चार दिनों से ऑनलाइन माध्यम से गैस बुक करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बार-बार प्रयास करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो पा रही थी। इसके बाद मजबूर होकर उन्हें सीधे एजेंसी पहुंचना पड़ा।उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग नहीं होने के कारण उन्हें समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। वहीं कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि बाजार में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। जिन घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमत करीब एक हजार रुपये है, उन्हें कुछ जगहों पर 1800 से लेकर 2000 रुपये तक में बेचा जा रहा है। इससे आम उपभोक्ता काफी परेशान हैं और प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।हालांकि काबरा गैस एजेंसी के संचालकों ने गैस की कमी से इनकार किया है। एजेंसी प्रबंधन का कहना है कि गैस की आपूर्ति सामान्य है और सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में कई लोग जरूरत से ज्यादा गैस बुक कराने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कारण डिलीवरी में थोड़ा समय लग रहा है। एजेंसी संचालकों के अनुसार कुछ समय के लिए ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी आ गई थी, जिसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। हालांकि अब उस समस्या को ठीक कर लिया गया है और बुकिंग की प्रक्रिया फिर से सामान्य रूप से चल रही है।फिर भी शहर के कई इलाकों में गैस को लेकर लोगों की चिंता बनी हुई है। लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय हालात और अफवाहों के कारण लोग अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखी जाए और जरूरतमंद लोगों को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम लोगों की रसोई पर संकट न आए।

## खरिकाबाद में कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर बवाल, पत्थरबाजी व हवाई फायरिंग; एक गिरफ्तार

संवाददाता



**केंदुआ/धनबाद।** गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के खरिकाबाद में मंगलवार को सड़क हादसे के बाद कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लोगों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी हुई और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की गयी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे गोंदूडीह कोलियरी से कोयला लेने जा रहे एक हाईवा की चपेट में आने से साइकिल सवार विजय वर्णवाल (58) घायल हो गये थे । वे भूली ओपी क्षेत्र के निवासी बताए जाते हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने नीमधौड़ा के पास कोयला परिवहन में लगी गाड़ियों का आवागमन रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि इस रास्ते से भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण अक्सर दुर्घटना का खतरा बना रहता है, इसलिए इस मार्ग से ट्रांसपोर्टिंग बंद की जाये।बताया जाता है इस सम्बन्ध में कि मंगलवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच दो स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोग ट्रांसपोर्टिंग दोबारा शुरू कराने पहुंचे। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और बाहर से आये लोगों के बीच कहासुनी हो गयी, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गयी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गयी और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की गयी।घटना की सूचना मिलते ही गोंदूडीह ओपी प्रभारी लव कुमार चौधरी, केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय, पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन, भागाबांध ओपी प्रभारी धर्मराज, जोगता, भूली ओपी प्रभारी तथा केंदुआडीह सर्किल इंस्पेक्टर जेपी महतो समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। हालांकि तब तक फायरिंग करने वाले लोग फरार हो चुके थे।पुलिस के अनुसार घटनास्थल से दो खोखा और एक जिंदा गोली बरामद की गयी है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।इधर बुधवार को गोंदूडीह ओपी के एएसआई विलियम पन्ना की लिखित शिकायत पर बसेरिया व आसपास के 12 नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट, पत्थरबाजी और धरना दे रहे लोगों को निशाना बनाकर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खरिकाबाद रवानी बस्ती निवासी पवन दास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## धनबाद और पोत्तनूर के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नई अमृत ट्रेन

संवाददाता



**धनबाद।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर धनबाद और पोत्तनूर (कोयंबत्तूर) के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नई अमृत भारत ट्रेन 16619/16620 पोत्तनूर-धनबाद-पोत्तनूर अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है. इस नई ट्रेन का परिचालन बोकारो-रांची-राउरकेला-संबलपुर-टिटिलागढ़-रायगड़ा-विजयवाड़ा-काटपाडी-सलेम-कोयंबत्तूर के रास्ते किया जाएगा। इस नई ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ 11.03.2026 को पोत्तनूर से गाड़ी सं. 06619 पोत्तनूर-धनबाद उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जा रहा है. गाड़ी सं. 06619 पोत्तनूर-धनबाद अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल पोत्तनूर से 11.03.2026 बुधवार को 17.30 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए शुक्रवार को 07.30 बजे रांची, 08.40 बजे मूरी, 10.00 बजे बोकारो स्टील सिटी, 10.50 बजे चन्द्रपुरा, 11.28 बजे कतरासगढ़ एवं 12.30 बजे धनबाद पहुंचेगी वापसी में दिनांक 14.03.2026 को यह गाड़ी सं. 03375 धनबाद-पोत्तनूर अमृत भारत स्पेशल के रूप में धनबाद से 14.00 बजे खुलकर 14.25 बजे कतरासगढ़, 14.58 बजे चन्द्रपुरा, 15.50 बजे बोकारो स्टील सिटी, 16.40 बजे मूरी, 18.00 बजे रांची एवं 18.25 बजे हटिया सहित विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 16.03.2026 को 11.20 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने दी है.

# स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं का निरीक्षण

संवाददाता



**कोडरमा।** आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने हेतु विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण श्री राहुल यादव, निदेशक, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा श्री रवि पांडे, डिप्टी सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस द्वारा किया गया। इस दौरान आकांक्षी प्रखंड के अंतर्गत संचालित विभिन्न इंडिकेटर्स जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन तथा कृषि एवं पशुपालन से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।दूसरे दिन भी दोनों अधिकारी आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो पहुंचे और स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों, ग्रामीण आवास, पेयजल तथा आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।इस क्रम में नवाडीह पंचायत के दरदाही स्थित सक्षम मॉडल आंगनबाड़ी सह प्री-नर्सरी स्कूल का निरीक्षण किया गया। यहां महिलाओं एवं बच्चों को दिए जा रहे पूरक पोषण आहार, बच्चों के मापन की दक्षता तथा "पोषण भी, पढ़ाई भी" अभियान के तहत संचालित प्रोजेक्ट किलकारी की प्रगति की जानकारी ली गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यशील शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया।इसके उपरांत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, योगीडीह का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को दी जा रही शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। विद्यालय परिसर में विकसित पोषक वाटिका को देखकर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा वहां पौधारोपण भी किया।कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के अंतर्गत मरकच्चो महिला किसान उत्पादक संगठन (FPO) के कार्यों का अवलोकन किया गया। इस दौरान प्रखंड में स्वीकृत एफपीओ के विरुद्ध गठित संगठनों की स्थिति, "वन ब्लॉक वन प्रोडक्ट" के तहत मिलेट (मोटा अनाज) की खेती तथा उससे जुड़े बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकज की जानकारी ली गई।ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत तेलोडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान लाभुकों से संवाद कर आवास योजना के साथ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन , जल जीवन मिशन तथा मनरेगा के माध्यम से किए जा रहे अभिसरण कार्यों की जानकारी ली गई।जल जीवन मिशन के तहत घर-घर कार्यशील नल जल कनेक्शन की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। साथ ही के माध्यम से निगरानी एवं मूल्यांकन तथा पानी समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त तेलोडीह बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा इस योजना से लाभान्वित होने वाले गांवों के बारे में भी जानकारी ली गई। इसी क्रम में विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर प्लंबरों को प्रशस्ति पत्र एवं किट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।आधारभूत संरचना के अंतर्गत मरकच्चो उत्तर पंचायत भवन का निरीक्षण कर पंचायत स्तर पर डिजिटल पंचायत की स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान पंचायत सचिव कक्ष, कॉमन सर्विस सेंटर तथा पंचायत ज्ञान केंद्र का अवलोकन किया गया। साथ ही मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। सामाजिक विकास के अंतर्गत डागरनावा पंचायत के सिमरकुंडी गांव में बाल मित्र ग्राम मॉडल का सत्यापन किया गया। साथ ही माइका खनन क्षेत्र एवं पीवीटीजी बहुल गांवों में बाल श्रम मुक्त गांव बनाने की दिशा में चल रही पहलों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बाल श्रम मुक्त माइका गांवों के ग्रामीणों के साथ संवाद कर बचाव एवं पुनर्वास की प्रक्रिया की भी जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त वन संरक्षण के लिए वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री राहुल यादव, निदेशक मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उपायुक्त ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सौमित्र शुक्ला तथा उप विकास आयुक्त रवि जैन ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज, उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेखा रानी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## जमुआ का विकास ही मेरी प्राथमिकता है, और इसके लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगाः विधायक मंजू कुमारी

**गिरिडीह।** विधायक मंजू कुमारी ने जमुआ, मिर्जागंज और खरगडीहा में शहरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु //नगर_पंचायत बनाने की मांग सदन में जोरदार तरीके से उठाई..जमुआ विधानसभा क्षेत्र के विकास, स्वच्छता व्यवस्था और आधुनिक शहरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मैंने विधानसभा में मिर्जागंज, खरगडीहा और जमुआ को एकीकृत कर नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग मजबूती के साथ उठाई।उन्होंने ने कहा कि मेरे द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के उत्तर में सरकार ने स्वयं स्वीकार किया है कि मिर्जागंज, खरगडीहा एवं जमुआ क्षेत्र सामाजिक और आर्थिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं तथा यहां की आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद आज भी यहां सफाई व्यवस्था की कमी, सड़कों और नालियों में जमा कचरे तथा बुनियादी शहरी सुविधाओं के अभाव के कारण आम जनता को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने अपने जवाब में यह भी माना है कि यदि मिर्जागंज, खरगडीहा और जमुआ को एकीकृत कर नगर पंचायत बनाया जाता है, तो यहां की बड़ी आबादी को पेयजल, स्ट्रीट लाइट, बेहतर सड़क, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण शहरी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा, जिससे पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।फिलहाल जनगणना प्रक्रिया के कारण प्रशासनिक सीमाओं में परिवर्तन पर अस्थायी रोक का हवाला दिया गया है, लेकिन जमुआ की जनता के हित में इस मांग को पूरा कराने के लिए मेरा प्रयास और संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि मैं जमुआ विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता को आश्वस्त करती हूँ कि क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, बेहतर आधारभूत सुविधाओं और जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन से लेकर सरकार तक पूरी मजबूती के साथ उठाती रहूँगी।जमुआ का विकास ही मेरी प्राथमिकता है, और इसके लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा।

## रामदास घटवार स्मृति मेला को लेकर बैठक आयोजित

**सिल्ली।** आगामी 5 अप्रैल को मनाए जाने वाली रामदास घटवार स्मृति मेला को लेकर 10 मार्च मंगलवार को नव प्राथमिक विद्यालय परिसर खेरबेड़ा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वेनी सिंह नायक ने किया एवं संचालन मनु सिंह ने किया। बैठक में मेला के सफल संचालन हेतु एक शांति समिति की गठन की गई एवं कई प्रस्ताव पारित किए गए। मेला में दिन में स्कूली छात्र-छात्राओं को लेकर खेलकूद का आयोजन तथा रात्रि में छऊ नित्य का आयोजन किया जाएगा।

## धनबाद में एलपीजी गैस को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती दिख रही

**धनबाद।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव की खबरों के बीच धनबाद में एलपीजी गैस को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती दिख रही है। गैस की संभावित कमी की अफवाह के कारण कई लोग गैस एजेंसियों के बाहर लाइन लगाकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए,जानकारी के अनुसार धनबाद जिले में करीब 6.40 लाख एलपीजी उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को 31 गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाती है। इनमें 17 एजेंसियां इंडियन ऑयल की, जबकि 7-7 एजेंसियां भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की हैं। सामान्य दिनों में जिले में रोजाना करीब 16 हजार सिलेंडर की डिलीवरी होती है, लेकिन अफवाह फैलने के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 20 हजार तक पहुंच गई है।गैस लेने पहुंचे चंद्र भूषण प्रसाद ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए लोग पहले से गैस लेने पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ एजेंसियों में सर्वर की समस्या के कारण लोगों को थोड़ी परेशानी भी हो रही है।स्थानीय निवासी आनंद दुबे ने बताया कि अभी गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता अगर बुकिंग करते हैं तो गैस सिलेंडर घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही गैस बुक करें।

## ट्यूशन शिक्षक ने की दो बच्चों की पिटाई, थाने में शिकायत

**पूर्वी सिंहभूम।** जुगसलाई थाना क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ाने वाले एक शिक्षक की क्रूरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि परीक्षा में कम अंक आने से नाराज शिक्षक ने दो छोटे बच्चों को बुरी तरह पीट दिया। इस मारपीट में एक बच्ची की उंगली टूट गई, जबकि दोनों बच्चों के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक जुगसलाई निवासी तैयबा के बच्चे गुलाम गौश और मायरा फिरदौस स्थानीय शिक्षक प्रभात के पास ट्यूशन पढ़ने जाते थे। दोनों बच्चे बेलडीह चर्च स्कूल के छात्र हैं। सोमवार को स्कूल में परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ था। मंगलवार को दोनों बच्चे अपना रिजल्ट लेकर ट्यूशन शिक्षक के पास पहुंचे थे।बताया जाता है कि जैसे ही शिक्षक प्रभात ने बच्चों के कम अंक देखे, वह गुस्से से भड़क उठा और दोनों को डंडे और हाथ से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बच्चों को इस तरह पीटा गया कि उनके शरीर पर चोट के गहरे निशान पड़ गए और मायरा फिरदौस की एक उंगली भी फ्रैक्चर हो गई।बच्चों की मां तैयबा ने बताया कि जब वह शाम को ट्यूशन से बच्चों को लेने पहुंचीं तो उनका बेटा डरा हुआ था और शिक्षक को धक्का देकर उनके पास भाग आया। घर पहुंचने पर जब बच्चों की हालत देखी गई तो परिजनों के होश उड़ गए। दोनों बच्चों के शरीर पर मारपीट के निशान थे और बेटी की उंगली टूट चुकी थी। इफ्तार के समय बच्चों की हालत देखकर परिवार में अफरा-तफरी मच गई।घटना से आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार की रात जुगसलाई थाना पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बच्चों का प्राथमिक उपचार कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## गिरिडीह में प्रखंड स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन, मरीजों को मिला निःशुल्क इलाज और दवा



**गिरिडीह।** आयुष विभाग गिरिडीह की ओर से प्रखंड स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ऑस्टियो आर्थराइटिस, मस्कुलोस्केलेटल केयर, वात रोग, नसों से संबंधित बीमारियों सहित विभिन्न रोगों का उपचार किया गया।शिविर में आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक एवं योग पद्धति के माध्यम से मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।आयुष विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि इस तरह के शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में आए मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष समिति, गिरिडीह के तत्वावधान में राष्ट्रीय आयुष मिशन, झारखंड सरकार के सहयोग से किया गया। इस दौरान डॉ बुशरा तबस्सुम, डॉ पूनम राय,डॉ रविकांत वर्मा, पुष्पा शक्ति, सोनी साह, रूपम श्रीवास्तव, आशीष कुमार, अमर प्रशांत,आनंद वर्मा सहित विभाग के चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# छापामारी में हाईवा जब्त, हजारों घनफीट अवैध बालू भंडारण का हुआ खुलासा

संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी, अंचल प्रशासन एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से सिसई एवं बसिया थाना क्षेत्रों में औचक छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें अवैध बालू परिवहन एवं भंडारण के कई मामले सामने आए हैं।10 मार्च को सुबह लगभग 06:00 बजे सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमला–रांची रोड स्थित ओवरब्रिज महुआडीपा के समीप छापामारी के दौरान बालू लदा टाटा कंपनी का 16 चक्का हाईवा (पंजीकरण संख्या JH07N-3746) को जांच हेतु रोका गया। जांच दल को देखकर चालक वाहन खड़ा कर मौके से फरार हो गया। वाहन का ऑनलाइन JIMMS पोर्टल पर चालान जांच करने पर कोई वैध चालान नहीं पाया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि वाहन द्वारा अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था।मौके पर बालू की मात्रा लगभग 1355 घनफीट पाई गई। उक्त हाईवा को जब्त कर सिसई थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है तथा वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।उसी दिन सिसई थाना क्षेत्र के मौजा चट्टीटोली में भी जिला खनन पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक द्वारा संयुक्त छापामारी की गई। छापामारी के दौरान कोयल नदी से अवैध रूप से बालू उत्खनन कर लगभग 20,000 घनफीट बालू का भंडारण दो अलग-अलग स्थानों पर किया हुआ पाया गया।जांच में यह भी पाया गया कि बालू भंडारण के लिए सुरक्षित वन क्षेत्र को काटकर रास्ता बनाया गया था। स्थानीय पूछताछ में इस अवैध भंडारण में तिजू उरांव, दशरथ गौरा, डेवठु लोहरा, पंचु पुजार एवं धर्मवीर उरांव (सभी निवासी चट्टीटोली, थाना सिसई) की संलिप्तता सामने आई है। उक्त स्थल पर कोई खनन पट्टा अथवा भंडारण अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई, जिसके आधार पर बालू को झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 54A के तहत जब्त किया गया है। जब्त बालू का निष्पादन उपायुक्त के स्तर से नीलामी के माध्यम से किया जाएगा।11 मार्च को अपराह्न 02:00 बजे बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा टेंगरा में जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी बसिया एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त छापामारी की गई। इस दौरान कोयल नदी से अवैध रूप से उत्खनन कर लगभग 22,000 घनफीट बालू का भंडारण किया हुआ पाया गया।स्थानीय स्तर पर पूछताछ के दौरान किसी व्यक्ति का नाम स्पष्ट नहीं हो सका। उक्त स्थल पर भी किसी प्रकार का खनन पट्टा या भंडारण अनुज्ञप्ति नहीं पाया गया, जिसके कारण बालू को झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 54A के तहत जब्त किया गया है। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों एवं संबंधित भूमि स्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध पट्टा अथवा अनुज्ञप्ति के खनिज का उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करना खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा झारखंड मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रूल 2017 के तहत दंडनीय अपराध है।जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि अवैध खनन से सरकारी राजस्व की क्षति होती है तथा राष्ट्रीय संपदा का भी नुकसान होता है। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिले में लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।

## कॉरिडोर के अतिक्रमण होने से हाथी सहित अन्य जंगली जानवरों का हुआ भटकाव

संवाददाता




**लातेहार/ बेतला।** बुधवार को पलामू टाइगर रिजर्व सहित पूरे झारखंड के जंगल और जानवरों को बचाने को लेकर वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया और पीटीआर के तत्वावधान में मीडिया की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बेतला में किया गया। इस दौरान में मानव एवं वन्य जीवों में संघर्ष खास करके हाथी और मानव के बीच के संघर्ष पर समीक्षा किया गया । इस मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रवि रंजन ने कहा कि आज मानव एवं वन्यजीव में संघर्ष होना एक बहुत बड़ा चुनौती बन हुआ है। आज समय का बदलाव आया है जंगलों की अंधाधुंध कटाई , खनन , फोर लेन सड़क निर्माण , रेलवे लाइन विस्तारीकरण , शहरीकरण के कारण से जानवर गांवों से लेकर शहरों की ओर जा रहे हैं। बढ़ती आबादी के कारण ही जंगली जानवर अपने प्राकृतिक आवास से दूर हते जा रहें हैं। उनके कॉरिडोर का अतिक्रमण काफी तेजी से हो रहा है ऐसे में हाथी सहित अन्य जंगली जानवर भटक कर के इधर-उधर जा रहे हैं जिसके कारण स्थिति बिगड़ते जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा इस पर रोकथाम के लिये पूरी ताकत से काम किया जा रहा है बावजूद इसके अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहा है फील्ड डायरेक्टर एस आर नटेश ने कहा कि जंगली जानवर पर्यावरण का अहम हिस्सा हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन से ही हमारे पृथ्वी सुरक्षित रहेगा हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि हमें पृथ्वी की जरूरत है न कि पृथ्वी को हमारी जरूरत है। इसलिये हमें ही पृथ्वी के संरक्षण के दिशा में बढ़कर आगे काम करना होगा इसलिये हमारा भी यह परम कर्तव्य बनता है कि आने वाले पीढ़ी के लिये जंगलों और जानवरों को सुरक्षित रखें। इस मौके पर प्रशिक्षक विराट सिंह , अंकित ठाकुर , डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष , छतरपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार , रेंजर उमेश कुमार दुबे व अजय टोप्पो समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## नाबार्ड प्रायोजित पेशम ग्रामीण हाट का हुआ उद्घाटन डीडीसी ने किया शुभारंभ

संवाददाता



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित ग्रामीण हाट का उद्घाटन बुधवार को गिरिडीह की उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि ने किया। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीडीएम आशुतोष प्रकाश, बिरनी के बीडीओ, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।इस अवसर पर डीडीसी स्मिता कुमारी ने कहा कि ग्रामीण हाट किसानों, कारीगरों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण उत्पादकों को अपने कृषि एवं प्राथमिक उत्पादों की बिक्री के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की ग्रामीण अवसंरचना स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।परियोजना के तहत ग्रामीणों की सुविधा और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए हाट परिसर में शेड, गोदाम, शौचालय और सोलर लाइट जैसी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे किसानों और ग्रामीण उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा।कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन के तहत "जल अर्पण दिवस" भी मनाया गया, जिसमें जल सहिया एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।ग्रामीणों ने इस पहल को बाजार सुविधा, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की प्रेरणादायक महिलाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता



**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए उनके साहस, संघर्ष और समाज में दिए जा रहे सकारात्मक योगदान की सराहना की गई इस अवसर पर बिशुनपुर प्रखंड की अष्टम उरांव के परिवार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अष्टम उरांव ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम में स्थान बनाकर जिले एवं राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि जिले की बेटियों के लिए प्रेरणादायक है।चैनपुर प्रखंड की फिलिसिता बरा को किसान समृद्धि योजना से जुड़कर खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने आधुनिक खेती अपनाकर अपने कृषि उत्पादों को बाजार में बेचते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में मिसाल प्रस्तुत की है।गुमला प्रखंड के तेलगांव पंचायत की उमा देवी को वैज्ञानिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने आत्मा एवं कृषि विभाग के सहयोग से उन्नत बीज, सोलर पंप और ड्रिप सिंचाई की मदद से लगभग 7 एकड़ भूमि में आधुनिक पद्धति से खेती कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया है।इसी पंचायत की प्रगतिशील किसान कल्याणी देवी को एकीकृत खेती एवं पोल्ट्री फार्मिंग के माध्यम से सफल कृषि मॉडल विकसित करने के लिए सम्मानित किया गया। वे लगभग 5 एकड़ भूमि में विभिन्न मौसमी सब्जियों का उत्पादन कर प्रतिवर्ष अच्छी आय अर्जित कर रही हैं तथा अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रही हैं।घाघरा प्रखंड के हालमाटी गांव की पूनी कुमारी को जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। उनके प्रयासों से गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में अनेक किसान जैविक खेती की ओर अग्रसर हुए हैं।कामडारा प्रखंड की हेमावती देवी को फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जुड़कर हंडिया-दारू का व्यवसाय छोड़ लाह की खेती अपनाने तथा अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया।वहीं ललिता लकड़ा को मानवाधिकार एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने Law and Equity NGO से जुड़कर 11 लापता/अनाथ बच्चों को सहायता पहुंचाने तथा डायन-बिसाही से पीड़ित 7 महिलाओं को सहयोग प्रदान कर समाज में जागरूकता और सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है।उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि जिले की ये सभी महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। जिला प्रशासन महिलाओं के सशक्तिकरण एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## दुर्घटनाग्रस्त कार से 92 किलोग्राम गांजा बरामद



संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने बुधवार को 87 पैकेट में 92 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बता दें कि , बुधवार की सुबह में रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र के सिकनी गांव के पास दो कारों के बीच में सीधी टक्कर हो गया। इनमें से एक कार जेएच 01ई वाई-6332 और दूसरे कार जे एच -05एएस-5465 थी। दुर्घटना के बाद में एक कार में सवार लोग कार से फरार हो गये , कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था कार के अगले हिस्से का पहिया भी निकल चुका था इसके कारण से वाहन चालक उसे लेकर भाग नहीं पाये और वाहन को वहीं छोड़ कर फरार हो गये थे। इस घटना की सूचना मिलने के बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों की तलाशी लेना शुरू कर दिया। इसी दौरान वाहन संख्या जेएच 05एएस-5465 में पुलिस ने कुल 87 पैकेट में 92 किलोग्राम गांजा बरामद किया है पुलिस वाहन के फरार कार चालक और उसके मालिक की गिरफ्तारी के लिये छापामारी कर रही है।

## यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों का कटा आनलाईन चालान

संवाददाता



**लातेहार।** जिला परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों के विरुद्ध में वाहन चलाने दोपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनों का डिजिटल चलाना काटा गया। जिले में परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन किये जाने के लिये लगातार आनलाईन फाइन काटा जा रहा है किया जा रहा है। इसके बावजूद भी वाहन चालक नियमों को नहीं मानते हैं वैसे ही वाहन चालको के खिलाफ में कार्रवाई किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से उन चालकों का चालान काटे गये हैं जो बिना हेलमेट पहने हुये दोपहिया वाहन पर तीन लोगों सवारी कर रहे थे। जिले में सीसीटीवी आधारित ऑनलाइन चालान प्रणाली से फाइन करने का एक मुख्य कारण है आये दिन होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में हो रहे वृद्धि में कमी लाना एवं नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग करना।अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक एवं जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल द्वारा आज संयुक्त रूप से बालूमाथ थाना के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम 53 , एवं जिला मुख्यालय के धर्मपुर चौक सीसीटीवी से 68 कुल 121 वगैर हेलमेट धारण किये गये वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुये 1,21,000 का जुर्माना वसूली की गई है।इस दौरान में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक एवं परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने कहा कि यह अभियान जिले में आगे भी जारी रखा जायेगा। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अपील करते हुये कहा कि है बिना हेलमेट पहने हुये दोपहिया वाहन नहीं चलाये साथ ही दो से अधिक दोपहिया वाहन पर सवार होकर नहीं चलें वहीं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का नियमित रूप से उपयोग करें। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे हुये सीसीटीवी कैमरों की निगरानी यातायात नियंत्रण कक्ष से लगातार ही की जा रही है, ताकि जिले में सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके एवं सड़क दुघर्टना में किसी भी व्यक्ति की असामयिक मौत नहीं हो।



## आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का दबदबा

# अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पहले दो स्थान पर

**नई दिल्ली (हि.स.):** पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जरी की है, जिसमें अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने इतिहास रच दिया है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में पहली बार भारत के दो बल्लेबाज पहले और दूसरे स्थान पर काबिज हुए हैं। अभिषेक शर्मा 875 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अहमदाबाद स्टेडियम में 21 गेंदों पर 52 रन की तेज पारी खेलकर अपनी बढ़त बरकरार रखी। ईशान किशन ने फाइनल में 25 गेंदों पर 52 रन और सेमीफाइनल में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 18 गेंदों पर 39 रन बनाकर दूसरे स्थान पर छलांग लगा दी। दोनों भारतीय बल्लेबाजों के बीच सिर्फ चार रेटिंग अंकों का अंतर है। ऐसे में ईशान किशन के पास जल्द ही नंबर एक बनने का मौका है। यदि वह ऐसा करते हैं तो वह विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा के बाद टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।

**अन्य बल्लेबाजों को भी फायदा:** ताजा रैंकिंग में टिम साइफर्ट को भी फायदा हुआ है। उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 58 और फाइनल में भारत के खिलाफ 52 रन बनाकर चार स्थान की छलांग लगाई और करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग हासिल की। इसके अलावा जैकब बेथेल ने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक लगाकर 16वां स्थान हासिल किया। वहीं टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संजू सैमसन 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सैमसन ने टूनामेंट में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ नाबाद 97 और इंग्लैंड तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ 89-89 रन की पारियां खेली थीं।भारतीय खिलाड़ियों में शिवम दुबे 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि विल जैक्स भी 58वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

## आईसीसी ने घोषित की टी-20 विश्व कप की इनामी राशि

# भारतीय क्रिकेट टीम को मिले 26,39,423 अमेरिकी डॉलर

नई दिल्ली, 11 मार्च (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के समापन के बाद खिलाड़ियों के लिए तय कुल 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर की प्राइज मनी का अंतिम वितरण घोषित कर दिया है। टूनामेंट की विजेता टीम भारतीय क्रिकेट टीम को सबसे बड़ी राशि 26,39,423 अमेरिकी डॉलर (करीब 26.39 लाख डॉलर) मिली है, जो सभी टीमों में सबसे अधिक है।

टीम इंडिया ने पूरे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और इसी के साथ प्राइज मनी सूची में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। उपविजेता न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 14,22,692 डॉलर मिले, जबकि तीसरे स्थान पर रही दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 10,05,577 डॉलर की राशि मिली।




**हर टीम को मिला बेस भुगतान:** आईसीसी के अनुसार टूनामेंट में भाग लेने वाली हर टीम को 2,25,000 डॉलर का बेस भुगतान दिया गया। इसके अलावा टीमों को उनके प्रदर्शन, मैच जीतने और विभिन्न चरणों में आगे बढ़ने के आधार पर अतिरिक्त राशि दी गई।

**भारत का दबदबा:** इस बार टूनामेंट में भारत का प्रदर्शन बेहद दमदार रहा। टीम ने ग्रुप चरण से लेकर नॉकआउट मुकाबलों तक लगातार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई और खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इसी शानदार प्रदर्शन का परिणाम है कि खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा प्राइज मनी मिली।

**अन्य टीमों को मिली इतनी राशि:** चौथे स्थान पर रही इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 9,74,423 डॉलर मिले। इसके बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 5,38,269 डॉलर, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 5,22,692 डॉलर, और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को 4,91,538 डॉलर की राशि दी गई। इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम, संयुक्त राज्य अमेरिका क्रिकेट टीम सहित अन्य टीमों को भी उनके प्रदर्शन के अनुसार प्राइज मनी मिली। इस तरह टी-20 विश्व कप में भारत ने न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि प्राइज मनी के मामले में भी सबसे बड़ा इनाम अपने नाम किया।

# टी20 विश्व कप 2026 के बाद दक्षिण अफ्रीका व वेस्टइंडीज टीमों की वापसी शुरू

**नई दिल्ली (हि.स.):** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली कुछ टीमों के खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और उनके परिवारों की घर वापसी में देरी हो रही है। आईसीसी ने कहा कि टूनामेंट में अपने अभियान समाप्त कर चुके सभी लोग जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया है। आईसीसी के अनुसार यह देरी खाड़ी क्षेत्र में जारी संकट के कारण हो रही है, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। कई देशों के हवाई क्षेत्र बंद हैं, मिसाइल चेतावनियां जारी की जा रही हैं और उड़ानों के मार्ग बदले जा रहे हैं। इसके अलावा कई कमर्शियल और चार्टर उड़ानों को अचानक रद्द या पुनर्निर्धारित करना पड़ा है। आईसीसी ने स्पष्ट किया कि ये परिस्थितियां उसके नियंत्रण से बाहर हैं, जिससे खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था सामान्य से कहीं अधिक जटिल और समय लेने वाली हो गई है।



आईसीसी ने बताया कि वह लगातार एयरलाइंस, चार्टर ऑपरेटर, एयरपोर्ट प्राधिकरण, ग्राउंड हैंडलर और विभिन्न देशों की सरकारी एजेंसियों के साथ संपर्क में है, ताकि सभी प्रभावित समूहों की सुरक्षित घर वापसी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा सके।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के सदस्य आज रात से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना शुरू करेंगे और अगले 36 घंटों के भीतर सभी के प्रस्थान की उम्मीद है। वहीं वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के नौ सदस्य पहले ही कैरेबियन के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 सदस्य अगले 24 घंटों के भीतर भारत से उड़ान भरेंगे। आगे की प्रस्थान व्यवस्था की पुष्टि होने पर आईसीसी अतिरिक्त जानकारी साझा करेगा। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इन फैसलों के पीछे केवल सुरक्षा, व्यवहारिकता और खिलाड़ियों के कल्याण को ध्यान में रखा गया है। मीडिया के कुछ मंचों पर सामने आ रही अन्य अटकलों को परिषद ने पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया। परिषद ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के लिए की गई यात्रा व्यवस्था का पहले इंग्लैंड क्रिकेट टीम या किसी अन्य देश की व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि सभी मामलों में परिस्थितियां, यात्रा मार्ग और उड़ान विकल्प अलग-अलग रहे हैं।

आईसीसी ने दोहराया कि इस पूरे समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों और उनके परिवारों की सुरक्षा और भलाई है। परिषद ने कहा कि जब तक यात्रा व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाती, तब तक किसी को भी रवाना नहीं किया जाएगा। आईसीसी ने खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, क्रिकेट बोर्ड और सहयोगी साझेदारों को इस कठिन परिस्थिति में धैर्य और सहयोग बनाए रखने के लिए धन्यवाद भी दिया।

# फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने चैम्पियन इलेवन को 30 रन से हराया

**मुरादाबाद (हि.स.):** रेलवे स्टेडियम में बुधवार को खेले गए इंटर क्लब क्रिकेट मुकाबले में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने चैम्पियन इलेवन को 30 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सुभाष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। टीम की ओर से सुभाष ने 51 और सचिन ने 48 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैम्पियन इलेवन की टीम 24.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अमित ने 39 और अचिन ने 38 रन की पारी खेली। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सुभाष ने



20 रन देकर चार विकेट लिए। 51 रन की पारी खेलने वाले और 4 विकेट झटकने वाले फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सुभाष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# इंडियन वेल्स में आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया, क्वार्टरफाइनल में प्रवेश

**इंडियन वेल्स (हि.स.):** विश्व की नंबर एक बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने ग्रैंड स्लैम विजेताओं की टक्कर में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को जापान की नाओमी ओसाका को 6-2, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब सबालेंका क्वार्टरफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा और विक्टोरिया मबोको के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी। सबालेंका ने पूरे मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाते हुए 31 विनर और आठ ऐस लगाए। उन्होंने पहले सेट में दो बार ओसाका की सर्विस तोड़ते हुए आसानी से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में




ओसाका ने लय पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सबालेंका की मजबूत सर्विस को भेदने में वह नाकाम रहीं। सबालेंका ने दूसरे सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 4-3 की बढ़त बनाने के लिए शानदार फोरहैंड विनर लगाए। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह सिर्फ दूसरा मुकाबला था। इससे पहले 2018 में खेले गए मैच में ओसाका ने जीत हासिल की थी और उसी वर्ष उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। सबालेंका ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने कोर्ट पर विविधता लाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा, जिससे अहम मौकों पर ओसाका भ्रमित नजर आईं।

### तालिया गिब्सन का शानदार प्रदर्शन

**इस** बीच ऑस्ट्रेलिया की क्वालीफायर तालिया गिब्सन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी को 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। 21 वर्षीय गिब्सन ने मैच में कुल 42 विनर लगाए और अपने करियर में पहली बार किसी शीर्ष-10 खिलाड़ी को हराया। पहले सेट में उन्होंने आखिरी क्षणों में ब्रेक हासिल कर बढ़त बनाई। दूसरे सेट में पाओलिनी ने 3-0 की बढ़त के साथ वापसी की, लेकिन निर्णायक सेट में गिब्सन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। विश्व रैंकिंग में 112वें स्थान पर काबिज गिब्सन ने मैच के बाद कहा कि वह इस जीत से बेहद भावुक हैं और खुद भी अपने प्रदर्शन से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि उनका आक्रामक खेल उन्हें लगातार मौके बनाने में मदद करता है और इंडियन वेल्स में वह उसी रणनीति के साथ आगे बढ़ रही हैं।

# फीफा विश्व कप 2026 प्ले ऑफ से पहले इराकी खिलाड़ियों को मिलना शुरू हुआ वीजा

**मेक्सिको सिटी (हि.स.):** फीफा विश्व कप 2026 के अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ मुकाबले से पहले इराक राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बताया कि 31 मार्च को मॉन्टेरी में होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले इराकी खिलाड़ियों के लिए वीजा जारी किए जा रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार 8 मार्च को कुछ खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया मेक्सिको दूतावास, सऊदी अरब में पूरी की गई थी,



जबकि अन्य खिलाड़ियों और अधिकारियों की प्रक्रिया मंगलवार को मेक्सिको दूतावास, कतर में पूरी की जानी है। हालांकि सरकार ने यह नहीं बताया कि अब तक कितने खिलाड़ियों को वीजा दिया गया है। दरअसल क्षेत्र में जारी युद्ध के कारण इराकी टीम को यात्रा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण टीम के कई खिलाड़ी अभी तक एक स्थान पर एकत्र नहीं हो पाए हैं, जिससे उनकी तैयारियों पर असर पड़ा है।

अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में इराक राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का सामना सूरीनाम राष्ट्रीय फुटबॉल टीम और बोलीविया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। इस मैच के विजेता को विश्व कप के ग्रुप चरण में जगह मिलेगी, जहां उसे फ्रांस राष्ट्रीय फुटबॉल टीम, नॉर्वे राष्ट्रीय फुटबॉल टीम और सेनेगल राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ ग्रुप में रखा जाएगा। इराक के मुख्य कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए फीफा से अंतरमहाद्वीपीय क्वालीफायर को स्थगित करने का अनुरोध भी किया है। उनका कहना है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण टीम के अधिकांश खिलाड़ी, जो घरेलू लीग में खेलते हैं, अभी तक एक साथ नहीं जुट पाए हैं। इस बीच मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बताया कि वह मेक्सिको में इराक दूतावास के संपर्क में है और इराकी राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों के दस्तावेज तैयार करने में हर संभव सहायता प्रदान करेगा।


# कबड्डी के चाणक्य रणधीर सिंह सेहरावत बने गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच

**अहमदाबाद (हि.स.):** अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने आगामी प्रो कबड्डी लीग सत्र से पहले अनुभवी कोच रणधीर सिंह सेहरावत को गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कबड्डी के चाणक्य के नाम से प्रसिद्ध सेहरावत लीग के सबसे अनुभवी कोचों में गिने जाते हैं। वह वर्ष 2014 में शुरू हुई प्रो कबड्डी लीग से ही इससे जुड़े रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में टीमों ने एक बार खिताब जीता है और छह बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सेहरावत के पास कबड्डी का लंबा अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेल कबड्डी टीम के कोच के रूप में पुरुष और महिला दोनों टीमों को कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब दिलाए हैं। खिलाड़ी के रूप में भी सेहरावत का करियर शानदार रहा है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप 1988, दक्षिण एशियाई खेल 1989 और एशियाई खेल 1990 शामिल हैं।

हिन्दी दैनिक एक संदेश स्वात्वाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जय गोविन्द प्रसाद द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन(प्राईवेट) लिमिटेड, नियर टेंडर बगीचा, एच पी पेट्रोल पंप रातू, रांची -835222 से मुद्रित एवम रविन्द्र नगर, चिरौंदी, रांची, झारखण्ड से प्रकाशित, संपादकः- जय गोविन्द प्रसाद* ( *पी.आर.बी. एक्ट के तहत इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु उत्तरदायी) **RNI No. JHAHIN/2013/53893,** E-mail Id- eksandesh.jharkhand@gmail.com, 0651-2972160, 9471305595 समस्त विवादों का निपटारा स्थानीय अदालत रांची में होगा।


## एक नजर

### कमजोर बाजार में सिडेमैक मेकेट्रॉनिक्स की मजबूत शुरूआत, मुनाफे में आईपीओ निवेशक




**नई दिल्ली (हि.सं):** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का माहौल होने के बावजूद पावरट्रेन कंट्रोलर्स, मोटर कंट्रोल प्रोडक्ट्स और इंटीग्रेटेड स्टार्टर-जेनेरेटर सॉल्यूशंस बनाने वाली कंपनी सीडेमैक मेकेट्रॉनिक्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 1,352 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 1,510 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 1,535 रुपये के स्तर पर हुई।

### निवेशकों को एक दिन में ही लगी पांच लाख करोड़ से अधिक की चपत



**नई दिल्ली (हि.स.):** सिर्फ एक दिन की मजबूती के बाद घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,565 अंक से अधिक टूट गया, वहीं निफ्टी भी इंट्रा-डे में 460 अंक से अधिक लुढ़क गया। इस जोरदार गिरावट के कारण निवेशकों को एक दिन में ही पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया। आज की गिरावट के लिए मुख्य रूप से चार फैक्टर्स को जिम्मेदार माना जा रहा है।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में आमतौर पर खरीदारी का रुख



**नई दिल्ली (हि.स.):** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार होता रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह का माहौल बना रहा। वहीं एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक सपाट स्तर पर बंद हुए।

# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला एप्सिस एयरोकॉम का आईपीओ, 13 मार्च तक लगा सकते हैं बोली

**नई दिल्ली (हि.स.):** एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के लिए काम करने वाली कंपनी एप्सिस एयरोकॉम का 35.77 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 13 मार्च तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 16 मार्च को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 17 मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 18 मार्च को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। आईपीओ खुलने के बाद पहले दिन इसे सिर्फ नौ प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल सका है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 104 रुपये से लेकर 110 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय



किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। एप्सिस एयरोकॉम के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,64,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32.52 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें मार्केट मेकर्स के लिए रिजर्व किए गए 1,65,600 शेयर भी शामिल हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 47.34 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.28 प्रतिशत हिस्सा, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए 14.28 प्रतिशत हिस्सा और मार्केट मेकर्स के लिए 5.09 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए वनव्यू कॉरपोरेट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि इंटीग्रेटेड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं बैसन इक्विटी ब्रोकिंग लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

### सेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-फरवरी में सबसे अधिक बिक्री दर्ज

**नई दिल्ली (हि.स):** देश के सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी (11 महीने) की अवधि के दौरान अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में 18.24 मिलियन टन (एमटी) स्टील की बिक्री की है, जो कि सालाना आधार पर 14 फीसदी अधिक है। इसी अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सेल का कैश कलेक्शन 1.11 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 10 फीसदी अधिक है। इस दौरान रिटेल बिक्री, स्टॉकयार्ड बिक्री और डोर डिलीवरी में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक अकेले फरवरी 2026 में सेल ने 1.58 मिलियन टन की कुल बिक्री दर्ज की।

### अधिकांश महिलाएं अब स्वतंत्र निवेश निर्णय लेती हैं

**मुंबई (एजेंसी):** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने यूगोव के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी विनवेस्टर पल्स 2025झ26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की जिम्मेदारी का प्रभार तेजी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है। अब अधिकांश महिलाएँ (56%) कहती हैं कि वे 2022 में 44% से तेजी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है। जबकि पुरुष 68% पर नेतृत्व करना जारी रखे हुए हैं, महिलाओं के बीच ऐक्सीलरेशन इंक्रीमेंटल भागीदारी के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है। हालाँकि, स्वतंत्रता का मतलब सलाह से पीछे हटना नहीं है। अब महिलाओं के परामर्श के साथ स्वायत्तता को मिलाने की अधिक संभावना है। चार में से लगभग एक महिला (2025 में 24% बनाम 2022 में 17%) कहती है कि वह एक पेशेवर सलाहकार के परामर्श से पूरी तरह से स्वतंत्र निर्णय करती हैं। जीवनसाथी से प्रोत्साहन भी एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में उभरा है, जिसमें महिलाएँ अपनी निवेश यात्रा में एक प्रभाव के रूप में अपने साथी का हवाला देने की अधिक संभावना रखती हैं। इसी समय, खुद से सीखे गए निवेशक के रूप में दिखाने वाली महिलाओं का अनुपात 13% से बढ़कर 16% हो गया है, जो बढ़ते वित्तीय आत्मविश्वास और स्व-शिक्षण को दशार्ता है।

### सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली (हि.स.):** घरेलू सरार्फा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 670 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 720 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,62,390 रुपये से लेकर 1,62,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,48,860 रुपये से लेकर 1,49,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सरार्फा बाजार में 2,90,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ आरआईआईटी का आईपीओ, 24 मार्च को हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली (हि.स.):** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा समर्थित राजमार्ग इन्फ्रा इनवेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) का 6,000 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 13 मार्च तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 18 मार्च को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 23 मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 24 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। आईपीओ खुलने के बाद पहले दिन इसे 16 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल सका है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 99 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड




तय किया गया है। इस आईपीओ के तहत छह हजार करोड़ रुपये मूल्य के कुल 60 करोड़ शेयर जारी हो रहे हैं। आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 56.46 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 24.60 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए 18.93 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। बताया जा रहा है कि राजमार्ग इंफ्रा इनवेस्टमेंट ट्रस्ट का इरादा देश की चालू टोल सड़क परियोजनाओं को अपने पास रखना और उनसे होने वाली कमाई को निवेशकों में बांटना है।



# जमीनी विवाद में खून का रिश्ता तार-तार भतीजी ने फुआ को उतारा मौत के घाट

एक संदेश संवाददाता



**साहिबगंज/बोरियो:** रिश्तों की मयार्दा जब जमीन के टुकड़े और गुस्से की भेंट चढ़ जाए, तो अंजाम कितना खौफनाक होता है, इसकी बानगी बोरियों प्रखंड के बांझी संथाली गांव में देखने को मिली। बुधवार की सुबह यहां एक भतीजी ने अपनी ही फुआ (बुआ) की पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

**विवाद की जड़: जमीन और पुरानी रंजिश:** मिली जानकारी के अनुसार, बांझी संथाली गांव में रहने वाली 40 वर्षीय संझली हांसदा सुबह अपनी भतीजी तारा हांसदा के घर पहुंची थी। वहां संझली का अपनी भाभी के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद फिर से गहरा गया। देखते ही देखते बात गाली-गलौज से बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गई।

**गुस्से में खोया आपा: सिर पर पत्थर से किया वार:** ग्रामीणों का कहना है कि जब संझली और उसकी भाभी के बीच झगड़ा बढ़ रहा था, तब तारा अपनी माँ के बचाव में बीच-बचाव करने आई। इसी दौरान गुस्से में पागल होकर तारा ने पास पड़ा एक भारी पत्थर उठाया और सीधे अपनी फुआ संझली के सिर पर दे मारा। हमला इतना जोरदार था कि संझली ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**पुलिस की कार्रवाई और गांव में सन्नाटा:** घटना की सूचना मिलते ही बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की शुरूआती जांच करते हुए,आरोपी भतीजी तारा हांसदा को हिरासत में ले लिया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि क्या इस विवाद के पीछे 'अंधविश्वास' का भी कोई एंगल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी से पूछताछ जारी है। हम घटना की तह तक जाने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है।

### चलती बस में लगी आग सभी यात्री सुरक्षित

**रांची:** रांची से छत्तीसगढ़ जा रही शिवनाथ बस में अचानक आग लग गई। आग लगने से बस में सवार लोगों में अफरातफरी मच गई। हालांकि चालक ने सुझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे खड़ा कर सभी सवारियों को उतार दिया जिससे सभी यात्री बाल-बाल बचे।घटना खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग रिंगरोड की है। बस रांची के खादगढ़ा से साढ़े चार बजे छत्तीसगढ़ के रायपुर के लिए चलीं थी। बस में लगभग 40 यात्री बैठे थे। यात्रियों के अनुसार बस जैसे ही कोचबोंग पहुंची धूंआ उठने लगा, जिसे देखकर चालक ने बस किनारे खड़ी कर सभी को उतार दिया। देखते ही देखते आग पूरे बस में फैलने लगी। यात्रियों ने हड़बड़ी में डिक्की में रखें अपने सामानों को निकाला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने अग्निशमन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया परंतु टीम के पहुंचने से पहले आग पूरे बस में फैल चुकी थी। अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बस की छत पर रखें सब्जी एवं कॉपी किताब जलकर राख हो गए।

### जुल्म व आतंकवाद के खिलाफ पैगाम ए इन्सानियत कार्यक्रम का आयोजन



एक संदेश संवाददाता

**रांची:** रांची अंजुमन मुसाफिरखाना में आज दिनांक 11 मार्च 2026 को अमेरिका और इजराइल की साम्राज्यवादी तानाशाही के खिलाफ एक आवाज, मासूम बच्चों के हत्यारों के खिलाफ और दूसरे देशों की सम्प्रभुता पर हमले के खिलाफ एक आवाज ईरान पर हमले के विरोध में, मजलूमों की आवाज शहीद आयतुल्ला सैयद अली खामनाई को एक खिराज-ए-अकीदत सभा का आयोजन किया गया। इस सभा को युवा समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने सजाया। इस सभा में सर्वधर्म के लोग शामिल हुए। सभी ने एक आवाज में कहा हम साम्राज्यवाद, आतंकवाद, जालिमों के खिलाफ हैं। अमेरिका और इजरायल एक आतंकवाद देश हैं जिन्होंने पूरी दुनिया पर अपनी धाक चलाने की कोशिश कर रही है। वहीं झारखंड वफ बोर्ड के सदस्य मौलाना सैयद तजीबुल हसन रिजवी ने इंसानियत सभा को संबोधित करते हुए कहा के अमेरिका यह कोशिश किया कि शिया सुन्नी को आपस में लड़ाया जाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ फिलिस्तीन और गाजा के लिए ईरान लड़ा। यह जंग हिंदू, मुस्लिम, शिया, सुन्नी की नहीं बल्कि इंसानियत को बचाने की जंग है, जिसे ईरान लड़ रहा है। हम लोग देश के वफादार कल भी थे और आज भी हैं। वही झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने पैगाम ए इंसानियत सभा को संबोधित करते हुए कहा के अमेरिका की गुंडागर्दी बढ़ती चली गई, इस जालिम के आगे कोई बोलना नहीं चाहता।

## एक नजर

### सहकारिता मॉडल पर भारत टैक्सी से परिवहन क्षेत्र में आएगी नई क्रांति : डॉ. प्रदीप वर्मा



**नई दिल्ली:** राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने बुधवार को राज्यसभा में सहकारिता आधारित परिवहन सेवा भारत टैक्सी को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। उन्होंने माननीय केंद्रीय सहकारिता मंत्री से यह जानना चाहा कि इस नई सेवा से उपभोक्ताओं को क्या विशेष लाभ प्राप्त होंगे तथा यह पहल देश के युवाओं, किसानों, वाहन चालकों और छोटे उद्यमियों के लिए रोजगार के नए अवसर किस प्रकार सृजित करेगी। डॉ. वर्मा ने कहा कि वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय का गठन सहकारी व्यवस्था को नई दिशा देने वाला दूरदर्शी और ऐतिहासिक कदम था। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि का संकल्प आज देश के करोड़ों किसानों, ग्रामीणों और छोटे उद्यमियों के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मॉडल पर आधारित भारत टैक्सी सेवा की शुरूआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह न केवल यात्रियों को पारदर्शी, सुलभ और बेहतर परिवहन सेवा प्रदान करेगी, बल्कि इससे जुड़े वाहन चालकों, युवाओं और छोटे उद्यमियों के लिए आय एवं रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### एनएसई ने 30 वर्ष पूरे होने पर मनाया जश्न




**रांची:** एनएसई ने आज निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया। निफ्टी 50 भारत का प्रमुख इक्विटी बेंचमार्क है और इसे दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इंडाइसेस में से एक माना जाता है। इस खास अवसर पर मुंबई स्थित एनएसई के एक्सचेंज प्लाजा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाजार से जुड़े कई प्रमुख लीडर्स, निफ्टी 50 कंपनियों के प्रतिनिधि, रेगुलेटर्स और भारत के पूँजी बाजार से जुड़े प्रतिभागी शामिल हुए। श्री तुहिन कांत पांडे, चेयरमैन, सेबी, ने कहा, रनिफ्टी 50 के तीन दशक पूर्ण होने का जश्न मनाना सिर्फ एक इंडेक्स की कहानी नहीं है। यह भारत के पूँजी बाजार और उन्हें मजबूत बनाने वाली संस्थाओं की सम्पूर्ण यात्रा को भी उजागर करता है। इन तीस वर्षों में निफ्टी न सिर्फ कॉर्पोरेट इंडिया की तस्वीर बनकर सामने आया है, बल्कि निवेशकों के भरोसे का पैमाना और बाजार की दिशा बताने वाला अहम् सूचक भी बन गया है। यह यात्रा एक्सचेंज, रेगुलेटर्स, बाजार से जुड़ी संस्थाओं और देशभर के लाखों निवेशकों के मिलकर किए गए प्रयासों से संभव हुई है।

# निहारिका सिन्हा ने यूपीएससी में 365वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

## उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर निहारिका सिन्हा को किया सम्मानित

एक संदेश संवाददाता

**साहिबगंज:** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में साहिबगंज कि बेटी निहारिका सिन्हा ने 365वां रैंक प्राप्त कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे साहिबगंज में खुशी और गर्व का माहौल है। अपनी सफलता के उपरांत निहारिका सिन्हा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त हेमंत सती से शिष्टाचार मुलाकात की। इस





अवसर पर उपायुक्त ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनु कुमार मिश्रा ने भी निहारिका को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। साहिबगंज के कुलीपाड़ा निवासी निहारिका सिन्हा एक साधारण परिवार से आती हैं। उनके पिता निरंजन सिन्हा पेशे से दर्जी (टेलर) हैं, जबकि माता शबनम कुमारी स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध के आधार पर एएनएम के रूप में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद निहारिका ने अपने परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। निहारिका शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में सेंट जेवियर्स स्कूल (अंग्रेजी), साहिबगंज से मैट्रिक, वर्ष 2020 में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली रांची से इंटरमीडिएट तथा वर्ष 2023 में सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता से राजनीति शास्त्र में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। वर्ष 2024 में पहले प्रयास में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन हार न मानते हुए दूसरे प्रयास में वर्ष 2025 में 365वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। निहारिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के बेहतर मार्गदर्शन के लिए साहिबगंज में फूलो-झानो डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है।

# अब सिर्फ जवाबी कार्रवाई नहीं, अमेरिका-इजराइल पर लगातार होगा हमला: ईरान

**तेहरान/बेरूत(हि.स.):** पश्चिम एशिया में 12 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान ने चेतावनी दी है कि अब वह केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों के खिलाफ लगातार हमले करेगा। इस कारण वैश्विक तेल बाजार पर बड़ा असर पड़ सकता है और तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी और इजराइली बैंकों के साथ-साथ कई अमेरिकी टेक कंपनियां को भी निशाना बनाने की बात कही है।



लेबनान की लेबनानी ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल (एलबीसीआई) और ईरान की स्थानीय समाचार एजेंसी ने ईरान की राजधानी तेहरान स्थित खातम अल-अनबिया सैन्य कमांन मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फकारी ने बुधवार को कहा कि हालिया हमलों के बाद ईरान अब केवल ‍जवाबी कार्रवाई‍ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अपने दुश्मनों के खिलाफ लगातार हमले करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका तेल की कीमतों को नियंत्रित नहीं कर पाएगा और वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।

प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फकारी ने कहा कि हम अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों तक तेल की एक भी बूंद नहीं पहुंचने देंगे। उनसे जुड़े किसी भी जहाज या टैंकर को वैध टारगेट माना जाएगा। क्षेत्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित होगा। तेल का बैरल 200 डॉलर पर पहुंचने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि तेल की कीमत उस क्षेत्रीय सुरक्षा पर निर्भर करती है जिसे आपने अस्थिर कर दिया है।

दूसरी ओर ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार मध्य पूर्व में अमेरिकी और इजराइली बैंकों के साथ-साथ कई अमेरिकी टेक कंपनियां भी संभावित निशाने पर हो सकती हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पैलंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियों के दफ्तर और एसेट्स को टारगेट किया जा सकता है।

इन कंपनियों की क्षेत्रीय मौजूदगी इजराइल के अलावा खाड़ी के प्रमुख शहरों दुबई और अबू धाबी में भी बताई जाती है। वहीं, ईरान समर्थक आउटलेट्स ने उन स्थानों की सूची जारी करने का दावा किया है जहां इन कंपनियों के कार्यालय या अन्य संसाधन मौजूद हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सूची में मध्य पूर्व में काम कर रही बड़ी अमेरिकी टेक कंपनियों के कई ऑफिस और आधारभूत संरचना शामिल हैं। यह भी कहा गया है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब धीरे-धीरे इंफ्रास्ट्रक्चर की लड़ाई में बदलता जा रहा है, जिसके साथ ईरान के संभावित टारगेट का दायरा बढ़ता जा रहा है।

## काठमांडू में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर, नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

ब्यूरो



**काठमांडू:** राजधानी समेत देश के विभिन्न शहरों और आसपास के जिलों में वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ने के बाद प्रशासन ने नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों से बिगड़ती वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया है। काठमांडू के प्रमुख जिला अधिकारी ईश्वर राज पौडेल ने बुधवार को बताया कि यह परामर्श नागरिकों को सुरक्षा उपाय अपनाने और प्रदूषित हवा के संपर्क को कम करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। प्रशासन की तरफ से छह बिंदुओं वाला अपील-पत्र जारी किया है, जिसमें लोगों से अनुरोध किया गया है कि अत्यंत आवश्यक न हो तो घर से बाहर निकलने से बचें।

इसके अलावा प्रशासन ने नागरिकों से यह भी कहा है कि जहां तक संभव हो, वाहनों का उपयोग कम करें और साझा वाहन या एक साथ यात्रा करने की व्यवस्था अपनाएं, ताकि प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके। इसी तरह लोगों से अपने घरों के आसपास कचरा न जलाने का भी अनुरोध किया है। इसके अलावा उच्च प्रदूषण के समय खुले में खेल-कूद या अन्य बाहरी गतिविधियों से बचने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने खास तौर पर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। ऐसे लोगों को नियमित रूप से सुरक्षात्मक मास्क का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है। प्रमुख जिला अधिकारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ या श्वसन से जुड़ी अन्य समस्याएँ महसूस हों, तो उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र या डॉक्टर से चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। हाल के दिनों में मौसम में बदलाव के कारण नेपाल में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसका प्रभाव खास तौर पर शहरी क्षेत्रों, विशेष रूप से काठमांडू घाटी में अधिक दिखाई दे रहा है।

इसी बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी देशभर के नागरिकों से इस अवधि में सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।काठमांडू पिछले 10 दिनों से लगातार ही विश्व के अति प्रदूषित 5 शहरों की सूची में दूसरे या तीसरे स्थान पर है। फरवरी के आखिरी और मार्च के पहले सप्ताह में यहां का वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है जिसके कारण आम लोगों में स्वास्थ्य समस्या बढ़ने की शिकायत है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर हुए हमले में खामेनेई के दूसरे पुत्र मोजतबा गंभीर चोटों के बावजूद सुरक्षित

**तेहरान(हि.स.):** अमेरिका-इजराइल के ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले दिन 28 फरवरी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के दिवंगत होने के साथ ही उनके दूसरे पुत्र मोजतबा खामेनेई को गहरी चोट आई हैं। इस हमले में अयातुल्ला खामेनेई के साथ परिवार के अनेक सदस्य और सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। इसके बाद मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुना गया। फिलहाल उन्हें सुरक्षित बताया गया है। लंदन के अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बेटे और सरकारी सलाहकार यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार सुबह कहा कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई चोटों के बावजूद सुरक्षित हैं। अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति के पुत्र पेजेशकियन ने कहा, "मैंने खबर सुनी कि मोजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। मेरे कुछ दोस्तों के मोजतबा से संबंध हैं। मैंने उनसे इस बारे में पूछा। उन्होंने मुझे बताया कि भगवान का शुक्र है कि वह सुरक्षित और ठीक हैं। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने 56 वर्षीय मोजतबा खामेनेई को सर्वोच्च नेता चुने जाने के बाद उन्हें रमजान में युद्ध का जाबांज जरूर कहा, पर उनकी चोट का कभी जिक्र नहीं किया। यह भी साफ नहीं हैं कि उनका ठिकाना कहां है। उन्होंने अभी तक राष्ट्र को संबोधित भी नहीं किया। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार मोजतबा खामेनेई ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के पहले दिन ही घायल हो गए थे। तब इस रिपोर्ट पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### दुबई एयरपोर्ट के पास ईरानी ड्रोन हमले में एक भारतीय समेत 4 घायल




**शारजाह(हि.स.):** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार सुबह ईरान के दो ड्रोन हमले में एक भारतीय समेत चार लोग घायल हो गए। तीन अन्य घायलों में एक बांग्लादेश और दो घाना के नागरिक शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना के बावजूद एयरपोर्ट पर वायु परिवहन सामान्य रूप से जारी है। गल्फ न्यूज, खलीज टाइम्स एवं अन्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार सुबह दो ड्रोन गिरने की घटना सामने आई है, जिसमें चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में एक भारतीय, एक बांग्लादेशी और दो घाना के नागरिक हैं। सभी को हल्की चोटें आईं और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई। एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी दुबई एयरपोर्ट्स ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इसके बावजूद वायु परिवहन सेवा सामान्य रूप से जारी है। कुछ दिनों से बंद उड़ानों के बाद 7 मार्च से विमानों का संचालन आंशिक रूप से फिर शुरू कर दिया गया था। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे एयरपोर्ट तभी आएं जब एयरलाइन उनकी फ्लाइट कन्फर्म होने की जानकारी दे दे, क्योंकि शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। इससे पहले एक मार्च को भी एयरपोर्ट के एक कॉन्कोर्स में छोटी घटना हुई थी, जिसमें हल्का नुकसान हुआ था। इमरजेंसी टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया था और चार स्टाफ को हल्की चोट के बाद मेडिकल सहायता दी गई थी। उल्लेखनीय है कि दुबई एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में से एक है। पिछले साल यहां 9.52 करोड़ लोगों ने यात्रा की, जो एयरपोर्ट के इतिहास का सबसे व्यस्त साल रहा।

### बांग्लादेश में नए स्पीकर की तलाश तेज, प्रधानमंत्री तारिक ने पार्टी सांसदों से की चर्चा

**ढाका(हि.स.):** बांग्लादेश की संसद को जल्द ही नया स्पीकर मिलने की उम्मीद है। इस बावत सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता और प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बुधवार को राजधानी के जातीय संसद सचिवालय में सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों के साथ बैठक की। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह बैठक सुबह 11:00 बजे जातीय संसद सचिवालय के वेस्ट ब्लॉक में हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बैठक में सत्तारूढ़ बीएनपी के सांसद शामिल हुए। पार्टी सांसदों की बैठक के आधा घंटे बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी संसदीय दल की बैठक जातीय संसद भवन में सत्तारूढ़ दल के कार्यालय में शुरू हुई है। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री और सदन के नेता तारिक रहमान ने की। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि 13वीं जातीय संसद का स्पीकर कौन बनेगा, इस पर चर्चा जल्द ही खत्म होने की उम्मीद है। स्पीकर पद के लिए बीएनपी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य अब्दुल मोईन खान के नाम पर चर्चा हुई है। मगर उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार दिया। 13वीं संसद का पहला पत्र गुरुवार सुबह 11 बजे शुरू होगा। सदन में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर चुने जाने की उम्मीद है। परंपरा के मुताबिक, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के संबोधन के साथ सत्र की शुरूआत होगी।

## रवि लामिछाने के खिलाफ मामले वापस लेने के फैसले को चुनौती देने वाली रिट पूर्ण पीठ को भेजी गई

ब्यूरो

**काठमांडू:** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम सरकार द्वारा रवि लामिछाने के खिलाफ संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के संबंध में दर्ज मामलों को वापस लेने के निर्णय को चुनौती देने वाली रिट याचिका को अंतिम सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ (फुल बेंच) के पास भेजने का आदेश दिया है।



न्यायाधीश सपना प्रधान मल्ल और श्रीकांत पौडेल की संयुक्त पीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। अदालत ने कहा कि लामिछाने के खिलाफ आरोपों में संशोधन और मामलों को वापस लेने से जुड़े इस मुद्दे पर अब पूर्ण पीठ अंतिम सुनवाई करेगी। यह निर्णय लामिछाने के कुछ कारोबारी साझेदारों पर भी लागू होता है, जिनमें जीबी राई र पूर्व डीआईजी छविलाल जोशी शामिल हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक सुनवाई के बाद अदालत ने इस मामले के अंतिम निपटारे के लिए रिट याचिका को पूर्ण पीठ के पास भेजने का आदेश दिया है। इस याचिका में अदालत से यह आदेश देने की मांग की गई थी कि महान्यायाधिवक्ता (अटॉर्नी जनरल) सविता भंडारी द्वारा आरोप पत्र में संशोधन कर लामिछाने के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने के निर्णय को रोका जाए। लामिछाने के खिलाफ सहकारी ठगी, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले देश की पांच अलग-अलग जिला अदालतों में दर्ज किए गए थे।सरकार के निर्देश पर अटॉर्नी जनरल भंडारी ने 14 जनवरी को लामिछाने के खिलाफ दर्ज दो गंभीर आरोप–संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग–को वापस लेने का निर्णय लिया था।

हालांकि, सहकारी ठगी से जुड़ा मामला अभी भी कायम है, लेकिन माना जा रहा है कि इससे लामिछाने की चुनावी संभावनाओं पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा। यदि संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप वापस ले लिए जाते हैं, तो चितवन-2 से चुनाव जीत चुके लामिछाने के लिए संसद में प्रवेश करने की कानूनी बाधाएँ कम हो जाएंगी। इसके विपरीत यदि ये आरोप कायम रहते हैं, तो चुनाव जीतने के बावजूद लामिछाने सांसद के रूप में शपथग्रहण का कार्य भी नहीं कर पाएंगे।

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे थाईलैंड के मालवाहक जहाज पर हमला

**बैंकॉक(हि.स.):** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के 12वें दिन बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य (होर्मुज स्ट्रेट) से गुजर रहे थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज पर हमला किया गया। जहाज के चालक दल के 23 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने इस घटना में कुल तीन व्यावसायिक जहाजों को निशाना बनाए जाने की बात कही है।




यूकेएमटीओ के मुताबिक इस इलाके में कुल तीन व्यावसायिक जहाजों को निशाना बनाया गया। इनमें एक थाई-रजिस्टर्ड जहाज और दो अन्य जहाज हैं। इस इलाके में पिछले 12 दिनों से वाणिज्यिक मालवाहक जहाज पर कोई हमला नहीं हुआ था। मौजूदा घटना के बाद से समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता फिर बढ़ गई है। फिलहाल हमले के पीछे कौन हैं और घटना की असली वजह क्या थी, इसकी जांच जारी है। चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ और थाईलैंड के स्थानीय मीडिया ने रॉयल थाई नेवी के हवाले से बताया कि बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक थाईलैंड के मालवाहक जहाज पर हमला होने की खबर है। हमले के बाद चालक दल के 20 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है और उन्हें ओमान के खासाब में पहुंचाया गया है, जबकि तीन सदस्य अभी भी जहाज पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव कार्य में मदद कर रहे हैं।

थाई नेवी के मुताबिक हमला जिस जहाज पर हुआ उसका नाम मयूरी नारी है, जो थाईलैंड में रजिस्टर्ड एक बड़ा बल्क कैरियर है और इसका स्वामित्व बैंकॉक स्थित कंपनी प्रेशियस शिपिंग के पास है। इस जहाज के संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा पोर्ट से प्रस्थान करने और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय यह हमला किया गया। फिलहाल, चालक दल के 23 सदस्य सुरक्षित हैं। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट सीट्रेड मैरीटाइम की रिपोर्ट के अनुसार ओमान तट से लगभग 11 नॉटिकल मील दूर एक मालवाहक जहाज किसी अज्ञात वस्तु से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गया था। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया। चालक दल के कुछ सदस्य जहाज पर ही रहकर रिकवरी ऑपरेशन में लगे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि जापान में रजिस्टर्ड जहाज वन मैजेस्टी, जो मित्सुई ओएसके लाइन्स (एमओएल) का है, रास अल खैमाह से लगभग 25 नॉटिकल मील दूर किसी वस्तु से टकराने के बाद उसके ढांचे में लगभग 10 सेंटीमीटर का छेद हो गया। इसके बावजूद जहाज सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ रहा है और चालक दल के सभी लोग सुरक्षित हैं। तीसरा जहाज दुबई से लगभग 50 नॉटिकल मील उत्तर-पश्चिम में किसी वस्तु से टकराया, लेकिन उसके चालक दल के लोग भी सुरक्षित हैं।

### श्रीलंका को ईरानी जहाज 'डेना' के 84 नाविकों के शव एंबेसी को सौंपने का आदेश

**कोलंबो(हि.स.):** श्रीलंका के पास समुद्र में अमेरिकी टारपीडो से डुबोए गए ईरानी जहाज 'डेना' के 84 नाविकों के शव उनके देश भेजने का रास्ता साफ हो गया। यह शव चार मार्च से श्रीलंका के गाले नेशनल अस्पताल में रखे हुए हैं। गाले की चीफ मजिस्ट्रेट समीरा डोडांगोडा ने आज गाले नेशनल हॉस्पिटल के निदेशक को आदेश दिया कि वे हॉस्पिटल में रखे गए 84 ईरानी नाविकों के शव श्रीलंका में ईरान एंबेसी के अधिकारियों को सौंप दें। श्रीलंका के अखबार डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय समयानुसार यह आदेश आज सुबह 11 जारी किया गया। गाले पोर्ट पुलिस ने कोर्ट से इसका आग्रह किया था। सभी शवों को फिलहाल हॉस्पिटल कैंपस में दो मोबाइल कोल्ड स्टोरेज यूनिट में रखा गया है। श्रीलंका के अधिकारियों ने इनके शव देश के दक्षिणी तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी हमले के बाद डूबे एक ईरानी नौसैन्य जहाज से बरामद किए थे। श्रीलंका की इस घोषणा के बाद अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा था कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत 'डेना' को डुबो दिया है। उन्होंने कहा था कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से टॉरपीडो से दुश्मन के जहाज को डुबोने की पहली घटना है। यह जहाज हाल ही में भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास में शामिल हुआ था।

## दुबई में फंसे नेपाली यात्रियों के लिए विशेष विमान भेजने की तैयारी

**काठमांडू(हि.स.):** नेपाल एयरलाइंस कार्पोरेशन (एनएसी) दुबई एयरपोर्ट पर फंसे नेपाली यात्रियों को लाने के लिए विशेष उड़ान भेजेगा। यह विशेष उड़ान बुधवार रात को दुबई के लिए प्रस्थान करेगी।



एनएसी के मुताबिक दुबई एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को लाने के लिए विशेष उड़ान भेजा जाएगा। काठमांडू से दुबई के लिए यह विशेष विमान आज रात 11:15 बजे प्रस्थान करेगा। इस विमान से नेपाल में रुके यात्रियों को दुबई ले जाया जाएगा और दुबई में फंसे यात्रियों को लेकर विमान गुरुवार को नेपाल लौटेगा।

एनएसी के कार्यकारी निर्देशक अमृतमान श्रेष्ठ ने बताया कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद फंसे यात्रियों को लाने के लिए करीब 12 दिन बाद पहली बार दुबई के लिए विशेष उड़ान संचालित की जा रही है। आज रात लगभग 280 यात्री काठमांडू से दुबई पहुंचेंगे। इस विशेष उड़ान का मुख्य उद्देश्य खासकर दुबई में फंसे यात्रियों की सुरक्षित स्वदेश वापसी है।

एनएसी स्पष्ट किया कि 28 फरवरी से 9 मार्च के बीच टिकट खरीद कर भी यात्रा नहीं कर पाने वाले यात्रियों को ही इस विशेष उड़ान में यात्रा करने की अनुमति होगी। साथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे यात्रा से पहले अपने टिकट को एनएसी से पुनः कन्फर्म करवा लें।

### नेपाल में जेन-जी आंदोलन पर जांच आयोग की रिपोर्ट कार्की कैबिनेट में पेश करने की तैयारी

**काठमांडू(हि.स.):** नेपाल में पिछले साल 8-9 सितंबर को हुए जेन-जी आंदोलन की जांच के लिए गठित उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट जल्द ही मंत्रिपरिषद की बैठक में पेश की जाएगी। यह रिपोर्ट कैबिनेट की बैठक के एजेंडे में शामिल की गई है। इसके साथ ही आयोग की सिफारिशों को लागू करने पर भी उसी दिन निर्णय लिया जा सकता है। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार अजय भद्र खनाल के अनुसार अब इस रिपोर्ट को औपचारिक रूप से मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। रिपोर्ट पेश होने के साथ ही सरकार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों पर निर्णय लेने की तैयारी में है। उनका कहना है कि कैबिनेट बैठक बुधवार या गुरुवार को हो सकती है। इस बैठक में रिपोर्ट की मुख्य सिफारिशें, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों पर चर्चा होने की संभावना है। जेन-जी आंदोलन के बाद बनी अंतरिम सरकार ने इस पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए उच्चस्तरीय आयोग का गठन किया था।


## अमेरिका - इजरायल और ईरान के युद्ध की बीच उत्तर कोरिया ने फिर किया क्रूज मिसाइल परीक्षण

**इस्तांबुल/प्योंगयांग(हि.स.):** बीते 12 दिनों से पश्चिम एशिया में चल रहे अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की बीच पूर्वी एशिया में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए क्रूज मिसाइल परीक्षण किया है।

उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने नए युद्धपोत से किए गए इस मिसाइल परीक्षण को वीडियो लिंक के जरिए देखा। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं, जिसे लेकर उत्तर कोरिया ने चेतावनी स्वरूप यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

तुर्किए की सरकारी समाचार संस्था अनाडोलू एजेंसी (एए) और चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया है कि बुधवार को उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए नए विध्वंसक युद्धपोत से क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। सरकारी मीडिया के अनुसार देश के नेता किम जोंग उन ने इस परीक्षण को वीडियो लिंक के जरिए देखा।

केसीएनए के मुताबिक, मिसाइलों को पश्चिमी तट पर नाम्फो के पास मौजूद चो ह्योन डिस्ट्रॉयर से लॉन्च किया गया। मिसाइलों ने पीत सागर (येलो सी) के ऊपर तय रास्ते पर उड़ान भरी और निर्धारित लक्ष्य को



सफलतापूर्वक भेद दिया।

उत्तर कोरिया प्रमुख ने कहा कि हमारे युद्ध रोकने वाले हिस्से में अब उन्नत परिचालन प्रणाली को लगातार तेजी से और प्रभावी ढंग से शामिल किया जा रहा है और देश की परमाणु ताकत ने बहुआयामी संचालन के कई चरण को पार कर लिया है। इस पर खुशी जताते हुए किम जोंग उन कहा कि परीक्षण ने रणनीतिक हथियारों के राष्ट्रीय एकीकृत नियंत्रण प्रणाली की विश्वसनीयता को स्थापित किया, उन्होंने युद्धपोत पर लगी नेवल ऑटोमैटिक गन्स की सैन्य कौशल की जांच करने की जरूरत पर जोर दिया। उत्तर कोरिया ने पिछले हफ़्ते इसके कमीशनिंग से पहले ऐसा ही एक क्रूज मिसाइल परीक्षण किया था।

केसीएनए के अनुसार, किम जोंग उन ने अपनी किशोर बेटी के साथ किसी अज्ञात स्थान से यह परीक्षण देखा। उन्होंने कहा कि देश की परमाणु शक्ति बल अब बहु-आयामी ऑपरेशन के नए चरण में प्रवेश कर चुका है और रणनीतिक हथियारों की क्षमता लगातार बढ़ाई जा रही है।

यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने सोमवार से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास फ्रीडम शील्ड शुरू किया है। उत्तर कोरिया लंबे समय से इन संयुक्त अभ्यासों को हमले की तैयारी बताकर उनकी आलोचना करता रहा है।

सरकारी मीडिया ने यह भी बताया कि हाल ही में उत्तर कोरिया ने दो लंबी दूरी की स्ट्रेटेजिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। ये मिसाइलें लगभग 2 घंटे 50 मिनट तक उड़ान भरने के बाद लक्ष्य तक पहुंचीं। हालांकि उनकी सटीक दूरी का खुलासा नहीं किया गया है।